स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
2 नवंबर, 2026
कार्त्तिक मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 80, अंक - 75, पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



पीवी सिंधू ने जीता हाइलो ओपन का खिताब

मौसम

न्यूनतम तापमान 19

अधिकतम तापमान 29

सूर्यास्त 5.22 सूर्योदय 6.16

खबर एक नज़र

पंजाब में दो विधायकों ने छोड़ी आप

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो विधायकों हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दोनों विधायकों के इस फैसले को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा सनौर विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि चेतन सिंह जौरामाजरा समाना सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी ने एक दिन पहले ही विस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी।

मणिपुर : दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

इंफाल। मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में दो हथियारबंद गुटों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी हुई। इसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की जान चली गई। वहीं, कांगपोकपी जिले में 29 अक्टूबर से लापता दो युवकों के शव रविवार को मिले। दोनों युवक ताफौ कुकी गांव से लापता हुए थे। पहाड़ी इलाके में मिले शवों की पहचान की जा रही है। इस साल मणिपुर में हिंसा से जुड़ी घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है।

कमर्शियल सिलिंडर हुआ महंगा

नई दिल्ली। दिवाली और छठ पूजा से पहले देश के कारोबारियों को महंगाई का एक और झटका लगा है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने एक नवंबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। अलग-अलग शहरों में सिलिंडर के दाम 10 से 12 रुपये तक बढ़े हैं। नई दरें रविवार से देशभर में लागू हो गई हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिली है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

रामलीला मैदान : इंडिया गठबंधन की रैली में गरजे राहुल

ज्ञानेश कुमार को भेजेंगे जेल

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्ष को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतगणना को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भी कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया।



■ मोदी को हटाएंगे : खरगे

राहुल ने कहा कि मैं स्टेज से कहना चाहता हूं। मैं जो कहता हूं वो होता है न। मैंने कोविड-19 के बारे में बोला, सच हुआ। मैं आपको स्टेज से कह रहा हूं कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा। ज्ञानेश कुमार हिंदुस्तान में जेल जाएगा। और अगर यह आम चोरी नहीं है कि किसी ने दुकान से थोड़ी सी छोटी चोरी कर ली। उसके लिए जेल होती है। इन्होंने नॉर्मल चोरी नहीं की है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है। इसको कानूनी गलियारों में रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसे देशद्रोही कहते हैं, इसे ट्रीजन कहते हैं और ज्ञानेश कुमार के बिना न नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनता, न अमित शाह गृह मंत्री बनता। आरएसएस इस देश की सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस सारी की सारी संस्थाएं, जो आपकी हैं, वह नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की नहीं, युवाओं की संस्थाएं हैं। वह इन्होंने कैप्चर कर रखी हैं।

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में 'चोरी सरकारें' हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी हमें डराने के लिए ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि कैसे लड़ना है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी हमें बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वह लोगों के वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं। रामलीला मैदान की रैली में कहा मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- अगर मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बच सकता है।

यूपी में हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट काटे गए



समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ''जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। तबसे सामने आ रहा है कि जनता हमारे साथ जुटना चाहती है। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर है, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे। जो लोग दावा करते थे कि डबल इंजन की सरकार है, उन्हें काशी की जनता ने जवाब दिया है। वे एक बार एक हार से संतुष्ट नहीं थे।''

ईवीएम, लोकतंत्र और संविधान को लूटा



टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रामलीला मैदान से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। ममता ने कहा 'हम हारे नहीं, हराए गए हैं।' उन्होंने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाया कि राज्य इसके कारण प्रभावित हुआ है।

बिहार से वोट चोरी शुरू



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली में वोट चोरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई थी। तेजस्वी ने सरकार पर निशाना साधते हुए उसे 'दो नंबरी' बताया। तेजस्वी के बयान से साफ रहा कि विपक्षी गठबंधन मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को राजनीतिक बहस के केंद्र में रखना चाहता है।



14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए आजम खां

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को रविवार को गाजियाबाद की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। उनकी पेशी को लेकर कोर्ट परिसर के आसपास लोगों और समर्थकों का जमावड़ा लग गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे परिसर में सतर्कता बरती गई। दरअसल, आजम खां को शनिवार को रामपुर जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। यह कार्रवाई मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। ईडी की टीम आजम खां को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए कस्टडी रिमांड की मांग की।

■ गाजियाबाद कोर्ट में किया गया था पेश

नीट विवादः नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली परीक्षा सुधार समिति का कार्यकाल बढ़ा, जनवरी 2027 तक देगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली इस समिति को अब जनवरी 2027 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। पहले समिति को अक्तूबर 2027 तक रिपोर्ट देने का समय दिया गया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, समिति की ओर से विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श की प्रक्रिया अभी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में छह सदस्यीय इस उच्चस्तरीय टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की थी। यह फैसला दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया था। 25 जुलाई को हुए इस प्रदर्शन के बाद तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए समिति गठित करने की घोषणा की थी। समिति को अब तक छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षण संस्थानों, विषय विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं से 50 हजार से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। समिति इन सुझावों के आधार पर परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के उपायों पर विचार कर रही है। समिति ने 2024 में नीट पेपर लीक मामले के बाद केंद्र सरकार की ओर से गठित पैनल के प्रमुख और पूर्व इसरो अध्यक्ष के. राधाकृष्णन से भी चर्चा की है।

'विपक्ष जनादेश न मिलने से हताश'

चंडीगढ़। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को लेकर निशाना साधा और कहा कि जनता का जनादेश नहीं मिलने से हताश कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रही है। नवीन 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर विपक्ष की रैली के जवाब में हरियाणा के रोहतक में मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए प्रायश्चित करने और माफी मांगने के बजाय कांग्रेस दंगे की बरसी पर प्रदर्शन करने निकली है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी को सिख भाइयों के खिलाफ किए गए कृत्यों, नरसंहार और हत्याओं के लिए प्रायश्चित करना चाहिए था और माफी मांगनी चाहिए थी, जो 1984 में इसी दिन हुई थीं। इसके बजाय, आज वे प्रदर्शन करने निकल पड़े हैं।'

■ नितिन नवीन बोले- प्रायश्चित करे कांग्रेस

'ड्रोन-लंबी दूरी के हथियार बदल रहे लड़ाई का स्वरूप'

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कल नए वायुसेना प्रमुख का पद संभाल लिया। आज परेड ग्राउंड में सलामी लेने के बाद वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने कहा, भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। हमारी सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां अभी भी गंभीर बनी हुई हैं।



ड्रोन और लंबी दूरी तक सटीक हमला करने वाले हथियारों जैसी नई तकनीकों और प्रणालियों से युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। नए एयर चीफ ने कहा, भारतीय वायुसेना को अगले दशक में देश की जरूरतों के मुताबिक खुद को तैयार करने के साथ युद्ध लड़ने और जीतने के लिए भी हमेशा तैयार रहना होगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा, 'भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। आज सुबह मैंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उनका साहस हमारे लिए वह मानक है, जिस पर हम खुद को परखेंगे।' उन्होंने कहा, 'मैं एयर चीफ मार्शल एपी सिंह से वायुसेना की कमान संभाल रहा हूं। उनके नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने दिखाया कि सटीक और निर्णायक हवाई ताकत क्या कुछ कर सकती है। मैं उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे पूरी तरह तैयार और मजबूत स्थिति में वायुसेना की जिम्मेदारी सौंपी है।'

■ नए वायुसेना प्रमुख ने कहा- युद्ध जीतने के लिए तैयार रहें

'अर्नब' के बाद अब 'मुरासु' का खतरा

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार को चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो गया। इसके बाद ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बन गया है। इसके तीन नवंबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। आईएमडी ने बताया कि भारत की ओर से नामित चक्रवात 'मुरासु' के बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके तीन नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है, जबकि झोंकों के साथ यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा में दो नवंबर से बारिश शुरू होगी। तीन और चार नवंबर को बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है।

■ बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात, अलर्ट जारी

कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़का : शाह

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में कांग्रेस की रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई, उसी दिन कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत थी। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह लगा था कि शायद राहुल गांधी उस समय छोटे थे या उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा, इसलिए उन्हें इस दिन के महत्व की जानकारी नहीं होगी। लेकिन आयोजित करने की क्या जरूरत थी। भाजपा ने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से अपील की थी कि 1, 2 और 3 नवंबर को रैली आयोजित न की जाए, क्योंकि ये वही दिन हैं जब सिख विरोधी दंगे हुए थे। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब उनके बेटे राहुल गांधी ने उसी दिन दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस से अपील की थी कि 1 से 3 नवंबर के बीच कोई बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम न किया जाए, क्योंकि इससे सिख समुदाय की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी।



■ दिल्ली में रैली आयोजित करने पर उठाए सवाल

'अज्ञानता-डर से पनपती है मनमानी सत्ता'

शिलांग। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने लोकतंत्र और कानून के शासन को मजबूत करने में 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के सहारे पनपती है।मेघालय के री-भोई जिले में 'यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय' (यूएसटीएम) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, जस्टिस भुइयां ने शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संबंध पर जोर देते हुए कहा, 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही कानून के शासन की नींव रखता है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के दम पर फलती-फूलती है।' विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑडिटोरियम में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में कुल 1,469 छात्रों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए गए। 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' की महासचिव पंकज मित्तल ने दीक्षांत समारोह में मुख्य संबोधन दिया। इस समारोह में गुवाहाटी हाई कोर्ट के जज - जस्टिस कल्याण राय सुराना, जस्टिस सौमित्र सैकिया, जस्टिस रॉबिन फूकन, जस्टिस करदक एते और जस्टिस उन्नी कृष्णन नायर के साथ-साथ गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पी.के. डेका भी मौजूद थे।

■ जस्टिस भुइयां ने वैज्ञानिक सोच को बताया जरूरी

'राज धरम तो यहै 'सूर' जो प्रजा न जाहिं सताए'

निर्विवाद तौर पर संसार के सर्वश्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ भगवान श्रीकृष्ण के सौंदर्य–श्रृंगार, लीला–लावण्य और भक्ति–भाव से हिंदी साहित्य को सराबोर करनेवाले सूरदास जी ने दूसरों को दिए जाने वाले उपदेशों पर खुद भी अमल करने और हर हाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने को ही राजनीति और राजधर्म का परम प्राथमिक कर्तव्य बताते हुए लिखा है कि– 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए / तें क्यौं अनीति करें आपुन, जे और अनीति छुड़ाए / राज धरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए / हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।'

इस कसौटी पर परखें तो मौजूदा दौर की सियासी तस्वीर सूरदास की सीख और अपेक्षाओं के उलट न सिर्फ़ 'दूसरों को नसीहत, खुद मियाँ फ़ज़ीहत' वाली दिखाई पड़ती है बल्कि जनहित के प्रति भावनात्मक संवेदनशीलता और जनकल्याण को प्राथमिक जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार करने के ईमानदार दृढ़ संकल्प का भी अभाव नजर आता है। जबकि राजनीतिक दलों को नहीं भूलना चाहिए कि जनता केवल चुनावी सभाओं में जुटने वाली भीड़ नहीं बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों, जिम्मेदारियों और परेशानियों से जूझने वाला समाज है जिसकी सुविधा, समय और आर्थिक हितों की रक्षा भी राजनीति की जवाबदेही का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन विडंबना है कि जनहित के प्रति जिम्मेदारी और संवेदना को ताक पर रखकर पक्ष–प्रतिपक्ष द्वारा सड़क पर शक्ति प्रदर्शन करके अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे समय और तरीके का चयन किया गया है जब धनतेरस से लेकर देवोत्थान एकादशी तक का साल का सबसे बड़ा और पावन त्योहारी पखवाड़ा मनाने की तैयारियों और खरीदारियों में हर व्यक्ति, हर परिवार और पूरा समाज अपनी-अपनी सामर्थ्य एवं भावनाओं के अनुसार व्यस्त और उलझा हुआ है। बेशक, लोकतंत्र में सरकार की नीतियों का विरोध और जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है। इसी तरह सरकार को भी अपने निर्णयों का बचाव और विरोधियों की असली मंशा का खुलासा करने का अधिकार है। लेकिन, समस्या तब होती है जब राजनीतिक संघर्ष में जनसुविधा पीछे छूट जाती है और सड़कें लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के बहाने शक्ति प्रदर्शन और सियासी तांडव का रंगमंच बन जाती हैं। सवाल यह नहीं है कि पक्ष-विपक्ष की ओर से जिन मुद्दों को तूल दिया जा रहा है और आम जनमानस को अपने पक्ष में लामबंद करके अधिकतम जनसमर्थन जुटाने का प्रयास हो रहा है वह कितना सही और कितना गलत है? उसमें कितनी वास्तविकता है और कितना छल–छद्म है? वह कितना प्रभावशाली और कितना बेमानी है? असली सवाल है कि राजनीतिक दल अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिस जनता के नाम पर राजनीति कर रहे हैं उसी जनता को अपनी राजनीति की कीमत चुकाने के लिए विवश करना उचित है क्या? क्या जनहित के मुद्दों को उठाने वाले दल जनता के समय, श्रम और आजीविका के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हैं जितने उसके समर्थन और सहानुभूति के प्रति? लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके साथ सार्वजनिक व्यवस्था, कानून और दूसरों के अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी भी तो जुड़ी हुई है। बहरहाल, राजनीति पूरे साल हो सकती है और कानूनी व संवैधानिक दायरे में रहते हुए अपनी बात रखने का तरीका और सलीका भी मनचाहा अपनाया जा सकता है। लेकिन इसमें समय और परिस्थिति के साथ ही जनसुविधाओं और समाज की सहूलियत के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव हो तो सियासत का सकारात्मक पहलू समाज के समक्ष प्रदर्शित होगा जिससे भावनात्मक जनजुड़ाव में भी इजाफा होगा। इस परिप्रेक्ष्य में रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि वृंद की यह सीख विचारणीय है कि 'नीकी पै फीकी लगै, बिनु अवसर की बात। जैसे बरनत युद्ध में, रस सिंगार न सुहात॥

जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।



नज़र और नज़रिया - नवकांत ठाकुर

गोरखपुर आसपास

आठ वर्षीय मासूम पर पलटा ई-रिक्शा, मौत

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

हाटा, कुशीनगर। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के वरसैना गांव में शनिवार शाम ई-रिक्शा पलटने से मलबे के नीचे दबकर आठ वर्षीय राजबीर सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। शनिवार शाम करीब पांच बजे प्लाई लादकर जा रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान पास में खेल रहा बृजमोहन सिंह का इकलौता बेटा राजबीर उसकी चपेट में आ गया। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजबीर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और दो बहनों का छोटा भाई था। पिता बृजमोहन राजस्थान में पेंट का काम करते हैं और बेटे की मौत की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं। अहिरौली थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया गया है।

दुकानों पर बेची जा रही जल मिश्रित शराब

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। कच्ची शराब के लिए जाना जाने वाला आबकारी विभाग की मेहरबानी ने शौकीनों के लूट का नया रास्ता खोल दिया है। इसे विभागीय लापरवाही कहें अथवा सेटिंग जिसके चलते लाइसेंसी दुकानों पर भी अवैध ढंग से शराब बिक्री की जा रही है। इसका खुलासा मुंडेरवा में संचालित एक दुकान पर हुआ, जहां पुलिस और आबकारी विभाग की छापेमारी में अंग्रेजी शराब की ब्रांडेड बोतलों में जल मिश्रित शराब पाई गई है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इस गोलमाल के उजागर होने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि जिले में आबकारी विभाग पूरी तरह लापरवाह है। वह न तो कच्ची शराब के निष्कर्षण और बिक्री पर रोक लगा पा रहा है, और न ही लाइसेंसी दुकानों पर होने वाले अवैध बिक्री को रोक पा रहा है। जनपद में अवैध शराब के काले कारोबार को रोक पाने में नाकाम आबकारी महकमा लाइसेंसी दुकानों पर भी नियंत्रण नहीं रख पा रहा है। सूत्र बताते हैं इसका कारण



विभागीय सेटिंग हैं। खबर तो यह भी है कि आबकारी विभाग के आला अफसर कमरों में बैठकर जिले में लाइसेंसी दुकानों पर नियंत्रण का दावा करते हैं और कागजों में खेल कर कच्ची शराब के धन्धे को समाप्त करने का दम भर रहे हैं मगर हालात इसके उलट है। जिले में कच्ची शराब का धंधा खूब फल फूल रहा है। पहले तो माझा क्षेत्र में शराब के निष्कर्षण का काम होता था, मगर अब तो आबकारी विभाग की मेहरबानी से जिले की सीमावर्ती नदियों के किनारे इस धंधे को खूब रंग मिल गया है। विभाग की मेहरबानी से जिले में गोण्डा से भी कच्ची शराब की खेप आ रही है। अब तो लाइसेंसी दुकानों पर भी मिलावट का धंधा खूब फल फूल रहा है इसका खुलासा तब हुआ जब अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुंडेरवा स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान पर छापेमारी की। जांच के दौरान दुकान से विभिन्न ब्रांडों की जलमिश्रित अंग्रेजी शराब के अद्धे और पौवे बरामद हुए। टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान दुकान से गोल्डन जायसवाल और शिवम को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी बलरामपुर जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। कार्रवाई के दौरान शराब की बिक्री से प्राप्त 30,020 रुपये नकद भी बरामद किए गए।

29 अक्टूबर को थानाध्यक्ष मुंडेरवा विश्वमोहन राय और आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार ने आबकारी टीम के साथ दुकान के निरीक्षण के दौरान जांच में 8 पीएम, रॉयल स्टैग, आइकॉनिक और आफ्टर डार्क सहित विभिन्न ब्रांडों की शराब के अद्धे एवं पौवे बरामद हुए। बरामद शराब को नमूना सील कर सर्वमुहर के साथ कब्जे में लिया गया।

इस मामले में मुंडेरवा थाने पर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/ 64 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 और 319 के तहत कार्रवाई करते हुए विवेचना की जा रही है।

वाहनों की नीलामी आज

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

पटहेरवा। पटहेरवा थाने के परिसर में लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों की नीलामी सोमवार , 2 नवम्बर को कराई जाएगी। न्यायालय के आदेश पर राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें कुल 12 वाहनों को शामिल किया गया है। पटहेरवा पुलिस के अनुसार, विभिन्न मामलों में पकड़े गए इन वाहनों को न्यायालय के आदेश के बाद नीलाम किया जा रहा है। नीलामी में पांच मोटरसाइकिल, पांच टेंपो, एक टाटा सूमो और एक वैन शामिल हैं। लंबे समय से थाने परिसर में खड़े इन वाहनों की नीलामी निर्धारित नियमों के तहत कराई जाएगी। थाने के दीवान रामचन्द्र यादव ने बताया कि 2 नवम्बर दिन सोमवार को थाने परिसर में राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में वाहनों की नीलामी होगी। पुलिस ने नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों से आवश्यक जानकारी के लिए थाने पर संपर्क करने की अपील की है।

क्रेटा से अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

महराजगंज। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध शराब तस्करी के प्रयास को नौतनवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने विफल कर दिया। टीम ने बैरियहवा पुल के पास घेराबंदी कर क्रेटा कार से 648 बोतल ओल्ड मंक रम बरामद की। मौके से हरियाणा, दिल्ली और नेपाल के रहने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। शराब तस्करी में इस्तेमाल क्रेटा कार भी जब्त कर ली गई।

अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह के नेतृत्व में एक नवंबर को मुखबिर की सूचना पर नौतनवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम बैरियहवा पुल के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध क्रेटा कार संख्या यूपी 23 एडब्ल्यू 6249 को रोककर तलाशी ली गई। कार में रखे नीले रंग के नौ बैग से 648 बोतल ओल्ड मंक रम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा के रेवाड़ी जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित रामसिंह पुरा निवासी हरिओम प्रजापति (27), दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सागरपुर निवासी मनीष कुमार (24) तथा नेपाल के कास्की जिले के निवासी और वर्तमान में पश्चिम विहार दिल्ली में रह रहे विजय भुजील (34) के रूप में हुई है। इस मामले में थाना नौतनवा में मु.अ.सं. 215/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश सहसंयोजक का हुआ सम्मान

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

महराजगंज। भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश का प्रदेश सहसंयोजक बनाए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शांति शरण मिश्र का विद्यार्थी परिषद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान उन्हें माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की ओर से डॉ. मिश्र को नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। डॉ. मिश्र विद्यार्थी परिषद में जिला प्रमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री तथा भाजपा में जिला मीडिया प्रभारी सहित कई संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियां



निभाई हैं।

सम्मान समारोह में डॉ. शांति शरण मिश्र ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उनके सार्वजनिक जीवन की आधारशिला रही है। परिषद के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने ज्ञान, शील और एकता के आदर्शों को आत्मसात किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी और संगठन के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। शिक्षक प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश के शिक्षक समाज के बीच संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री दीपक पटेल, बस्ती विभाग के विभाग संगठन मंत्री रामरमन, पूर्व जिला प्रमुख मयंक मणि त्रिपाठी, प्रभात पटेल, मिथलेश और दीपक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

महराजगंज। आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर दिलाने के उद्देश्य से रविवार को जिला उद्योग चौराहा स्थित श्रीबालाजी लॉन में मेगा विधिक सेवा एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10.30 बजे आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों ने फीता काटकर किया। शिविर के माध्यम से 1923 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया, जबकि प्री-कैंप और मेगा कैंप के दौरान कुल 2900 पात्र लोगों को चिह्नित किया गया।

शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। इस दौरान लोगों को उनके विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, कृषि, उद्यान, पशुपालन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए।

सरदार पटेल होना आसान नहीं : डॉ. वीके

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। पटेल एसएमएच हास्पिटल गोटवा में भारतीय कुर्मी महासभा जिलाध्यक्ष डा वीके वर्मा के संयोजन में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन कर योगदान पर विमर्श किया गया।

महासभा जिलाध्यक्ष डा वीके वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल स्वतन्त्र भारत के महान दूरदर्शी राजनेता प्रशासक होने के साथ ही वे प्रतिष्ठित वकील, बैरिस्टर तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी थे जिन्होंने आजादी के पश्चात 1947 से 1950 तक भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की भूमिका निभाई। सरदार पटेल होना आसान नहीं है। एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे सरदार पटेल। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आरके सिंह पटेल, मस्तराम वर्मा, बद्री प्रसाद चौधरी, अशोक कुमार वर्मा, केसी पटेल ने कहा कि बारदोली सत्याग्रह ने सरदार पटेल



को 'गुजरात के नायक' तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रखर नेता के रूप उभारा। भारत की संविधान सभा में वरिष्ठ सदस्य होने के नाते सरदार पटेल संविधान को आकार देने वाले प्रमुख नेताओं में से एक थे। वे प्रांतीय संविधान समितियों के अध्यक्ष थे। उनके योगदान से नई पीढी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

गोष्ठी में घनश्याम चौधरी, प्रमोद चौधरी, मायाराम चौधरी, अजय चौधरी, कृपाशंकर चौधरी, विद्यासागर चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, डा श्याम नरायन चौधरी, मंशाराम चौधरी के साथ ही हास्पिटल के अनेक चिकित्सक शामिल रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक कल

बस्ती (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था ने संगठन के समस्त पदाधिकारियों को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती की आगामी मासिक बैठक 3 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय बस्ती में संस्था के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती की अध्यक्षता में आहूत किया गया है। उक्त बैठक में प्रांतीय अधिवेशन में प्रतिभाग करने पर भी विचार किया जाएगा, जिसमें समस्त साथियों से निवेदन किया गया है कि उक्त बैठक में समय से पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के मंत्री बद्री प्रसाद चौधरी ने दी है।

एनपीसी की कार्यकारिणी भंग, चुनाव नवंबर में

बस्ती (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। नेशनल प्रेस क्लब बस्ती मंडल की जिला कमेटी (तदर्थ) को संरक्षक अशोक श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। उन्होने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की रचना के उपरांत संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक छः माह के लिए तदर्थ कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी का कार्यकाल काफी पहले समाप्त हो गया है। ऐसे में नई कार्यकारिणी का चुनाव प्रक्रिया के तहत गठन किया जाना है। संरक्षक अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि नवंबर के आखिरी हफ्ते में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी, तब तक सारा सांगठनिक दायित्व स्वयं संरक्षक का होगा।

हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का हुआ शुभारंभ

बस्ती (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के साथ शास्त्री चौक पर यातायात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी के साथ उन्होने यातायात माह 2026 का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के साथ ही समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सभी ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि नवंबर माह यातायात पुलिस कर्मियों तथा जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच विशेष जागरूकता सत्र आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जाएगा, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी तथा उनका पालन करने की अपील भी की जाएगी। यातायात माह के आरंभ पर आमजन से दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट अवश्य पहनने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठकर यात्रा न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों का संचालन न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, सड़क पर सदैव अपने बाएं चलने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की गई।

प्रदेश अध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं, दिये निर्देश

महराजगंज (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 62 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उनके निस्तारण की कार्रवाई कराई। महराजगंज स्थित उनके आवास के कैंप कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, नंदकिशोर तिवारी, जीयन प्रसाद खटिक, सतीश चौहान, रेहाना और रीता सहित 62 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं।

उन्नतशील बीजों का प्रयोग जरूरी

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

हाटा, कुशीनगर। नगर के एक मैरिज हॉल में रविवार को पान सीड्स के तत्वावधान में एक भव्य कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना रहा, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में वृद्धि हो सके।

मुख्य अतिथि उपस्थित कृषि वैज्ञानिक विवेक खिरवार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान तभी खुशहाल हो सकता है, जब वह खेती में बेहतर उत्पादन प्राप्त करेगा। यह तभी संभव है जब वह पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर उन्नतशील बीजों का प्रयोग करेगा। उन्होंने चिंता जताई कि अधिकतर किसान आज भी पारंपरिक खेती को ही अधिक महत्व देते हैं, जिस कारण वे अपेक्षाकृत बेहतर उत्पादन हासिल नहीं कर पाते। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे वैज्ञानिक खेती की



तरफ ध्यान दें, जिसमें उन्नत बीजों के साथ-साथ संतुलित उर्वरकों का उपयोग करना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद दूसरे कृषि वैज्ञानिक हिमांशु शाह ने फसलों में लगने वाले खरपतवारों के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि खेतों में उगने वाले अनावश्यक खरपतवारों के चलते फसल का उत्पादन भारी मात्रा में प्रभावित होता है। इसलिए किसानों को समय रहते इन खरपतवारों की रोकथाम के लिए उचित उपाय और वैज्ञानिक तकनीक अपनाने की आवश्यकता है।

गोष्ठी के अंत में किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों से खेती से जुड़ी अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस दौरान पान सीड्स के प्रवीण कुमार वरनवाल, दुर्गाचरण वरनवाल, हरिकिशुन, नागेंद्र सिंह, हरदेव सिंह, बाल्मीकि वरनवाल, नन्हे उपाध्याय, अरविंद और सागर सिंह सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

टॉपर्स विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बस्ती। विद्यार्थियों की प्रतिभा को सम्मान देने और उन्हें पढ़ाई के साथ साथ व्यावहारिक एवं ऐतिहासिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में यूनीक साइंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने हाईस्कूल परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधाविर्यों को विद्यालय के डायरेक्टर संतोष श्रीवास्तव की ओर से निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण पर कुशीनगर भेजा गया। इस पहल का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रधानाचार्य राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उनके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक ज्ञान को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली, मंदिर सहित कुशीनगर के विभिन्न ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया।

प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने किया हंगामा

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

हाटा, कुशीनगर। नगर में शादी की जिद को लेकर एक युवती ने लगातार दूसरे दिन जमकर हंगामा किया। शनिवार को छत से कूदने की धमकी देने वाली युवती रविवार दोपहर प्रेमी की दुकान पर पहुंच गई और ग्राहकों को भगाने लगी। सूचना मिलते ही युवक के घर की महिलाएं भी वहां पहुंच गईं, जिससे दोनों पक्षों में तीखी नोकझोक हुई।

नगर पालिका के एक वार्ड में मामा के घर रहने वाली 21 वर्षीय युवती का संपर्क क्षेत्र के ही एक कपड़ा व्यवसायी युवक से हुआ था। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए, लेकिन जब उसने दबाव डाला तो वह मुकर गया। दो सप्ताह पहले युवती ने कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन बाद में उसने न्यायालय में युवक के पक्ष में बयान दे दिया।

रविवार को एक बार फिर प्रेमिका के दुकान पर पहुंचने से बाजार में अफरातफरी मच गई और कुछ देर तक हंगामा होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को दोबारा थाने ले आई।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि युवती युवक से शादी करना चाहती है, जबकि युवक के परिजन इसके लिए तैयार नहीं हैं। मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

राष्ट्रीय रॉकेट्री प्रतियोगिता में पहले दिन 20 कैनसैट लॉन्च

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

कुशीनगर। नारायणी नदी के तट पर पिपराघाट में रविवार को इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री और कैन-7यूसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2026 की शुरुआत हुई। पहले दिन विभिन्न टीमों के बनाए 20 कैनसैट लॉन्च किए गए। वहीं, मॉडल रॉकेट्री श्रेणी में अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी ने पहला मॉडल रॉकेट लॉन्च किया। 3 नवंबर तक चलने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 17 राज्यों की 76 चयनित टीमें हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने इसरो और श्रीनारायणी साइंस डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से इसका आयोजन किया है। उद्घाटन समारोह में

लोकसभा क्षेत्र देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार गोयनका, निदेशक (प्रमोशन) डॉ. विनोद कुमार, इसरो के पूर्व एसोसिएट रॉय एम. चेरियन, कैनसैट मूल्यांकन समिति के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र पाल और स्थानीय आयोजक संस्था एसएसडीएफ के निदेशक मनीष बजाज सहित विभिन्न संस्थानों के शिक्षक, मार्गदर्शक और प्रतिभागी मौजूद रहे।

इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार गोयनका ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से बदलाव आया है। वर्ष 2019 में देश में केवल 14 स्पेस स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब 450 से अधिक हो गई है। इससे युवाओं के लिए अंतरिक्ष यात्री बनने, प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने, उपग्रह आंकड़ों पर आधारित अनुप्रयोग तैयार करने और अपना उद्यम शुरू करने जैसे अवसर खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास उनकी तैयारी को दर्शाता है। यहां मिलने वाला



व्यावहारिक अनुभव कक्षा की पढ़ाई से आगे की सीख देता है।

सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक का लाभ केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे देश के छोटे शहरों और टियर-2 तथा टियर-3 जिलों तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि रॉकेट या कैनसैट के प्रयोग में असफलता मिलने पर निराश होने के बजाय उससे सीखकर आगे बढ़ें। धैर्य, टीमवर्क और लगातार प्रयास ही भविष्य के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और उद्यमियों की पहचान बनेंगे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर और देवरिया जैसे क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन स्थानीय युवाओं को नई संभावनाओं से परिचित कराने का माध्यम है।

इन-स्पेस के निदेशक (प्रमोशन) डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि मॉडल रॉकेट्री प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण और कैनसैट इंडिया प्रतियोगिता के चौथे संस्करण के लिए पंजीकरण 1 दिसंबर 2026 से शुरू होंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 10 ट्रॉफियां दी जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को करियर के अवसरों से जोड़ने के लिए आयोजन के साथ रोजगार मेले में चार स्पेस कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने इन-स्पेस, इसरो, एनएएल, थ्रस्टेक इंडिया, एसएसडीएफ, बरगद अमृत संगठन सहित आयोजन में सहयोग देने वाली संस्थाओं और निर्णायक मंडल के सदस्यों का आभार जताया।

डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक इंजीनियरिंग चुनौतियों पर काम करने का अवसर देती हैं। इससे उनमें तकनीकी क्षमता, समस्या समाधान और टीम के साथ काम करने का कौशल विकसित होता है।

स्थानीय आयोजक संस्था श्रीनारायणी साइंस डेवलपमेंट फाउंडेशन के निदेशक मनीष बजाज ने प्रतिभागी टीमों, उनके शिक्षकों और मार्गदर्शकों का स्वागत करते हुए आयोजन में सहयोग देने वाली संस्थाओं और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्थानीय स्तर पर जुटी टीम के योगदान को भी रेखांकित किया।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार, 02 नवम्बर, 2026

किसानों के नुकसान की होगी भरपाई : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौरीचौरा में भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज के उद्घाटन सहित 287.56 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आश्वस्त किया कि साइक्लोन के कारण असमय बरसात, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई सरकार पैकेज लाकर करेगी। उन्होंने कहा कि हमने इसका मुआवजा तो दिया है, लेकिन मैं मानता हूं कि यह नाकाफी है। अन्नदाता किसान को जो नुकसान हुआ है, डबल इंजन की सरकार उसकी पूरी भरपाई करने का काम करेगी। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि पूरा सर्वे कर लीजिए, तात्कालिक मुआवजा दीजिए। हम एक नया पैकेज अन्नदाता किसानों के लिए लाएंगे, जिसके माध्यम से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।

सीएम योगी रविवार को चौरीचौरा में 59.44 करोड़ रुपये से बने भोपा बाजार (समपार संख्या 147बी) रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करने के साथ ही 287.56 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने अपनी सरकार में उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था। सपा सरकार अपराध बढ़ाती थी, जबकि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर किया। सपा सरकार लूटपाट करने को बदमाश पालती थी, जबकि भाजपा सरकार ने विकास के जरिये बदलाव करके दिखा दिया है। उत्तर प्रदेश अब पतन और शोषण की नहीं, प्रगति व संस्कृति की धरती बन गई है। अब यहां कर्फ्यू, उपद्रव या दंगा नहीं, उत्सव होता है। अखिलेश यादव के समय बाहरी लोग यूपी का नाम सुनकर सौ कोस दूर भागते थे। आज यूपी वालों की आवभगत व सम्मान किया जाता है।

सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश बदल चुका है और भारत दुनिया में नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। यह नया भारत है, जहां 140 करोड़ भारतवासी मोदी जी के नेतृत्व में गौरव की अनुभूति करते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 वर्ष में 46 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर सामान्य जीवनयापन का अवसर मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज का नाम शहीद स्मारक ओवरब्रिज के रूप में ही होना चाहिए। उन्होंने ओवरब्रिज के लिए कमलेश पासवान, संगीता यादव, जयप्रकाश निषाद और सरवन निषाद के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

तरकुलहा देवी के उपासक बंधु सिंह ने अंग्रेज सरकार की चूलें हिलाईं

सीएम ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार ने मां तरकुलहा देवी के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि अवमुक्त कराई। जब हम तरकुलहा देवी की बात करते हैं तो बाबू बंधु सिंह का भी स्मरण करते हैं।

समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से उबारकर विकसित राज्य बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उन्होंने दिनरात एक करके उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। सीएम योगी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में यूपी के गांव-गांव तक विकास के कार्य पहुंचे हैं। भोपा बाजार में रेल ओवरब्रिज की मांग वर्षों पुरानी थी, जिसे सीएम योगी ने पूरा किया है। उन्होंने जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का मुंह तोड़ जवाब देने और तीसरी बार योगी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने का आह्वान किया।

प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पैमाने पर तेजी से आगे बढ़कर पूरे देश में एक मॉडल प्रदेश बना है। जिस तरह चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना के जरिये अमर बलिदानियों ने अंग्रेजों को देश से भगाने में योगदान दिया था, उसी तरह सीएम योगी ने प्रदेश से राजनीतिक लुटेरों को भगाने का काम किया है। जो काम सत्तर वर्षों में नहीं हुआ था, उसे डबल इंजन सरकार ने संभव कर दिखाया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में जीवन को सुगम बनाने वाली विभिन्न परियोजनाओं की सौगात मिलने से विकास की गंगा बही है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद संगीता यादव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, पूर्व राज्यसभा सांसद जयप्रकाश निषाद, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, सुमन यादव, सनी जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने फीता काटकर और बटन दबाकर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद पैदल चलकर उन्होंने ओवरब्रिज का निरीक्षण किया।

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी चौरीचौरा शहीद स्मारक पहुंचे। यहां उन्होंने चौरीचौरा के ऐतिहासिक घटना के अमर बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के मंच पर सीएम योगी ने शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित भी किया। कृषि विभाग की योजना के लाभार्थी रामबचन, अशोक सिंह, राजमंगल, मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी शीला देवी, ऊषा देवी, जीरो पॉवर्टी की लाभार्थी गुंजा देवी, सुनीता देवी और औद्योगिक प्रगतिशील कृषक रामप्रीत, देवेंद्र प्रताप, रामबचन मौर्य व रामलला को सीएम योगी के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।







घबराइए मत, उपचार में नहीं आने देंगे कोई दिक्कत : सीएम

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने मस्तिष्क आघात से पीड़ित पति के ऑपरेशन में मदद का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने महिला से उसके पति के अब तक हुए उपचार की जानकारी ली और पूरे सहयोग का भरोसा देते हुए कहा- 'घबराइए मत, आपके पति के उपचार में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। इसके लिए विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी।'

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आई एक अन्य बीमार महिला को समुचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रविवार को जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक जाकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।



अज्ञात शरारती तत्वों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

सहजनवां, गोरखपुर। गौडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा में 30 अक्टूबर की रात्रि में 9.30 बजे के करीब निर्माणाधीन अस्पताल में मजदूरी कर श्रमिकों को मारपीट कर घायल कर फरार हो गये। पुलिस ने अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हरिश्चंद्र पांडेय पुत्र स्व श्रीनाथ पांडेय निवासी भरवलिया तारामंडल गोरखपुर जो बाघागाड़ा में अस्पताल का निर्माण करा रहे है। 30 अक्टूबर को रात्रि में9.30 बजे के करीब अज्ञात शरारती तत्वों ने श्रमिकों के ऊपर लोहे की रॉड,सरिया, लाठी डंडे से हमला कर दिए थे। जिसमें अयोध्या मिश्र, मिराज गम्भीर रूप से घायल होते हुए बेहोश हो गए थे। बचाव करने पहुंचे गोरख पासवान को भी मारा पीटा गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। आसरा फाउंडेशन के तत्वावधान में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब सभागार में रविवार को शक्ति से सृष्टि तक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व मेयर डॉ. सत्या पाण्डेय ने की, जबकि मंच संचालन कवयित्री डॉ. सरिता सिंह ने कुशलतापूर्वक संभाला। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नारी शक्ति के रूप में आर. एन. सैमुअल, एकता महेश्वरी, सुनीता सिंह, सीमा शुक्ला, ऋतु शाही, पुष्पलता, सरिता सिंह, डॉ. रेनु मोहन, शशि नवेद और बबिता त्रिपाठी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अतिथियों द्वारा पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

समारोह के दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेश राज ने की। कवियों ने अपनी ओजस्वी और



भावपूर्ण रचनाओं से सभागार में मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल कवयित्री आकृति त्रिपाठी ने अपनी कविता के माध्यम से समाज में महिलाओं की पूर्व और वर्तमान स्थिति पर मार्मिक प्रकाश डाला। वहीं मशहूर शायर वसीम मज़हर ने ÷हमारा हिंदुस्तान कैसा है÷ विषय पर अपनी शानदार रचना पेश कर पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, महेंद्र अग्रवाल, अमरनाथ पाण्डेय, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष डॉ. अरविंद राय तथा गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष ओंकारधर द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक व आसरा फाउंडेशन की ट्रस्टी कंचन त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगठन एक परिवार की तरह है और वह इसके लिए हमेशा समर्पित रहेंगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, कवियों और नारी शक्ति का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नौकरी दिलाने के नाम पर 8.50 लाख हड़पा, केस

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

सहजनवां, गोरखपुर। गौरी बाजार जिला देवरिया के इंदुपर निवासी एक शख्श से जालसाजों ने वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 8.50 लाख रुपया हड़प लिया था। रकम मांगने में जालसाजों ने उसे जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से दीपू शर्मा पुत्र प्रभुनाथ शर्मा निवासी इंद्रपुर थाना गौरी बाजार जिला देवरिया निवासी पीड़ित से जालसाजों ने वन विभाग मध्य प्रदेश में वन रक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर 8.50 लाख रुपया लिया थे। इन जालसाजों द्वारा फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया था। नौकरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने दिया गया रुपया मांगा। तो आरोपी गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक राज, शनि राज निवासी डुमरी थाना सहजनवां, दिव्य प्रकाश सिंह निवासी बांसगांव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

छात्र सम्मेलन में आयेंगे देश-विदेश के छात्र

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , गोरखपुर में आगामी 21 एवं 22 नवंबर, 2026 को आयोजित होने वाले पुरातन छात्र सम्मेलन को भव्य, गरिमामय एवं यादगार बनाने के लिए तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत, वर्तमान उपलब्धियों तथा उज्ज्वल भविष्य को एक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र-छात्राओं को अपने मातृ संस्थान से पुनः जुड़ने, पुरानी स्मृतियों को साझा करने तथा संस्थान की प्रगति में सक्रिय सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, पुरातन छात्र संबंध प्रो. बी.के. पांडेय की अध्यक्षता में दिनांक 31 अक्टूबर, 2026 को सम्मेलन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों के संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी समितियों के संयोजकों ने उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों के सापेक्ष अब तक की गई तैयारियों, व्यवस्थाओं की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना से अधिष्ठाता को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने तथा आयोजन को सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं प्रभावशाली बनाने पर विशेष बल दिया गया।

इस वर्ष के पुरातन छात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के वर्ष 1983 बैच के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के गौरवशाली पुरातन छात्र रिलायंस जिओ के अध्यक्ष इंजीनियर उदय कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। वहीं, विशिष्ट अतिथियों के रूप में वर्ष 1990 बैच के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के पुरातन छात्र एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ,श्रेष्ठहरू इंजीनियर डाक्टर संजय गंभीर तथा 1990 बैच के ही पुरातन छात्र इंजीनियर मोहम्मद अशफाक डायरेक्टर हलस्रु भी सहभागिता करेंगे।

सम्मेलन को लेकर पुरातन छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह एवं आकर्षण देखने को मिल रहा है। अब तक 70 से अधिक पुरातन छात्र-छात्राएँ सम्मेलन में सहभागिता हेतु अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उम्मीद है कि आगामी दिनों में पंजीकरण की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों, शैक्षणिक संगठनों एवं उद्योगों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत विश्वविद्यालय के अनेक पुरातन छात्र इस आयोजन में सम्मिलित होंगे।

छट घाटों की हुई साफ-सफाई व निरीक्षण

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

बड़हलगंज। आस्था, विश्वास और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। छठ पर्व को लेकर नगर के घाटों की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए कार्य तेजी से कराया जा रहा है। रविवार को चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने अपने साथियों के साथ नगर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रहे साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित कार्यों का जायजा लिया और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर महेश उमर ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन चेयरमैन डॉ. प्रीति महेश उमर के नेतृत्व और चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में छठ महापर्व को पूरी सुरक्षा, भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न कराने के लिए



संकल्पित है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान सभासद दीपक शर्मा, राजकुमार निगम, पुरुषोत्तम जायसवाल, अमरनाथ उमर, पवन यादव, एडवोकेट शिवम गुप्ता, शिवम सोनी, संजय पटवा, परमात्मा पटवा, हिमांशू गौड़, उमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भारत की पहली बुलेट ट्रेन का हुआ निर्माण

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

गोरखपुर। भारत में बनी यह बुलेट ट्रेन, देश की अपनी हाई-स्पीड रेल तकनीक की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए बेंगलुरु, कर्नाटक (भारत) स्थित बीईएमएल की फैसिलिटी में तैयार किया जा रहा है।

एडवांस्ड इंजीनियरिंग और स्वदेशी विशेषज्ञता को मिलाकर बनाई गई यह ट्रेन, भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल है। इसे यात्रियों के आराम और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

यह ट्रेन 280 किमी/घंटा की अधिकतम टेस्ट स्पीड और 249 किमी/घंटा की ऑपरेशनल स्पीड है इस ट्रेन की कुल लंबाई लगभग 202 मीटर, इसमें 8 कोच हैं, जिनमें 4 मोटर कोच और 4 ट्रेलर कोच शामिल हैं लगभग 557 यात्रियों के बैठने की क्षमता, जिसमें दिव्यांगजनों या कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के लिए 2 सीटें शामिल हैं ट्रेन में 3म2 सीटिंग अरेंजमेंट वाले सात स्टैंडर्ड-क्लास कोच और 2म2 सीटिंग अरेंजमेंट वाला एक एग्जीक्यूटिव-क्लास कोच है दोनों तरफ ड्राइवर कैब हैं, जो इंटेलिजेंट ऑन-बोर्ड कंट्रोल सिस्टम से लैस हैं। इससे तुरंत फैसले लेने और ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर के साथ बेहतर तालमेल बिठाने में मदद मिलती है।



भविष्य की जरूरतों के अनुसार, दो 8-कोच वाली ट्रेनों को जोड़कर 16-कोच वाली ट्रेन भी बनाई जा सकती है।

ट्रेन के इंटीरियर को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह भारतीय यात्रियों की शारीरिक बनावट और जरूरतों के हिसाब से पूरी तरह आरामदायक हो।

पर्याप्त लेगरूम (पैर रखने की जगह) के साथ आरामदायक सीटें

दिव्यांगजनों या कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों (क्लास्रू) के लिए अनुकूल सीटें और लेवल बोर्डिंग (बिना सीढ़ी के चढ़ने की सुविधा) सामान रखने के लिए ओवरहेड रैक बड़े आकार के सामान के लिए फर्श पर अलग से लगे लगेज स्टैंड लैपटॉप और मोबाइल डिवाइस चार्ज करने के लिए पावर आउटलेट आधुनिक बायो-डाइजेस्टर टॉयलेट, जिनसे बहुत कम कचरा निकलता है

सीलबंद, सिंगल-पीस गैंगवे, जिससे यात्री एक कोच से दूसरे कोच में आसानी से आ-जा सकते हैं पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों को हर तरह की जानकारी देने के लिए एक बेहतरीन पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (यात्री सूचना प्रणाली) लगाया गया है। केबिन के अंदर एलसीडी डिस्प्ले अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी प्रदान करते हैं।

सार्वजनिक संबोधन और स्वचालित घोषणा प्रणालियों के माध्यम से ऑडियो मार्गदर्शन।

यात्री केबिन और प्रवेश कक्षों में आपातकालीन टॉक-बैक इकाइयाँ, जो यात्रियों को आपात स्थिति में ट्रेन कर्मचारियों से संवाद करने में सक्षम बनाती हैं।

वाई-फाई आधारित यात्री मनोरंजन प्रणाली, जो यात्रियों को पहले से लोड की गई मनोरंजन सामग्री तक पहुँचने की सुविधा देती है। ट्रेन के डिज़ाइन में सुलभता को एकीकृत किया गया है। समतल चढ़ाई की सुविधा के लिए ट्रेन का फर्श प्लेटफार्म की ऊँचाई के बराबर है। दरवाजों में एकीकृत वापस लेने योग्य फुटस्टेप ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच क्षैतिज अंतर को कम करने में मदद करते हैं। दिव्यांगजन या पीआरएम के अनुकूल बैठने की व्यवस्था और शौचालय।

व्हीलचेयर की आवाजाही के लिए डिज़ाइन किए गए दरवाजे।

ब्रेल-सक्षम सूचना संकेत। हर मौसम में आराम। एचवीएसी प्रणाली को आरामदायक आंतरिक तापमान और आर्द्रता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रत्येक डिब्बे में दो एचवीएसी इकाइयाँ लगी हैं।

प्रतापगढ़/श्रावस्ती/बलरामपुर/बहराइच

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



स्वतंत्र भारत बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान शिक्षण-अधिगम गतिविधियों, विद्यालयों के नियमित अनुश्रवण, अवस्थापना सुविधाओं, स्मार्ट क्लास, शिक्षकों की उपलब्धता एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारियों सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बीएसए ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खंडों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपलब्ध आंकडों एवं विद्यालयवार शैक्षिक उपलब्धियों का विश्लेषण करते हुए कम प्रदर्शन वाले विद्यालयों की पहचान की जाए। ऐसे विद्यालयों में सुधार के लिए स्पष्ट लक्ष्य एवं समयसीमा निर्धारित करते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। समयानुसार चार्ट बनाकर क्लास का संचालन किया जाये। जिन विद्यालयों में बच्चे कमजोर हो वहा पर विशेष ध्यान दिया जाये।

विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, कक्षाओं की मरम्मत, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता सहित बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पिलर को तोड़ने वालों पर केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के हरनाहर निवासी विवेक कुमार मिश्र पुत्र स्व रामपाल मिश्र ने नगर पंचायत लालगंज के वार्ड सलेम भदारी में जमीन का बैनामा लिया।जमीन पर विवेक ने राजस्व एवं पुलिस टीम की आख्या के आधार पर मकान का निर्माण शुरू कराया।निर्माण के तहत बने उसके आधा दर्जन पक्के पिलर को आरोपियों ने तोड़ दिया।17 अक्टूबर की सुबह निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचा,तब उसके पिलर टूटे मिले।इसके पहले निर्माण मे बाधा को लेकर सूरज यादव,अवनीश यादव व प्रधान नरियावां के साथ पहुंचे आठ से दस लोग एवं राधेश्याम,भीमपुर के मेवालाल के पुत्र अनिल केसरवानी व तीन अन्य ने निर्माण को लेकर 16 अक्टूबर को दिन में मजदूरों के साथ गाली-गलौज व मजदूरों को धमकाया कि पिलर क्षतिग्रस्त कर देंगे।तब मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को खदेड़ा। आरोपियों द्वारा पीड़ित के 50 किलो सरिया,4 फावड़े को गायब करते हुए खेत में पानी भर दिया।तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूरज यादव समेत दर्जनों पर केस दर्ज किया है।कोतवाल आलोक कुमार का कहना है,कि केस दर्ज किया है,आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जुवली नेपाली ढाबे का हुआ भव्य उदघाटन



स्वतंत्र भारत तुलसीपुर/ बलरामपुर। बौद्ध परिपथ तुलसीपुर-बलरामपुर मार्ग पर टोल प्लाजा के निकट बडगौं में नवनिर्मित जुवली नेपाली ढाबे का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। संचालक बृजेश सिंह व डाक्टर शरद प्रताप सिंह के वयोवृद्ध पिता योगेन्द्र सिंह व मां शैल सिंह की उपस्थिति में देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेशनाथ योगी ने फीता काटकर तथा मंत्रोच्चार उपरांत नारियल फोड़कर ढाबे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों की बडी संख्या में उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महंत मिथिलेशनाथ योगी ने कहा कि मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। इनमें देश के दूर-दराज के क्षेत्रों के साथ ही पडोसी राष्ट्र नेपाल से आने वाले श्रद्धालु भी शामिल हैं। तुलसीपुर-बलरामपुर मार्ग पर यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छ जलपान, भोजन और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में जुवली नेपाली ढाबे की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इससे मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही आम राहगीरों को भी काफी सुविधा मिलेगी। ढाबा संचालक बृजेश सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठान को शुरू करने का उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। उनका प्रयास है कि लोगों को उचित दर पर स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, गैसडी विधायक राकेश यादव पूर्व सांसद एवं श्रावस्ती जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, सदर विधायक पलटू राम, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा सिद्धांत सिंह डीपी सिंह बैस आनंद कुमार सिंह (अन्नू), विजय सिंह मवासीराम शर्मा योगेंद्र, अमित, जितेंद्र, प्रभाकर सौरभ व दिलीप सिंह मंदिर सेवादार अरुण गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खबर एक नजर

खेत में हाईटेंशन करंट से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र भारत, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील के ग्राम कलुवाडीह अड़गोड़वा में खेत में मूंगफली खोदने गई 50 वर्षीय जलपता पत्नी देवा की हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि खेत में बिजली का तार काफी नीचे लटक रहा था, जिसकी चपेट में आने से महिला की जान चली गई। हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल पावर हाउस से महज 200 मीटर दूर बताया जा रहा है। हादसे ने विद्युत विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने लटकते विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

पीईटी परीक्षा केंद्र का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत, बहराइच। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के अंतिम दिन रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने महिला पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं देखीं। सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों से जानकारी लेकर परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने पर जोर दिया।

30 नवम्बर तक कर सकेंगे भंडारित आलू की निकासी

किसानों को मिलेगा 100 रुपये प्रति क्विंटल भंडारण अनुदान

स्वतंत्र भारत, बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि निजी शीतगृहों में भंडारित आलू पर किसानों को 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। एक किसान को अधिकतम 20 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। धनराशि आधार से जुड़े बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इसके लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए आलू की निकासी 30 नवम्बर 2026 तक अनिवार्य है।

शिक्षा, सड़क और खेल सुविधाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता: अभिषेक मिश्रा

स्वतंत्र भारत, पयागपुर बहराइच। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अभिषेक मिश्रा उर्फ मुन्ना भैया ने रविवार को आशीर्वाद पैलेस में पत्रकारों से बातचीत में पयागपुर क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर क्षेत्र में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों की स्थापना, स्टेडियम निर्माण और जर्जर सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता होगी। उन्होंने किसानों को समय से खाद न मिलने पर भी चिंता जताई। कहा कि पार्टी ने मौका दिया और जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। प्रेसवार्ता में राम छबीले यादव, रामजी यादव, मिजन खान, कौशल मिश्रा उर्फ काका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ककरी गांव में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



स्वतंत्र भारत, नानपारा बहराइच। नानपारा क्षेत्र के ककरी गांव में आबादी के पास विचरण कर रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने शनिवार शाम करीब छह बजे पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि 30 अक्टूबर को तेंदुए ने एक पड़वे का शिकार किया था। इसके बाद वन विभाग ने पदचिह्नों के आधार पर ईंट-भट्ठे के पास पिंजरा लगाया था। रेंजर पीयूष गुप्ता ने बताया कि तेंदुआ स्वस्थ है और उसे सुरक्षित प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन्यजीव दिखने पर विभाग को सूचना देने की अपील की।

लगातार निगरानी के बाद वन विभाग को मिली सफलता

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनायी गयी जयन्ती

स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को थाना कोतवाली उतरौला के परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम सी ओ उतरौला जितेन्द्र कुमार और प्रभारी निरीक्षक उतरौला अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का सन्देश देते हुए एकता मार्च निकाला। इस कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक के अलावा तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। थाना कोत वाली के परिसर से निकल कर यह मार्च रन फॉर यूनिटी के तहत आयोजित किया गया। इस मार्च के माध्यम से लोगों को देश की एकता, अखण्डता आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का सन्देश दिया गया। पुलिस कर्मियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं पर प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

संभव अभियान में श्रावस्ती को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान : जिलाधिकारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया है कि पूरे प्रदेश में हर वर्ष जून से सितंबर तक स्वास्थ विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कन्वर्जेंस डिपार्टमेंट के सहयोग से संभव अभियान चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों का प्रबंधन, गर्भवती धात्री महिलाओं का पोषण एवं स्वास्थ प्रबंधन पर विशेष अभियान चलाया जाता है । इस अभियान में राज्य स्तर से सभी जनपद की कार्य के आधार पर रैंकिंग की जाती है। जिसमें 2026 में आयोजित अभियान में श्रावस्ती प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहा है। जिलाधिकारी महोदया ने स्वास्थ, बाल विकास पुष्टाहार विभाग एवं कन्वर्जेंस डिपार्टमेंट को बधाई देने के साथ साथ ए.एन.एम आशा, आंगनबाड़ी के कार्यों की सराहना की है। इस अभियान के दौरान यूनिसेफ, एम्स × प्रोग्रेसिव फाउंडेशन की टीम का विशेष तकनीकी सहयोग एवं अनुश्रवण करने के लिए भी जिलाधिकारी ने उनकी सराहना किया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के द्वारा आज दिनांक-01.11.2026 स्थान तथागत सभागार कलेक्ट्रेट, भींगा, श्रावस्ती में मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश श्री रमेश चन्द की अध्यक्षता में किया गया। माननीय महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तथा अन्य न्यायिक अधिकारीगणों एवं नोडल अधिकारी तथा सचिव महोदया को ट्री-पॉट प्रदान कर स्वागत किया गया। इस मेगा शिविर में जिले के समस्त सरकारी विभागों व एन0जी0ओ0 की भी सक्रिय सहभागिता रही जिसमें विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 4687 लाभार्थियों की पहचान व पंजीकरण करने के उपरान्त लगभग 3150 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश के द्वारा दो लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाभी सौंपी गयी तथा 10 दिव्यांगजन को ट्राय साइकिल का वितरण एवं किया गया एवं 2 लाभार्थियों को पुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का चेक प्रदान किया गया। इसी कार्यक्रम में माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री रामचन्द्र यादव द्वारा लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का टूलकिट प्रदान किया गया। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा कैम्प श्री अवनीश गौतम द्वारा लाभार्थियों को कान का हियरिंग मशीन प्रदान किया गया। प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज (प्र0ख0) श्रावस्ती श्री विनीत कुमार यादव के द्वारा 20 लाभार्थियों को बीज किट एवं नगर पालिका द्वारा भवन स्वामी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

बकरी चरा रही किशोरी कुएं मे गिरी, मौत

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के छोटी पयागीपुर निवासी जगदीश सरोज की पुत्री शोभा 17 रविवार को घर से बकरी चराने निकली।कुछ दूर पर एक अंधा कुंआ है।खेलते-खेलते किशोरी का पैर फिसल गया और वह कुएं मे गिर गई,वहां मौजूद अन्य चरवाहों ने कुएं के भीतर से चीख सुनीं तब वह आवाक रह गए।सूचना पर बदहवाश परिजन मौके पर पहुंचे।ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही रानीगंज कैथौला चौकी से फोर्स पहुंच गई।पुलिस ने लालगंज से दमकल कर्मियों को बुलवाया।ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने मशक्कत से किशोरी का शव कुएं से बाहर निकाला।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।परिजनों मे चीख पुकार मची है।

पुलिस ने नौ लाख पीड़ितों को कराए वापस

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़। माह अक्टूबर में कुल 140 शिकायतों में 9 लाख 12 हजार 990 रुपए 47 पैसे जनपदीय साइबर सेल,थानों की साइबर हेल्प डेस्क व साइबर क्राइम थाना प्रतापगढ़ द्वारा साईबर डाकुओं के चंगुल से पीड़ितों को वापस कराया है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन मे साईबर डाकुओं की रीढ़ लगातार तोड़ी जा रही है।

विद्युत करंट से युवती झुलसी

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के रायपुर भरखी निवासी भगत यादव की बेटी खुशबू 19 घरेलू कार्य करते समय बिजली की करंट की चपेट में आकर झुलस गई।अस्पताल मे भर्ती कराया है।

दुर्घटना मे घायल युवक की ईलाज दौरान मौत

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना के रायगढ़ निवासी दिनेश सरोज 32 पुत्र लाल जी मई महीने मे बाइक से जाते समय अहलादगंज में नाली से टकराकर गंभीर घायल हो गया था।इलाज के लिए घायल को सीएचसी महेशगंज से प्रयागराज रेफर किया गया,जहां वह जिंदगी और मौत से संघर्ष करते हुए आखिरकार 5 महीने बाद अस्पताल मे दम तोड़ दिया।पीएम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया।

कार्यालय : जिला कलेक्टर, लखनऊ।

पत्रांकः 1381 / अ0जि0अ0(भू0अ0)न0म0पा0 / लखनऊ दिनांक : 30 अक्टूबर, 2026

: सार्वजनिक सूचना :

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित वरूण विहार योजना भाग–6 हेतु तहसील सरोजनीनगर में ग्राम सकरा की 39.0964 हे0 या 96.6093 एकड़ भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से पूर्व "भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016" के अनुसार सामाजिक समाघात अध्ययन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रवन्धन योजना, गौतम बुद्व विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोयड़ा, गौतम बुद्व नगर उत्तर प्रदेश द्वारा तैयार की गई है।

2: भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम की धारा 5 तथा भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016 के नियम 7 के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार प्रस्तुत सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रवन्धन योजना पर तहसीलदार सरोजनीनगर जिला लखनऊ द्वारा निम्नांकित दिये गये स्थान, दिनांक व समय के अनुसार लोक सुनवाई की जानी है:–

क0	ग्राम का नाम	लोक सुनवाई का स्थान	सुनवाई का दिनांक	समय
1	सकरा	तहसील प्रांगण, तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ।	13–11–2026	पूर्वान्ह 12.0 बजे

उपरोक्तानुसार अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अंकित ग्राम की अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में प्रस्तुत सामाजिक समाघात अध्ययन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रवन्धन योजना का अवलोकन कर लें और यदि उक्त सामाजिक समाघात अध्ययन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रवन्धन योजना पर उन्हे कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह अपनी आपत्ति/सुझाव उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई हेतु नियत दिनांक/समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

(विशाख जी.)
जिलाधिकारी,
लखनऊ।

उ0प्र0 260014 दिनांक- 31.10.2026
Website: www.upgov.nic.in

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:–

04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04022 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04021 प्रस्थान
---	14:30	नई दिल्ली	23:10	---
23:20	23:30	लखनऊ जं.	13:10	13:20
04:10	---	गोरखपुर	---	07:00

चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से दिनांक 06.11.2026 एवं 13.11.2026 (शुक्रवार को) और **04021 गोरखपुर से** दिनांक 07.11.2026 एवं 14.11.2026 (शनिवार को)।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार(ट.)-छपरा-आनन्द विहार(ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04058 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04058 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04057 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04057 प्रस्थान
---	00:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20	---
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
19:20	---	छपरा	---	22:10

चलने के दिनः 04058 आनन्द विहार(टर्मि.) से और **04057 छपरा से** दिनांक 03.11.2026 से 17.11.2026 (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,

ठहरावः दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

05087/05088 आनन्द विहार(टर्मि.)-मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05087 आगमन	रेलगाड़ी सं. 05087 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05088 आगमन	रेलगाड़ी सं. 05088 प्रस्थान
---	22:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:00	---
17:00	---	मऊ जं.	---	19:15

चलने के दिनः 05087 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 03.11.2026 एवं 10.11.2026 (मंगलवार) को और **05088 मऊ जं. से** दिनांक 04.11.2026 एवं 11.11.2026 (बुधवार) को।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः मुहम्मदाबादा, आज़मगढ़ जं., खोरासन रोड, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जंघई जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी, दूण्डला जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08751/08752 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08751 आगमन	रेलगाड़ी सं. 08751 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08752 आगमन	रेलगाड़ी सं. 08752 प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग जं.	13:45	---
11:10	---	हज़रज निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिनः 08751 दुर्ग जं. से दिनांक 01.11.2026 से 15.11.2026 (प्रत्येक रविवार) को और **08752 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः रायपुर जं., उस्लापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

04660/04659 लुधियाना जं.-पूर्णियाँ जं.-लुधियाना जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04660 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04660 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04659 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04659 प्रस्थान
---	12:00	लुधियाना जं.	06:50	---
19:25	19:35	मुरादाबाद	23:50	23:55
21:30	---	पूर्णियाँ जं.	---	23:30

चलने के दिनः 04660 लुधियाना जं. से दिनांक 05.11.2026 एवं 09.11.2026 (गुरुवार, सोमवार को) और **04659 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 06.11.2026 एवं 10.11.2026 (शुक्रवार, मंगलवार को)।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सहरसा जं. एवं बनमनखी जं. स्टेशन।

04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04054 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04054 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04053 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04053 प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से दिनांक 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04053 हावड़ा जं. से** दिनांक 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को।

स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार(टर्मि.)-सबौर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04066 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04065 प्रस्थान
---	05:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45	---
07:00	---	सबौर	---	11:00

चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 06, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04065 सबौर से** दिनांक 07, 08, 12 एवं 13.11.2026 को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया जं., वारिसली गंज, शेखपुरा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 02397/02398 गया जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-गया जं. विशेष रेलगाड़ी का विस्तार शेखपुरा जं. तक किया गया है, जो अब शेखपुरा जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी।

रेलगाड़ी सं. 02397 आगमन	रेलगाड़ी सं. 02397 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02398 आगमन	रेलगाड़ी सं. 02398 प्रस्थान
---	11:30	शेखपुरा जं.	14:45	---
12:02	12:04	वारिसली गंज	13:08	13:10
12:24	12:26	नवादा	12:40	12:42
12:45	12:47	तिलैया जं.	12:18	12:20
14:05	14:15	गया जं.	11:10	11:15
गया जं.–आनन्द विहार(टर्मि.)–गया जं. के बीच समय–सारणी यथावत रहेगी				
11:40	---	आनन्द विहार(टर्मि.)	---	13:30

- **विस्तार की प्रभावी तिथिः 02397 शेखपुरा जं. से** दिनांक 01.11.2026 से और **02398 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 02.11.2026 से ।
- **नोटः** बाकी सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार 2 नवम्बर 2026

प्रयागराज

कौशाम्बी / प्रयागराज

भारत की पहली बुलेट ट्रेन ने आकार लेना शुरू किया

रेल मंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलुरु स्थित 'आदित्य' (ADITYA) निर्माण इकाई में भारत में बन रही बुलेट ट्रेन-B28 के निर्माण कार्य की समीक्षा की। मंत्री ने वहां मौजूद विशेष निर्माण बुनियादी ढांचे का जायजा लिया, जिसमें कारबॉडी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सटीक इंजीनियरिंग वाले 'जिग्स और फिक्स्चर' (jigs and fixtures) शामिल हैं। उन्होंने उत्पादन के प्रमुख चरणों को भी देखा, जैसे कि अंडरफ्रेम, साइडवॉल, रूफ असेंबली, कार असेंबली, सतह की तैयारी और ट्रीटमेंट आदि। ये उन्नत निर्माण प्रक्रियाएं हाई-स्पीड रेल संचालन के लिए जरूरी सटीकता, मजबूती और गुणवत्ता मानकों को हासिल करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 'स्क्वीज टेस्ट' (squeeze test) का प्रदर्शन भी देखा। यह गुणवत्ता सुनिश्चित करने की एक अहम प्रक्रिया है, जिसमें ट्रेन की कारबॉडी पर नियंत्रित दबाव (compressive/tensile forces) डाला जाता है, ताकि उसकी संरचनात्मक मजबूती, कठोरता और आकार की स्थिरता को परखा जा सके।

उन्होंने यात्रियों की सीटों का भी निरीक्षण किया, जिसमें इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि हाई-स्पीड यात्रा के दौरान ये सीटें यात्रियों को कितना आराम और सुविधा देंगी। इसके अलावा, उन्होंने ट्रेन के प्रमुख सिस्टम और पुर्जों की भी समीक्षा की, जिनमें हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) सिस्टम, कपलर तथा ट्रेन के अन्य उपकरण और असेंबलियां शामिल हैं।

उन्होंने साइड मॉड्यूल और रूफ मॉड्यूल के निर्माण की समीक्षा की, और उसके बाद होने वाले इंटीग्रेशन तथा असेंबली कार्यों को देखा।



हनुमान जयंती पर निकलेगी विशाल श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे फिल्म हनुमान अंश के सभी कलाकार - डा उदय प्रताप सिंह

स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो। प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा होटल ब्लेजिंग में पत्रकारों के संग दीपावली मिलन भेंट वार्ता का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि दिनांक 7 नवंबर को प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर विशाल हनुमान जन्मोत्सव की की भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी जिसकी अगुवाई हनुमान अंश फिल्म के कलाकार शोभिनव सत्या सहित सभी कलाकार करते हुए दिखाई देते हुए नजर आएंगे।

इसके अलावा शोमा यात्रा में मारुति नंदन की दिव्यता पूर्ण झांकी निकाली



जाएगी। इसके अलावा हनुमत निकेतन सिविल लाइन हनुमान मंदिर के प्रांगण में भजन संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और हनुमान अंश के कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने बताया कि शोभायात्रा 7 नवंबर को दोपहर 3 बजे पथरचट्टी रामलीला कमेटी रामबाग से आरंभ होकर कोठापारचा, रामभवन, बहादुर गंज, मोतीमहल हीवेट रोड, जानसेन गंज, निरंजन रेलवे पुल मार्ग से होते हुए सिविल लाइन हनुमत निकेतन हनुमान मंदिर मे विश्राम होगी।

प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग के हर चौराहे पर आरती के लिए स्वागत मंच और तोरण द्वार बनाए जाएंगे और घर से पुष्प वर्षा किया जाएगा शोभायात्रा में बैंड बाजा, डीजे,बैंड,ढोल,नगाड़ा ध्वज पताका देवी देवताओं झांकियां शामिल रहेगी।

संचालन राजेश केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में फिल्म हनुमान अंश के कलाकार गौतम त्रिपाठी, धर्मेंद्र भैया, सतीश केसरवानी, हरीश त्रिपाठी, राकेश जायसवाल, शिवम अग्रहरी, प्रवीण केसरवानी आलोक केसरवानी,निवेश मित्तल प्रियवंदा एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण मिलते ही खिले चेहरे, न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने की समाजसेवा की सराहना

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। एलिमको के सहयोग से इंदिरा सेवा संस्थान, प्रयागराज में दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण माननीय न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। सहायक उपकरण प्राप्त करते ही दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनके चेहरों पर आई मुस्कान इस सेवा कार्य की सार्थकता को बयां कर रही थी। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित जी ने संस्था के पदाधिकारियों एवं समाज के संपन्न और सक्षम लोगों से दिव्यांगजनों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षक श्रीनारायण यादव के सेवाभावी जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति जी ने कहा कि बिना हाथों के होने के बावजूद श्रीनारायण यादव वर्ष के 365 दिन दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके जीवन में सम्मान और खुशियां लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उनका समर्पण समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं। उनके प्रति सहानुभूति मात्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम आयोजक पार्षद रजनीश पासी राजू ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि समाज के सक्षम लोगों के छोटे-छोटे सहयोग और सामूहिक प्रयास से दिव्यांगजनों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उपरोक्त कार्यक्रम मे रजनीश पासी राजू, दिवाकर मिश्र, पुष्पा यादव, अविनाश शर्मा, अमितोष आर्या, रमाकांत यादव, कामता प्रताप सिंह, अतुल कुमार यादव, स्वर्ण कुमार सिंह, दिलीप यादव उपस्थिति रहे।

जीवात्मा से परमात्मा का ही मिलन ही सच्ची भक्ति : आचार्य मनीष शरण जी महाराज

उरुवा, प्रयागराज। उरुवा क्षेत्र के उरनाह गाँव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे धूमधाम से मनाया गया। भागवत कथा के छठे दिन अयोध्याधाम से पधारे कथाव्यास आचार्य श्री मनीष शरण जी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं।उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, ऊधव-गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारिका की स्थापना एवं श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान कथाव्यास जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं। रास का तात्पर्य परमानंद की प्राप्ति है, जिसमें दुःख, शोक आदि से सदैव के लिए निवृत्ति मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों को रास के माध्यम से सदैव के लिए परमानंद की अनुभूति करवाई। स्वामी जी ने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी है। स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक विनोद कुमार शुक्ला ने कथाए आए श्रोताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और आगामी मंगलवार को हवन और महा प्रसाद भंडारे में शामिल होने के लिए श्रोताओं से आग्रह किया। इस दौरान मुख्य यजमान कमलेश चंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, शकुंतला देवी व वेद प्रकाश शुक्ला ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर कथा का रसपान किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजेश पांडेय, जगदीश पांडेय, उमाशंकर तिवारी, पंकज दुबे, अनूप शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, सत्य प्रकाश शुक्ला, विजय पांडेय रामायणी सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।



भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में करते हैं रक्षा : पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सुनाई राजा परीक्षित के जन्म, शुकदेव स्वामी और वराह अवतार की कथा

स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज। पीडीए कॉलोनी, नैनी स्थित एक गेस्ट हाउस में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन



भागवताचार्य पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं। इसका उदाहरण राजा परीक्षित हैं, जिनकी रक्षा भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रह्मास्त्र के प्रहार से उनकी माता उत्तरा के गर्भ में ही की थी। कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज श्री ने शुकदेव स्वामी के जन्म का प्रसंग तथा भगवान नारायण के वराह अवतार की कथा का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम स्मरण और उनकी कथा के श्रवण में ही जीवन का सच्चा सुख निहित है। भागवत कथा मनुष्य को भक्ति, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवधेश पांडेय, बीबी दुबे, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, नंदलाल पांडेय, वरिष्ठ वैदिक आचार्य पं. चंद्र प्रकाश तिवारी, सहायक वैदिक आचार्य पं. शरद शुक्ला, पं. संतोष तिवारी, भारद्वाज शुक्ला, राधेश्याम तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कौशाम्बी में पी ई टी परीक्षा सकुशल संपन्न, 6776 शामिल - 2344 रहे अनुपस्थित

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9120 अभ्यर्थी पंजीकृत थे,जिनमें से 6776 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2344 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया डीएम,एसपी सत्यनारायण प्रजापत,एएसपी और सीओ ने लगातार केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने बाहर बैरिकेडिंग,ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था परखी और ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

यातायात माह का शुभारंभ, सुरक्षित यातायात के प्रति जनजागरूकता का दिया संदेश

स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो। यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले यातायात माह का भव्य शुभारंभ रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन, सिविल लाइंस, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त लोकेश यम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया, विजय धुल, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, डॉ. अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था, मनीष कुमार सांडिल्य, पुष्कर वर्मा, पुलिस उपायुक्त यातायात सहित डीसीपी गंगापार, यमुनापार एवं नगर तथा समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात निरीक्षक,



उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में यातायात पुलिस के निरीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं निरीक्षक पवन कुमार पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के संयोजन, यातायात व्यवस्था एवं जागरूकता रैली के संचालन में विशेष सक्रियता एवं सराहनीय समन्वय प्रदर्शित किया गया। इनके कुशल निर्देशन एवं व्यवस्थागत सहयोग से संपूर्ण आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, शाखा प्रयागराज के उपाध्यक्ष डॉ. आर.एस. वर्मा एवं सचिव संतोष कुमार सहित समस्त पदाधिकारियों ने दोनों निरीक्षकों के प्रति विशेष आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके सराहनीय सहयोग की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त लोकेश यम ने अपने संबोधन में कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान और दंड से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है। हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा एवं यातायात संकेतों का पालन करके बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने जनसहभागिता के माध्यम से यातायात जागरूकता को जनआंदोलन बनाने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासन, पुलिस और आम नागरिकों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों में सड़क सुरक्षा के संस्कार विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने अपने संदेश में कहा कि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने अभियान में सामाजिक संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता को भी महत्वपूर्ण बताया।

इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात के आमंत्रण पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, शाखा प्रयागराज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समिति के उपाध्यक्ष डॉ. आर.एस. वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस, पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश शासन) एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में अपने अधीनस्थ टीमों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

समिति की ओर से कुलदीप धार, विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, अजीत कुमार सिन्हा, अर्जुन सिंह, राजेश निषाद, राकेश शर्मा, विक्रम पासवान, संजय उपाध्याय, संजय शुक्ला, शकील अहमद खान, कयामुद्दीन, इकबाल हुसैन, मोहम्मद अहमद नूर, आर.ए. फारूकी, यासीन अहमद, मोहम्मद हलीम, अमित कुशवाहा, प्रेमचंद स्वर्णकार, अजय रघुवंशी, राकेश निषाद, श्रवण गौड़, रवि कुशवाहा एवं रोहित सिंह सहित अन्य सदस्यों ने जागरूकता रैली में सहभागिता की।

महिला पदाधिकारियों में भावना त्रिपाठी, डॉ. अंशु अग्रवाल, नौनिहाल, जीशान अहमद, सना खान सहित अन्य सदस्यों ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने का संदेश दिया गया।

गायब प्रधान की तलाश जारी, एसडीआरएफ भी उतरी

थरवई थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ नदी कछार में चलाया सर्च ऑपरेशन

स्वतंत्र भारत फाफामऊ। थरवई थाना क्षेत्र के मनसैंता ग्राम प्रधान जानकी नाथ यादव की खोज में पुलिस ने चौथे दिन मनसैंता नदी में एसडीआरएफ टीम को भी उतारा । लेकिन प्रधान का कोई भी सुराग नहीं लग सका पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी रहीं। रविवार को ग्राम प्रधान की खोज के लिए पुलिस ने एसडीआरएफ को भी मदद के लिए बुलाया करीब दो बजे एसडीआरएफ टीम के इंस्पेक्टर बजरंगबली सिंह ने अपने दर्जनों फोर्स के साथ मनसैंता मंदिर के पास नदी में बोट के सहारे



गहरे पानी में करीब दो घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया पुलिस के जवान काफी मेहनत किए और पता लगाया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। वही गंगा कछार में भी पुलिस के जवान नदी के किनारे खेतों में पैदल चल कर खोजते रहे ।पुलिस प्रधान के मोबाइल सीडीआर से बात हुए कई संदिग्ध लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया लेकिन कोई जानकारी हासिल नहीं हो सका। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी ग्राम प्रधान का पता नहीं चल सका। परिजन जानकी नाथ को पुलिस से सकुशल बरामद करने का दबाव बना रहे है । थरवई थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि पुलिस की कई टीमें प्रधान को खोजने में लगी हुई है। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

कायस्थ समाज की एकता, समरसता और राष्ट्र समर्पण का संदेश लेकर भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न

प्रयागराज ब्यूरो । कायस्थ समाज की एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश लेकर भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली आज प्रयागराज में ऐतिहासिक सफलता एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारम्भ प्रातः 11 बजे के. पी. कॉलेज मैदान, मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ हुआ। कायस्थ समाज के सृजनकर्ता भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे ढोल-नगाड़ा, बैंड-बाजा, डीजे उसके पीछे सैकड़ों युवाओं की बाइक



रैली और भगवान श्री चित्रगुप्त जी की 8 पहिए वाली शाही बग्गी (रथ) मुख्य आकर्षण रही। यात्रा मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से मेडिकल कॉलेज चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, सुभाष चौराहा से होते हुए के.पी. कम्युनिटी सेंटर समापन हुआ।

यात्रा का संदेश रहा ₹हम एक थे और हम एक हैं और हम एक रहेंगे₹ तथा समाज में व्याप्त विषमताओं को समाप्त कर एकता, संस्कार, संगठन और राष्ट्र समर्पण का संदेश देना। यात्रा में मुख्य रूप से टी.पी. सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता, कुमार नारायण, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, अनिल श्रीवास्तव,चौ. कौशलेन्द नाथ सिंह, अमित श्रीवास्तव रिन्कू, समीर शंकर, धीरज श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, एसडी कौटिल्य, सुधान्शु श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, अंकित राज, निशीथ वर्मा, सौर्यदीप श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, आलोक नारायण श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव नीलू, भानु प्रताप सिंह, प्रेमा श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव आदि लोग थे। रथ यात्रा के मिडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने यह जानकारी दिया।

GGIC धरना स्थल पर मुकदमे के बावजूद दुकानें, वसूली के आरोपों पर उठे सवाल

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित पूर्ण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (GGIC) से जुड़े धरना-प्रदर्शन स्थल पर दीपावली के अवसर पर लगाई जा रही कथित दुकानों को लेकर विवाद गहराया है।

आरोप है कि इस भूमि से जुड़ा मामला NCLT न्यायालय प्रयागराज में विचाराधीन होने के बावजूद यहां दुकानें लगाई जा रही हैं और इनके माध्यम से लाखों रुपये की वसूली की जा रही है।

GGIC की खाली जमीन को जिला प्रशासन ने पहले धरना-प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल बताया था। अब स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहा है कि जब संस्था और भूमि से जुड़ा विवाद न्यायालय में लंबित है, तब वहां दुकानें लगाने की अनुमति किस अधिकारी या विभाग ने दी और उसके लिए कौन-सी औपचारिक प्रक्रिया अपनाई गई।

दुकानदारों से दस्तावेज मांगने की मांग

आरोप लगाने वालों का कहना है कि दुकानदारों के पास दुकान लगाने का वैध आवंटन पत्र, अस्थायी लाइसेंस, अग्निशमन स्वीकृति अथवा प्रशासनिक अनुमति नहीं है। उनका आरोप है कि दीपावली के मौके पर दुकानों के नाम पर बड़ी राशि वसूली जा रही है, लेकिन इस राशि का लेन-देन किस खाते में हो रहा है, यह स्पष्ट नहीं है।

प्रयागराज में पटाखा दुकानों के लिए स्थान चिह्नित करने और अग्निशमन अनुमति के बाद अस्थायी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया होती है। पुराने प्रशासनिक निर्णय में GGIC मैदान को पटाखा दुकानों से हटाकर वैकल्पिक स्थान दिया गया था। इसी वजह से अब वर्तमान दुकानों की अनुमति और आवंटन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रशासनिक निगरानी पर सवाल

सिविल लाइंस क्षेत्र को अतिक्रमण और अनधिकृत वेंडिंग से मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने हाल में निर्देश दिए थे, जिसमें ठेले-पथ विक्रेताओं को निर्धारित वैकल्पिक स्थानों पर भेजने की बात कही गई थी। इस पृष्ठभूमि में धरना स्थल पर दुकानें लगाए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी उंगली उठ रही है। पूछा जा रहा है कि यदि दुकानें बिना वैध अनुमति लगाई जा रही हैं, तो नगर निगम, पुलिस और प्रशासन ने अब तक क्यों कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, दुकानों से वसूली के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी उठ रही है।

प्रशासन से स्पष्टीकरण की अपेक्षा

इस मामले में अब जिला प्रशासन, नगर निगम और संबंधित शिक्षा विभाग से स्पष्टीकरण की अपेक्षा है कि दुकानें किस आधार पर लगाई गईं, किसने अनुमति दी और यदि अनुमति नहीं है तो उन्हें कब हटाया जाएगा। लोकल लोगों का कहना है कि न्यायालय में विचाराधीन मामले में ऐसी कार्रवाई से विवाद और बढ़ सकता है।

हम न भूले हैं, न भूलेंगे। 1984 के वो जख्म आज भी हमारे दिलों में ताजा : तिवारी

सिख नरसंहार के पीड़ितो की स्मृति में दिल्ली में "राष्ट्रीय स्मारक" स्थापित किया जाए।

स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज अरैल मे चौपाल लगाकर 1984 मे देश में सिख नरसंहार में मारे गए हजारों सिख परिवारों के शहीदों को शत शत नमन किया गया। भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण तिवारी बबलू ने कहा कि 1984 में सिख समाज के साथ जो अमानवीय अत्याचार और नरसंहार हुआ,वह भारतीय इतिहास का एक बेहद दर्दनाक और काला अध्याय है। कांग्रेस शासनकाल में हुई इस त्रासदी ने हजारों निर्दोष सिख परिवारों को उजाड़ दिया।आज भी सिख समाज



उस दर्द, उस अन्याय और उस अपूरणीय क्षति को नहीं भूला है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने वर्षों बाद भी कांग्रेस ने इस त्रासदी के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ जवाबदेही स्वीकार नहीं की है।इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता और न ही निदोर्षों के बलिदान को। कांग्रेस को सिख समाज से माफी मांगनी चाहिए और दोषियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए।

संजय श्रीवास्तव पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि हम न भूले हैं,न भूलेंगे।1984 के वो जख्म आज भी हमारे दिलों में ताजा हैं। जिन सिख परिवारों ने अपनों को खोया, जिन घरों ने अपने चिराग खोए, उनका दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस राजनीतिक क्रूर मानसिकता का हम सब घोर निंदा करते हैं ह्यलोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओह्वहमारे हजारो बेगुनाह सिख परिवारों को श्रद्धांजलि !

पंडित दामोदर तिवारी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री से अपील करते हैं कि वर्ष 1984 में देश के विभिन्न भागों में हुए सिख नरसंहार के पीडितो की स्मृति में दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक स्थापित किया जाए। श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने मे प्रमुख रूप से हरे कृष्ण तिवारी बबलू, महेश वर्मा, श्री रवि सिंह, दामोदर प्रसाद तिवारी, राम जी श्रीवास्तव, डॉक्टर जी.के,संजय श्रीवास्तव, किशन कुशवाहा, गुलाब कुशवाहा, बबलू तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, ध्रुव तिवारी, सरदार पतविन्दर सिंह, गुड्डू वर्मा सहित कई सामाजिक स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

सावधानी की जरूरत

दिवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ पटाखों का इस्तेमाल फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। इन्हें छुड़ाने के तौर तरीके, इससे होने वाले नुकसान और उन्हें रोकने के उपाय, पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी तथा आम लोगों में जागरूकता जैसी बातों पर हर साल व्यापक चर्चा होती है जो इस बार भी शुरू हो गई है। कई लोगों का सुझाव रहता है कि इन पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए। लेकिन सवाल यह है कि क्या इसे उपयुक्त कदम माना जा सकता है। विशेष रूप से परंपराओं और उनसे जुड़ी जनभावनाओं को देखते हुए क्या यह उचित होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी व्यावहारिक बात कही है। उसका कहना है कि वह पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उसे जनभावनाओं का भी एहसास है। लेकिन उसने यह भी कहा है कि इसका संबंध हर जीवित प्राणी से है। प्रतिबंध की जगह उसने नियंत्रण पर जोर देते हुए कहा है कि अधिकारियों को इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी होगी। हम हर साल संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन सभी का सहयोग नहीं मिलने पर ऐसा संभव नहीं हो पाता। कोर्ट ने अब तक दिए गए आदेशों को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जाता, तब तक आदेश और निर्देश जारी करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि ऐसा नहीं होने पर यह मजाक बन कर रह जाता है। कोर्ट की बात के अलावा भी देखें तो यह साफ है कि पटाखों के इस्तेमाल पर जागरूकता का कुछ प्रचार-प्रसार होने के बावजूद इनकी खपत में खास कमी नहीं आई है। इसलिए इनके अवैध निर्माण का कारोबार भी इन दिनों तेजी के साथ फलता-फूलता है। यह व्यवस्था की कमी है कि इन पर सख्ती के साथ रोक नहीं लगाई जाती है। सभी लोग जानते हैं कि फुलझड़ी, अनार और हल्की आतिशबाजी के अलावा तेज धमाके वाले पटाखे ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाने के साथ जीवन के लिए भी खतरनाक होते हैं। विडंबना यह है कि अब बड़ी संख्या में बच्चे तो जागरूकता अभियानों से सीख लेकर अपने ऊपर संयम और नियंत्रण रखने लगे हैं लेकिन तमाम युवा अभी भी बेखौफ होकर जबर्दस्त धमाकों की आवाज के रोमांच में ही फंसे रहते हैं। इसका नतीजा उन्हें खुद या उनके आसपास के लोगों को भुगतना पड़ता है। यह संवेदना के ह्रास की ही स्थिति तो होगी। इसलिए जरूरी है कि धमाकेदार पटाखों का इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूकता अभियानों को और आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, धमाकों का कारोबार करने वालों के खिलाफ अब तक दिए गए आदेशों पर सख्ती से अमल किया जाए तो तमाम दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों से बचा जा सकेगा। इस लिहाज से आने वाले दिन इम्तहान के होंगे। इसकी जगह हरित पटाखों का इस्तेमाल ज्यादा सही होगा।

सुरक्षित रक्त

अस्पतालों में इलाज के दौरान अक्सर खून की जरूरत पड़ती है। इसे पूरा करने के लिए ही ब्लड बैंक स्थापित किए गए हैं। मरीज को खून चढ़ाने के महत्व को देखते हुए ही रक्तदान को 'महादान' कहा गया है जिसके लिए समय-समय पर आमजनों से अपीलें भी की जाती हैं। चूंकि खून सीधे शरीर में चढ़ाया जाता है, इसलिए जरूरी है कि यह शुद्ध तथा संक्रमण से मुक्त हो जिससे कोई विपरीत प्रभाव न पड़ने पाए। यह शुद्धता व संक्रमणविहीनता सुनिश्चित करने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए जा चुके हैं और लगातार जांच अभियान भी चलाए जाते हैं। लेकिन इनका अपेक्षित असर नहीं पड़ रहा है। प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा इकतीस जिलों के इक्यासी ब्लड बैंकों के औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां मिली हैं जो चिंता पैदा करती हैं। नतीजा हुआ कि विभाग ने चौदह ब्लड बैंकों में रक्त और ब्लड कंपोनेंट्स की आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। ध्यान रखने की बात यह है कि खून को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित प्रावधानों में खून की गुणवत्ता, संक्रमण की अनिवार्य जांच, ब्लड कंपोनेंट्स के भंडारण, कोल्ड चेन, तापमान नियंत्रण, स्टॉक और डोनर रजिस्टर तक को जांचा जाता है। रक्त की तय कीमतों की भी जांच होती है। ये सब केवल इसलिए कि खून किसी भी वजह से हानिकारक न होकर मरीजों को नया जीवन देने में अपेक्षित रूप से सहायक हो सके। मौजूदा समय में जब अनेक कारणों से कई बीमारियां नए-नए जटिल रूप ले रही हैं, तब बड़ी संख्या में लोगों का जीवन भी चिकित्सकीय उपचारों के सहारे ही है। तब जरूरी है कि इसे पूरी तरह विश्वसनीय तथा दोषरहित रखा जाए। फिर भी अगर रक्त जैसी मूलभूत आवश्यकता को ही सुरक्षित न रखा जा सके तो इलाज कैसे कारगर हो सकेगा। ब्लड बैंकों में मिलने वाली कमियां किसी न किसी रूप में घातक हो सकती हैं। अतः यह जांच अभियान नियमित रूप से चलते रहना चाहिए तथा कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

काँव-काँव

♦♦♦

एसटीएफ ने खोलीं केजीएमयू में धर्मांतरण नेटवर्क की परतें

केजीएमयू में अब धर्मांतरण का इलाज एसटीएफ करेगा!

बुलेट ट्रेन मंजूर, लखनऊ से दिल्ली 2:12 घंटे में

ऐसे ही तरक्की करें, लखनऊ तय करता है दिल्ली की कुर्सी!

रिहा हुए आजम को ईडी ने जेल के गेट से किया गिरफ्तार

रिहाई की मुबारकबाद कुबूल करने का मौका तो दे देते!

जातिवाद और जिन्नावाद के खिलाफ लड़ना है : योगी

एनडीए के घटक दलों की जातिगत राजनीति से मत लड़िएगा!

देश से सबसे बड़ा खतरा सांप्रदायिक ताकतें : अखिलेश

भाजपा जातिवाद और जिन्नावाद को बड़ा खतरा बताती है!

शिवा के शरीर पर लिपस्टिक पोतकर किया था प्रताड़ित

हुस्न पर अंधी श्रद्धा रखने वाले सतर्क हो जाएं!

♦♦♦

नेतन्याहू के अपराजित होने का मिथक ध्वस्त

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया।



– तनवीर जाफ़री

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना था कि उनका उद्देश्य एक मज़बूत दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकार बनाना है। इस चुनाव का एक और आकर्षण अरब नेतृत्व वाली पार्टियां का 19 सीटों पर जीत दर्ज करना भी है । अरब लोग इस्राईल की कुल जनसंख्या का क़रीब 21 प्रतिशत हैं। इस्राईल के इतिहास में यह अरब पार्टियों का अब तक का ऐतिहासिक व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। जबकि गादी आइज़नकोट का मुख्य विपक्षी गठबंधन 48 सीटें जीत पाया है। माना जा रहा है कि किसी भी बड़े गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण अब इस्राईल में सरकार बनाने के गठबंधन की जोड़-तोड़ और बातचीत का लंबा दौर चल सकता है । निश्चित रूप से इन चुनाव परिणामों ने इस्राइली समाज के गहरे मतभेद उजागर किए हैं। इस्राईल में हुआ यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें यहूदी और अरब दोनों ही मतदाताओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में मतदान में हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक मतदाताओं ने हज़ारों डॉलर ख़र्च कर विदेशों से आकर मतदान में हिस्सा लिया। नेतन्याहू की पार्टी व उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल न होने के पीछे जो मुख्य कारण माने जा रहे हैं उनमें एक तो यह कि यह चुनाव एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुये जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त नेतन्याहू पर 7 अक्तूबर से पहले इस्राईल की रक्षा करने में नाकाम रहने का भी आरोप है। विपक्षी नेताओं व समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा इसकी जांच की मांग भी होती रही है, लेकिन नेतन्याहू इस जांच के लिए कभी तैयार नहीं हुये। इसलिये इस्राईली समाज का एक बड़ा वर्ग 7 अक्तूबर की घटना को एक सुनियोजित व सत्ता प्रायोजित साज़िश के संदेह से भी इनकार नहीं करता। अब इस्राईल में नई सरकार बनाने को लेकर भी तरह तरह के क़यास लगाये जा रहे हैं। इतने अलग-अलग विचारों और राजनीतिक हितों को एक सरकार के रूप में साथ लाना अब इस्राईल की राजनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार बनाने के लिये क्या नेतन्याहू अपने धार्मिक सहयोगियों को छोड़कर विपक्षी गुट के दक्षिणपंथी नेताओं के साथ गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे? और क्या वे नेता, जो लंबे समय से नेतन्याहू के विरोधी रहे हैं, उनके साथ सरकार में शामिल होने के लिए तैयार होंगे? क्या विपक्षी गठबंधन अपने चुनावी वादों का बड़ा हिस्सा छोड़कर नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अरब पार्टियों के साथ सहयोग करने को तैयार है? और क्या अरब पार्टियां ऐसी सरकार में शामिल होने का जोखिम उठाएंगी, जो कुछ ही महीनों में गिर सकती हो ? यह सवाल इस्राईल के राजनैतिक भविष्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच इस्राइल के वरिष्ठ वामपंथी डेमोक्रेट नेता यायर गोलान ने विपक्षी गुट से अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हमें अब नेतन्याहू द्वारा यहूदी और अरब वोटों के बीच किए जा रहे नस्लवादी विभाजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। चुनाव परिणामों और विश्लेषकों के रुख़ को देखें तो यह स्पष्ट है कि नेतन्याहू की कट्टर, ध्रुवीकरण करने वाली और अत्यधिक आक्रामक छवि ने उन्हें गंभीर राजनीतिक नुक़्सान पहुँचाया है। अक्टूबर 2023 के हमास हमलों के बाद से इस्राइल लगातार युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने ईरान, गज़ा और लेबनान में 'सैन्य सफलताओं' को भुनाने की कोशिश भी की। लेकिन देश की जनता का एक बड़ा हिस्सा लगातार जारी युद्ध की अनिश्चितता, बंधकों की घर वापसी



में विफलता और देश के आर्थिक नुक़्सान से थक चुका था। इसी ने नेतन्याहू की 'अजेय सुरक्षा प्रदाता' वाली छवि को चोट पहुंचाई।

नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी वे यहूदी नेता भी शामिल थे, जिन्होंने वेस्ट बैंक में आक्रामक नीतियों को बढ़ावा दिया। इसके चलते इस्राइल के उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और यूरोपीय मूल के यहूदी नागरिकों में यह डर बढ़ गया था कि यह कट्टरता इस्राइल के लोकतांत्रिक ढांचे को ख़त्म कर रही है, जिससे तेल अवीव की सड़कों पर उनके ख़िलाफ़ भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान नेतन्याहू ने यहूदी राष्ट्रवादियों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया पर आक्रामक बयानबाज़ी की और अरब नागरिकों पर 'चुनाव चुराने' का आरोप लगाया। नेतन्याहू के इस आक्रामक रुख़ ने डर पैदा करने के बजाय अरब मतदाताओं को एकजुट कर दिया, जिसके कारण उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में बाहर निकलकर नेतन्याहू व उनके गठबंधन के ख़िलाफ़ वोट डाला। युद्ध के इस दौर में भी नेतन्याहू द्वारा कट्टरपंथी रूढ़ीवादी यहूदियों को सेना की अनिवार्य सेवा से छूट देना भी आम इस्राइलियों को रास नहीं आया, जो लंबे समय से मोर्चे पर लड़ रहे हैं। विपक्ष ने इसे भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था । इस्राईल के चुनाव परिणाम से यह संकेत भी साफ़ है कि नेतन्याहू ने भले ही अपनी लिकुड पार्टी को सबसे बड़े दल के रूप में बचा लिया हो, लेकिन उनकी आक्रामक और ध्रुवीकरण की राजनीति ने उनके विरोधियों और देश के अरब अल्पसंख्यकों को इस क़दर लामबंद कर दिया कि वे स्पष्ट बहुमत से 8 सीटें दूर रह गए। इसलिये कहना ग़लत नहीं होगा कि इस्राईल में बदलाव की चाहत रखने वाले और उनके कट्टर रवैये से असहमत लोगों ने उनके 'अपराजित' होने के मिथक को ध्वस्त कर दिया है।

।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

योगेश्वर कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य परिस्थिति के अनुसार ढलता ही रहता है। गुण स्वतः उन्हें ढालने में सक्षम हैं। भौतिकशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र वह गढ़ता ही रहता है। एक ही वस्तु ऐसी है जो मनुष्य नहीं जानता, नहीं पहचानता। जो है तो उसी के पास किन्तु उसे विस्मृत है। गीता सुनकर अर्जुन की वही स्मृति लौट आयी थी। वह स्मृति है परमात्मा की, जो हृदय-देश में होकर भी उससे बहुत दूर है। उसी को मनुष्य पाना चाहता है; किन्तु रास्ता नहीं पाता। केवल कल्याण-पथ से ही मनुष्य अनभिज्ञ है। मोह का आवरण इतना घना है कि उधर सोचने का समय ही नहीं मिलता। उन महापुरुष ने आपके लिये समय दिया है, उस कर्म को स्पष्ट किया है, जिसे करने का निर्देश गीता में है। गीता मुख्यतः यही देती है। भौतिक वस्तुएँ भी उससे मिलती हैं; किन्तु श्रेय की तुलना में प्रेय नगण्य हैं।

योग-प्रदाता- योगेश्वर श्रीकृष्ण के अनुसार कल्याण-पथ की जानकारी, उसका साधन और उसकी प्राप्ति सद्गुरु से होती है। इधर-उधर तीर्थों में बहुत भटकने या बहुत परिश्रम से यह तब तक नहीं मिलता, जब तक किसी सन्त द्वारा न प्राप्त किया जाय। अध्याय 4/34 में श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन! तू किसी तत्त्वदर्शी महापुरुष के पास जाकर, भली प्रकार दण्ड-प्रणाम कर, निष्कपट भाव से सेवा करके, प्रश्न करके उस ज्ञान को प्राप्त कर। प्राप्ति का एकमात्र उपाय है, किसी महापुरुष का सान्निध्य और उनकी सेवा। उनके अनुसार चलकर योग की संसिद्धिकाल में पायेगा। अध्याय 18/18 में उन्होंने बताया कि परिज्ञाता अर्थात् तत्त्वदर्शी महापुरुष, ज्ञान अर्थात् जानने की विधि और ज्ञेय परमात्मा - तीनों कर्म के प्रेरक हैं। अतः श्रीकृष्ण के अनुसार महापुरुष ही कर्म के माध्यम हैं, न कि केवल पुस्तक। किताब तो एक नुस्खा है। क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।
दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

♦♦♦

दलील से पहले फ़ॉन्ट सुधारिए

हम जो पढ़ते हैं, वह सिर्फ़ वही नहीं होता जो लिखा गया है। वह इससे भी तय होता है कि कैसे छपा है। यह बात अख़बारों ने सौ बरस पहले समझ ली थी। अब, उपलब्ध समाचारों के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ



– के. विश्वदेव राव

भी इसे अपने ढंग से स्वीकार कर रही हैं। यह आदेश इशारा करता है कि एक विशेष फॉन्ट में मुद्रित दलील कोई निर्दोष औज़ार नहीं, वह उस विश्वास का पहला दरवाज़ा है, जो कानूनी प्रक्रिया को रेखांकित करता है। फ़ाइलों के पहाड़ में धँसा न्यायाधीश हो या सुबह की चाय के साथ अख़बार पढ़ने वाला नागरिक, उसे पठनीय मसौदे से पहले कागज़ पर उकेरे अक्षरों को सुगमता से पढ़ने की सहूलियत चाहिये। पहले ख़बर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शिव किंकर सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व 2 अन्य के मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद ने आदेश दिया कि 12 नवंबर 2026 से अंग्रेज़ी में दाख़िल हर याचिका, शपथ-पत्र, प्रति-शपथ-पत्र और अपील 'टाइम्स न्यू रोमन' में, चौदह पॉइंट के आकार में और दोहरी पंक्ति-दूरी के साथ होंगी। मोटे अक्षर केवल संलग्नकों और सूची के लिए रहेंगे, तिरछे अक्षर केवल उद्धरण या अदालत और अधिनियम के नाम के लिए। प्रार्थना-खंड तिरछा हो ही नहीं सकेगा।

इस आदेश को घरेलू व्यवस्था की भाषा में लिखा गया है, यानी कागज़ चाहे भौतिक रूप में आए या इलेक्ट्रॉनिक, अभिलेख एक-सा दिखे। पर गौर करने की बात है कि अदालत का अपना पिछला निर्देश कुछ और था- आकार बारह, अक्षर 'एरियल' फॉन्ट में। यानी यह आदेश अपनी ही पुरानी भूल का मौन स्वीकार भी है। अब सवाल यह है कि अदालत को यह बात इतनी देर से क्यों सूझी, और अख़बारों को पहले क्यों? शायद इसलिए कि अख़बार का पाठक नाराज़ हो तो पन्ना पलट देता है, जबकि अदालत में मजबूरी है कि हर अक्षर उसे पढ़ना ही पड़ेगा। जिससे वो भाग नहीं सकता, उसकी थकान का हिसाब कोई नहीं रखता। टाइम्स न्यू रोमन फॉन्ट की जड़ें अख़बार से ही उपजी हैं। 1932 में लंदन के 'द टाइम्स' ने इसे दो इंच चौड़े संकरे स्तंभों और सस्ते, स्याही सोखने वाले न्यूज़प्रिंट के लिए अपनाया था। दो इंच में यह अक्षर चमकता है, छह इंच में बुझने लगता है। तंग गली के सिपाही को चौड़े क़ानूनी काग़ज़ के मैदान में उतारना वैसा ही है जैसे शहर के रिक्शे को राजपथ पर दौड़ा देना। इसी वजह से अमेरिका के सातवें सर्किट की मार्गदर्शिका के हवाले से कहा जाता है कि पेशेवर टाइपोग्राफ़र लंबे दस्तावेज़ों में इससे बचते हैं, और वहाँ का सर्वोच्च न्यायालय अपने नियमों में 'सेंचुरी' परिवार के फॉन्ट माँगता है।

फिर हमारी अदालत उसी की ओर क्यों जा रही है जिससे वे लोग दूर जा चुके हैं?

क्योंकि यहाँ प्रश्न सुंदरता का नहीं, एकरूपता का है। यह फॉन्ट लगभग हर कंप्यूटर में पहले से मौजूद होता हैं, और जहाँ नहीं है, वहाँ मिलते-जुलते विकल्प चल जाते हैं। झाँसी की कचहरी में बना मसौदा और लखनऊ के किसी कॉरपोरेट दफ़्तर का मसौदा एक-सा दिखेगा। हज़ारों फ़ाइलें निपटाने वाली रजिस्ट्री के लिए यह सुविधा किसी भी अक्षर-सौंदर्य से भारी है। यह तर्क हल्का नहीं है, पर इसकी क़ीमत कौन चुकाएगा, यह देखना भी ज़रूरी है। यथार्थ यह है कि आदेश आधी राह पर ठहरा हुआ लगता है। चौदह पॉइंट और दोहरी पंक्ति में सामान्य याचिका भी फूलकर मोटी हो जाएगी- ज़्यादा पन्ने, ज़्यादा फ़ोटोकॉपी, ज़्यादा जिल्द। फ़ॉन्ट पर अनुशासन हो और लंबाई खुली छूट पर, तो एक हाथ से आँख को राहत मिलती है और दूसरे हाथ से जेब पर भारी लगती है। अमेरिकी अपीली नियम इसीलिए फॉन्ट के साथ शब्द-सीमा भी बाँधते हैं, ताकि टाइपोग्राफ़ी के सहारे लंबाई चुपके से न घुसे। इलाहाबाद न्यायालय के आदेश को भी फ़ॉन्ट के साथ उचित शब्द-सीमा और पृष्ठ-सीमा तय करनी चाहिए, ताकि कागज़ की बर्बादी रुके और पढ़ने वाले की आँख और धैर्य दोनों बचें। हिंदी में दाख़िल किये जाने वाले मसौदे का प्रश्न और भी बड़ा है। आदेश के अनुसार देवनागरी के लिए कोई भी यूनिकोड अक्षर इस्तेमाल किया जा सकता है। पर देवनागरी के अक्षर मोटाई और ऊँचाई में एक-दूसरे से बहुत भिन्न होते हैं। जिस एकरूपता की बात आदेश करता है, वह यहीं सबसे पहले डगमगाएगी। बेहतर होगा कि हिंदी के लिए भी कोई स्पष्ट फॉन्ट और निश्चित आकार तय हो। 'मंगल' या 'अपराजिता' जैसे सर्वसुलभ अक्षर इस पर विचार का आरंभ-बिंदु हो सकते हैं, हालाँकि अंतिम चुनाव अदालत और विशेषज्ञों का काम है। और चूँकि अनुपालन की जाँच स्कैनिंग-शाखा में होगी, एक ग़लत पंक्ति-दूरी का अर्थ है लौटाई हुई याचिका, टला हुआ अंतरिम संरक्षण और किसी वकील की शाम जिल्द-बंदी की भेंट। यह मार सबसे ज़्यादा उन पर पड़ेगी जो ख़ुद अपनी पैरवी करते हैं, या जिनके दफ़्तर में परिपत्र पढ़ने वाला कोई मुंशी नहीं। इसलिए 12 नवंबर तक अनुपालन चाहने वाली अदालत को निर्देश के साथ एक नमूना पृष्ठ, फ़ाइलिंग-काउंटर पर जाँच-सूची और आपत्तियाँ शुरू होने से पहले थोड़ी रियायत भी देनी चाहिए। फिर भी एक बड़ी बात मान ली गई है। अदालत ने स्वीकार किया कि पन्ने की बनावट इस बात में शामिल है कि दलील कैसे ग्रहण की जाती है। मोटे, रेखांकित और तिरछे अक्षरों का जंगल वैसा ही है जैसे कोई कचहरी में चीख़कर बोले। स्वर जितना ऊँचा, विश्वास उतना कमज़ोर। जब सब कुछ ज़ोर देकर कहा जाए, तो कुछ भी ज़ोरदार नहीं रह जाता। अख़बार जानता है कि शीर्षक का फॉन्ट संपादक की आवाज़ है, और उसे अगर बदल दिया तो ख़बर की गंभीरता बदल जाती है। अदालत अब यह जान रही है कि वकील का मसौदा उसकी पहली दलील है, चाहे वकील यह माने या न माने। शब्दों को लिख कर सम्पादित करना फिर प्रिंट प्रस्तुत करना वकालत की वह आखिरी मंज़िल है जिसके बारे में अधिकतर वकील दिन रात चिराग जलाते हैं। और अंततः न्यायाधीश महोदय उस भारी भरकम जिरह जो एक पहेली होती है, उसे सुलझा कर अपना न्यायसंगत आदेश पारित करते हैं।

तो अंत में प्रश्न यही है। अगर अदालतें मानती हैं कि पन्ने की बनावट न्याय की पहली सीढ़ी है, तो क्या वे इसे फ़ॉन्ट के आदेश पर ही छोड़ देंगी, या उसके साथ लंबाई की मर्यादा, हिंदी का सम्मान और साधन-हीन वादी की सुविधा भी तय करेंगी?

न्यायालय ने न्याय तक पहुँचने का रास्ता तो सुंदर बना दिया, पर क्या वह सबके लिए सुगम भी होगा? फॉन्ट तो सँवर जाएँगे पर न्याय कहीं पीछे ना छूट जाए।

प्रेरक प्रसंग

दिल की पुकार

नावेर नाम का एक अरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ा देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो।

लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया।

दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ। तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया।

कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे ?

नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा।

दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया!

नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे।यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

आपका पत्र मिला

विपक्ष का असल विरोध या प्रगति में अवरोध?

लोकतंत्र में सत्ता की असमंजस्य नीतियों का विपक्ष द्वारा विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है. जो समय-समय पर सत्ता को सही राह दिखाने के लिए जरूरी भी है. जब से देश आजाद हुआ है और हमारे देश में लोकतंत्रीय व्यवस्था व हमारा संविधान लागू है तब से ही विपक्ष द्वारा सरकार की गलत नीतियों का विरोध विपक्ष द्वारा किया जाता रहा है साथ ही बेहतर नीतियों की सराहना और सत्ता की नीतियों को और बेहतर व जनहितैषी बनाने के लिए सुझाव भी दिए जाते रहे हैं जिसे सरकार ने सहर्ष स्वीकार भी किये। किन्तु आज का विपक्ष अपने दिल से पूछे कि उसने 14 सालों में सरकार की कितनी सराहना की और कितने बेहतर नीतिगत सुझाव दिए जिसे उसने मानने से इंकार किया हो. आम जनता विपक्षियों के सरकार के प्रति रवैये को आरम्भ से ही देख और समझ रही है. आलोचना, समालोचना व जनहितैषी कार्यों की सराहना न सही नीति पर सहयोग तो सरकार को किया जा सकता है. किन्तु एकतरफा सिर्फ और सिर्फ विरोध करना ही लोकतंत्रीय व्यवस्था में विपक्ष का काम न तो स्वयं के लिए और न ही सत्ता और देश के लिए लाभकारी है।

अतः विपक्ष को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि तर्क-वितर्क के साथ ही देशहित में विरोध भी सार्थक सिद्ध हो सके न कि वह देश की प्रगति में बाधक बने।

शकुंतला महेश नेनावा
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

दिवाली शॉपिंग के लिए देश के 10 सस्ते और मशहूर बाजार



दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगती है। घर की सजावट से लेकर नए कपड़े, ज्वेलरी, दीये, लाइट्स और गिफ्ट आइटम खरीदने तक हर कोई दिवाली की तैयारियों में जुट जाता है। हालांकि, त्योहार के दौरान बढ़ती महंगाई के बीच बजट में रहकर अच्छी खरीदारी करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप भी कम पैसों में दिवाली की शानदार शॉपिंग करना चाहते हैं, तो देश के कुछ मशहूर बाजार आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इन बाजारों में कपड़े, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, बर्तन, फुटवियर और गिफ्ट आइटम किफायती दामों पर मिल जाते हैं।

दिल्ली का चांदनी चौक- दिल्ली का चांदनी चौक दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर बाजारों में शामिल है। यहां कपड़ों, साड़ियों, ज्वेलरी, सजावटी सामान, पूजा सामग्री और गिफ्ट आइटम की कई दुकानें मिलती हैं। दिवाली के समय यहां की रौनक देखते ही बनती है। कम बजट में खरीदारी करने वालों के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।



मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट- मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए लोकप्रिय जगह है। यहां घर की सजावट, लाइट्स, आर्टिफिशियल फूल, गिफ्ट आइटम, बर्तन और रोजमर्रा के सामान की कई वैरायटी मिलती हैं।

त्योहार के समय यहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रहती है।

जयपुर का बापू बाजार- जयपुर का बापू बाजार रंग-बिरंगे कपड़ों, जूतियों, बैग और पारंपरिक सामान के लिए जाना जाता है। अगर आप दिवाली पर एथनिक कपड़े और पारंपरिक एक्सेसरीज खरीदना चाहते हैं, तो यहां जा सकते हैं। बाजार में कई दुकानों पर बजट के अनुसार विकल्प मिल जाते हैं।



लखनऊ का अमीनाबाद बाजार- लखनऊ का अमीनाबाद बाजार खरीदारी के शौकीनों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां चिकनकारी कपड़े, साड़ियां, सूट, ज्वेलरी और घरेलू सामान की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प हो सकता है।

कोलकाता का न्यू मार्केट- कोलकाता का न्यू मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर है। यहां कपड़े, फुटवियर, बैग, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम और सजावटी सामान मिलते हैं। यहां आपको अलग-अलग बजट में खरीदारी के कई विकल्प मिल सकते हैं।

अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार- अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार किफायती खरीदारी के लिए जाना जाता है। यहां कपड़े, ज्वेलरी, घरेलू सामान, फुटवियर और फैशन एक्सेसरीज की कई दुकानें हैं। दिवाली के लिए घर की जरूरतों और व्यक्तिगत खरीदारी के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।

हैदराबाद का लाड बाजार- हैदराबाद का लाड बाजार खासतौर पर चूड़ियों और पारंपरिक ज्वेलरी के लिए मशहूर है। यहां रंग-बिरंगी चूड़ियों, मोतियों की ज्वेलरी और पारंपरिक एक्सेसरीज की अच्छी वैरायटी मिलती है। दिवाली पर ट्रेडिशनल लुक के लिए यहां खरीदारी कर सकते हैं।

बेंगलुरु का चिकपेट बाजार- बेंगलुरु का चिकपेट बाजार कपड़ों और साड़ियों की खरीदारी के लिए लोकप्रिय है। यहां सिल्क साड़ियों, फैब्रिक, ड्रेस मटेरियल और पारंपरिक कपड़ों की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

पटना का हथुआ मार्केट- पटना का हथुआ मार्केट कपड़े, फुटवियर, ज्वेलरी और फैशन से जुड़े सामान की खरीदारी के लिए जाना जाता है। दिवाली के समय यहां कई तरह के सामान की दुकानें सजी रहती हैं। बजट के अनुसार खरीदारी करने के लिए यह बाजार देख सकते हैं।

वाराणसी का ठठेरी बाजार- वाराणसी का ठठेरी बाजार बर्तन और पीतल के सामान के लिए प्रसिद्ध है। दिवाली और धनतेरस के मौके पर यहां बर्तनों और पारंपरिक घरेलू सामान की खरीदारी की जा सकती है। अगर आप त्योहार पर पूजा और घर के लिए बर्तन खरीदना चाहते हैं, तो यह बाजार अच्छा विकल्प है।

पहनावा ही बता देता है आपकी पर्सनालिटी



आप किसी पार्टी में गए हों या किसी इवेंट पर या फिर शॉपिंग के लिए। आपको ना जानने वाले लोग भी आपके पहनावे के आधार पर आपके बारे में राय बना लेते हैं। आपके बोलेन से पहले ही आपका पर्सनालिटी कार्ड बन जाता है। आइए, ड्रेसिंग को लेकर ऐसी ही कुछ मजेदार बातों के बारे में जानते हैं। **कपड़ो की फिटिंग-** कपड़ों में सबसे पहले लोगों का ध्यान उसकी फिटिंग की तरफ जाता है। अगर आपके कपड़े बहुत टाइट हैं तो वो अनकंफर्टेबल नजर आते हैं और ज्यादा ढीले-ढाले कपड़ों को देखकर लगता है कि आप कुछ छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। **जूतों की हालत-** घिसा हुआ लेदर, फटे हुए सोल या गंदे स्नीकर्स देखकर लोगों को लगता है कि आप बेपरवाह हैं और छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते। **ब्राण्ड काफी कुछ कहता है-** आपने किस ब्राण्ड के कपड़े या एसेसरीज पहनी है, उससे आपकी स्टाइल के बारे में काफी कुछ पता चलता है। लोगो देखकर ही उन्हें लगने लगता है कि आप डिजाइनर चीजों के कितने शौकीन हैं, वहीं नॉन-ब्राण्डेड चीजें ऐसा प्रभाव नहीं डालतीं। **कपड़ों का रंग कुछ कहता है-** रंगों का बहुत ही गहरा साइकोलॉजिकल प्रभाव पड़ता है। आपके कपड़ों के हल्के शेड देखकर लोग मान लेते हैं कि आप ऊर्जा से भरे और मिलनसार हैं। वहीं, कपड़ों का गहरा रंग आपके गंभीर व्यक्तित्व की ओर इशारा करता है। कपड़ों का मिला-जुला रंग आपको बेखबर दिखाता है। **अगर कपड़े हों ज्यादा रिविलिंग-** आउटफिट का ज्यादा रिविलिंग या बोल्ड डिजाइन देखकर लोगों को लगता है आपके अंदर अटेंशन पाने की कुछ ज्यादा ही चाहत है। वहीं कुछ लोग इसे मौके के हिसाब से सही चॉइस नहीं मानते।

क्या होता है रेज़िन और आखिर क्यों है ये ट्रेंडिंग



रेज़िन एक प्रकृतिक और सिंथेटिक रसायन है, जो ठोस रूप में पाया जाता है। प्रकृतिक रेज़िन, वह होते हैं जो पेड़ से निकाले जाते हैं, जबकि सिंथेटिक रेज़िन, मेन मेड होते हैं। रेज़िन का उपयोग उसकी मजबूत और टिकाऊ विशेषताओं के कारण किया जाता है। रेज़िन की विशेषताएँ जैसे कि मजबूती, वॉटरप्रूफ, और आसानी से मोल्ड होने की क्षमता इसे बाकी चीज़ो से अलग करती है। इसका उपयोग गहनों, कलाकृतियों, और निर्माण सामग्री के रूप में किया जाता है। चलिए, आपको रेज़िन के कुछ प्रोडेक्टस बताते हैं, जो आजकल टेंडिंग में बने हुए हैं। रेज़िन वॉच के कई फायदे होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। रेज़िन वॉच हल्की होती है, जिससे इनहें पहनना आरामदायक होता है। रेजिन वॉच पानी में भी सुरक्षित रहती है, जिससे यह लंबी अवधि तक चलती है। यह वॉच विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध होती हैं। अन्य प्रकार की घड़ियों की तुलना में, रेज़िन की घड़ी कम कीमत में मिल जाती है। इन वॉच में अक्सर विभिन्न फीचर्स जैसे स्टॉपवॉच, अलार्म और बैकलाइट होते हैं, जो इन्हें बाकी घड़ीयों से अलग करती है। रेजिन वॉच एक बेहतरीन और खूबसूरत विकल्प है। रेसिन पेंडेंट के कई लाभ होते हैं, जो उन्हें आकर्षक बनाते हैं।

भारत का पहला और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव

भारत में जैसे ही सर्दियों का मौसम शुरू होता है, हम सभी मोटे-मोटे स्वेटर, जैकेट और गर्म कपड़े निकालकर ठंड से बचने की तैयारी कर लेते हैं। इनके बिना घर से निकलना संभव नहीं होता लेकिन क्या आप कभी किसी ऐसी जगह की कल्पना कर सकते हैं जहां ठंड इतनी चरम हो कि खून तक जम जाए, और हर सांस की बूंद भी बर्फ बन जाए? ऐसा अक्सर बाहर के कई देशों में होता है। पर क्या आप जानते हैं कि भारत में भी एक गांव ऐसा है, जहां इतनी ही भीषण सर्दी पड़ती है। दरअसल, लद्दाख के कारगिल जिले में स्थित द्रास गांव इसी ठंड के लिए जाना जाता है। इसे भारत का सबसे ठंडा और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव माना जाता है। यहां सर्दियों में तापमान कई - डिग्री तक गिर जाता है, और गीले कपड़े टांगते ही कुछ ही देर में जम जाते हैं। इस गांव में जीवन जीना एक चुनौती है, लेकिन स्थानीय लोग कठोर मौसम के बीच भी अपनी परंपराओं और जीवनशैली के अनुसार अनोखी ढंग से जीते हैं। द्रास की बर्फीली घाटियां और सर्द हवा इसे साहसिक यात्रियों और फोटोग्राफरों के लिए आकर्षक



बनाती हैं। **कहां है स्थित -** द्रास को लद्दाख का प्रवेश द्वार% यानी गेटवे ऑफ लद्दाख कहा जाता है। भारत में स्थित ये खूबसूरत जगह चारों तरफ से 16 हजार से 21 हजार फीट ऊंचे पहाड़ों से घिरी हुई है, जिस वजह से यहां हिमालय की बर्फीली हवाएं खूब तेजी से चलती हैं और ठंड को और बढ़ा देती हैं। लेह और कारगिल जाने वाले यात्रियों को यहीं से गुजरना पड़ता है। **कितना रहता है तापमान-** सबसे पहले जान लेते हैं कि यहां का तापमान कितना होता है तो आपको बता दें कि सर्दियों के मौसम में यहां का तापमान आमतौर पर -20°C से -25°C तक पहुंच जाता है। कुछ समय पहले यहां का तापमान -60 डिग्री पहुंच गया था। आज भी सुबह की शुरुआत में झीलें, तालाब और गीले कपड़े जम जाते हैं। बर्फबारी कई महीने तक बनी रहती है, जिस वजह से यहां काफी ज्यादा ठंड होती है। **कैसी है स्थानीय जीवनशैली-** यहां रहने वाले लोग हमेशा मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं और घरों में हीटिंग का इस्तेमाल करते हैं। इनके घरों की दीवारें काफी मोटी होती हैं, जो हवा से लोगों का बचाव करती हैं। इसके साथ-साथ मांसाहारी खाना, गर्म भोजन, सूप और स्थानीय व्यंजन जैसे पकवान यहां से लोगों के शरीर को गर्माहट देते हैं। शारीरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए मोटे कपड़े, दस्ताने, टोपी और गर्म जूते पहनना जरूरी है। **पर्यटन और रोमांच के लिए है बेहद खूबसूरत-** अक्टूबर के महीने से ही यहां बर्फीली हवाओं का तांडव शुरू हो जाता है जो अगले साल अप्रैल तक चलता है।

प्रदूषण में एक्सरसाइज करने से पहले जरूर जान लें ये बातें

सर्दियों के मौसम में बढ़ता वायु प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। खासकर दिल्ली-हृष्टक्र समेत कई शहरों में खराब एयर क्वालिटी के कारण सुबह की सैर, जॉगिंग और खुले मैदान में एक्सरसाइज करना मुश्किल हो सकता है। फिट रहने के लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है, लेकिन प्रदूषण के बीच बिना सावधानी के एक्सरसाइज करना सांस और फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों का जोखिम बढ़ा सकता है। जब हवा में PM2.5 और PM10 जैसे प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ जाती है, तो शारीरिक गतिविधि के दौरान तेज सांस लेने से शरीर में इन कणों का प्रवेश बढ़ सकता है। इससे खांसी, गले में जलन, सांस लेने में परेशानी और अस्थमा के लक्षण बढ़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि के फायदे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अधिक प्रदूषण के दौरान एक्सरसाइज का समय, स्थान और तीव्रता बदलना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदूषण के दिनों में एक्सरसाइज कैसे करें और किन बातों का ध्यान रखें? आइए जानते हैं कुछ जरूरी सावधानियां, जिनकी मदद से आप अपनी फिटनेस को बनाए रखते हुए प्रदूषण के संपर्क को कम कर सकते हैं। **एक्सरसाइज से पहले AQI जरूर चेक करें-** घर से बाहर निकलने से पहले अपने इलाके का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) जरूर देखें। भारत में (AQI) की जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर मिल सकती है। यदि AQI खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में है, तो बाहर दौड़ने और कठिन एक्सरसाइज से बचें। **सही समय और जगह चुनें-** व्यस्त सड़कों, ट्रैफिक और निर्माण स्थलों के पास एक्सरसाइज करने से बचें। संभव हो तो कम प्रदूषण वाले स्थान पर जाएं। ध्यान रखें कि सुबह का समय हमेशा साफ हवा की गारंटी नहीं देता। इसलिए समय तय करने से पहले स्थानीय (AQI) की स्थिति देखें। **जरूरत पड़ने पर घर के अंदर एक्सरसाइज करें-** प्रदूषण बढ़ने पर घर के अंदर योग, हल्की स्ट्रेचिंग या अन्य उपयुक्त व्यायाम करना बेहतर विकल्प हो सकता है। यदि संभव हो तो साफ हवा वाले कमरे में एक्सरसाइज करें। घर के अंदर भी धुआं, अगरबत्ती और खाना पकाने से होने वाले प्रदूषण से बचें। **भारी वर्कआउट से बचें-** खराब एयर क्वालिटी में दौड़ना, तेज साइकिल चलाना और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट करने से प्रदूषित हवा ज्यादा मात्रा में सांस के जरिए अंदर जा सकती है। ऐसे दिनों में एक्सरसाइज की अवधि और तीव्रता कम करें। AQI गंभीर होने पर बाहरी एक्सरसाइज टालें।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 2 नवंबर 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अष्टमी तिथौ सोम वासरे 13/11/ आश्लेषा नक्षत्रे 27/47/ शुभ योग 12/07/ कौलव करणे 13/11/ सिंह राशिगत चन्द्रमा 27 घं. 47मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार-

मेष : नये आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

वृष : उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

मिथुन : रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

कर्क : राजकीय कार्यों के प्रति ध्यान रखें। किसी प्रतिष्ठस जनक कार्य के बन जाने का हर्ष भी मिलेगा। जोखिम उठाने का लाभ भी मिलेगा।

सिंह : किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद-प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

कन्या : सत्परामर्श से लाभ होगा। व्यापार में सुधार होगा। घरेलू चिंताएं दूर होंगी। नवीन सम्पर्कों का लाभ मिलेगा।

तुला : देनदारी में कमी आएगी। काम काज में शिथिलता रहेगी। मानसिक थकान रहेगी। आय-व्यय समानता रहेगी।

वृश्चिक : व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

धनु : मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

मकर : शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

कुंभ : जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

मीन : विघ्न बाधाएं दूर होंगी। मनोरंजन पर व्यय होगा। व्यय आधिक्य का डर रहेगा। घरेलू कार्यों की पूर्ति होगी।

सामान्य खेती बनाम जैविक एवं प्राकृतिक खेती : सिंहावलोकन एवं व्यावहारिक सुझाव

अनिल कुमार पाठक

भारत में खेती की पद्धति ने सैकड़ों वर्षों में अनेक परिवर्तन देखे हैं। एक समय था जब सोती मुख्यतः स्थानीय संसाधनों और प्रकृति पर आधारित थी। फसल उत्पादन हेतु कृषक अपने घरों के बाहर या अन्य उपयुक्त स्थानों पर गोबर, पशुओं के बाड़े से निकला अवशेष तथा घर का कूड़ा करकट एकत्र करते थे। यह 4-5 माह में सड़कर उत्कृष्ट खाद बन जाती थी। फसल बुवाई हेतु खेत तैयार करते समय खेतों में यह खाद डाली जाती थी। स्वतंत्रता के बाद देश की बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। गेहूँ सहित विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन देने वाली नई प्रजातियाँ विकसित हुई। इनके अनुरूप वैज्ञानिक कृषि का विस्तार हुआ और रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा। वर्ष 1960 में 2.2 किग्रा प्रति हेक्टेयर के सापेक्ष वर्तमान में 135-140 किग्रा प्रति हेक्टेयर तत्व के रूप में उर्वरक की खपत हो रही है। आज अनेक क्षेत्रों में कुछ फसलों में उर्वरकों का प्रयोग उनकी वास्तविक आवश्यकता से अधिक एवं असंतुलित होने की स्थिति है।

रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित उपयोग आर्थिक अपव्यय के साथ साथ मिट्टी की आंतरिक संरचना को भी नुकसान पहुँचाता है। पौधे द्वारा रासायनिक तत्वों की अवशोषण क्षमता सीमित होती है। रासायनिक उर्वरकों एवं फसल सुरक्षा रसायनों के असंतुलित उपयोग से मानव एवं मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचने हेतु भारत सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना तथा गो-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम प्रारम्भ किए।

इन योजनाओं से अनेक किसानों ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाई। लेकिन लगभग 10-12 वर्ष पूर्व जैविक खेती की ओर बढ़े अनेक किसान बाद में निम्नलिखित व्यावहारिक कारणों से पुनः प्रचलित खेती करने लगे। 1. जैविक फ़सलोत्पादन का अलग न्यूनतम समर्थन मूल्य का न होना। 2. जैविक फ़सलोत्पादन में अधिक श्रम लगना। 3. परिवर्तन के प्रारंभिक वर्षों में मिट्टी की स्थिति, कीट एवं रोग नियंत्रण के कारण उत्पादन में उतार-चढ़ाव का जोखिम। 4. जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त तथा प्रमाणित बीजों की उपलब्धता न होना।

5. जैविक फसलोत्पादन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, लागत और आवश्यक औपचारिकताएँ कठिन होना।

प्राकृतिक खेती और जैविक खेती में मुख्य अंतर

प्राकृतिक खेती : बाहरी इनपुट पूर्णतः शून्य रहता है। मुख्यतः गोमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि प्राकृतिक एवं स्थानीय संसाधनों का ही उपयोग होता है।

जैविक खेती : बाहरी जैविक इनपुट मान्य हैं। नीम ऑयल, जैव कीटनाशक, जैव उर्वरकों का प्रयोग होता है।

एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन कृषि पद्धतियाँ व्यावहारिक विकल्प हैं। ढूहरूमें मृदा परीक्षण के अनुसार कंपोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक व संतुलित रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग होता है, जबकि ढूक्रूमें जैविक, यांत्रिक विधि व नीम ऑयल के साथ आवश्यकतानुसार कीटनाशी रासायनों का प्रयोग किया जाता है। आज आवश्यकता किसी एक कृषि पद्धति को पूर्णतः स्वीकार या अस्वीकार करने की नहीं, बल्कि ऐसी कृषि प्रणाली की आवश्यकता है जिसमे मानव स्वास्थ्य, उत्पादकता, मिट्टी का स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसान की आय-इन सभी के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। इसी के दृष्टिगत प्राकृतिक खेती के अतिरिक्त किसानों के बीच एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है।



सचिन मौर्य अपहरण कांड में 27 गवाहों के बयान दर्ज, अभियोजन साक्ष्य पूरा

स्वंतत्र भारत विस मऊ। नौ साल पुराने बहुचर्चित सचिन मौर्य अपहरण कांड में गवाहों को न्यायालय में पेश करने में हुई देरी पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी नाराजगी के बाद जिला पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। पुलिस की त्वरित पैरवी के चलते विचारण न्यायालय में अभियोजन पक्ष के 27 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए और अभियोजन साक्ष्य पूरा हो गया। अब अदालत ने आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए पांच नवंबर की तिथि नियत की है।मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बुढ़ावे गांव का है। गांव निवासी विनोद कुमार मौर्य के 14 वर्षीय पुत्र सचिन मौर्य का 27 सितंबर 2017 को उस समय अपहरण कर लिया गया था, जब वह साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों सुबेदार यादव, चंद्रबली यादव, चंद्रभान यादव, ओमप्रकाश, कुंजभूषण यादव और प्रकाश साहनी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। अदालत ने 27 मार्च 2023 को आरोप तय किए थे। आरोप तय होने के बाद भी अभियोजन पक्ष 54 गवाहों में से तीन वर्षों से अधिक समय में केवल दो गवाहों को ही न्यायालय में पेश कर सका था। गवाहों की पेशी में इस लापरवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया था कि गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्राथमिक जिम्मेदारी विवेचना एजेंसी यानी जिला पुलिस की है।सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले में तेजी दिखाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-1 बाकर शमीम रिजवी की अदालत में अभियोजन पक्ष और पैरोकारों के प्रयास से अभियोजन के 27 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। इसके बाद अभियोजन पक्ष का साक्ष्य पूरा हो गया।अब अदालत ने आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए पांच नवंबर की तिथि नियत की है।

> वहीं, मुकदमे के विचारण में हुई देरी पर नाराजगी जताते हुए न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने मऊ जिले में वर्ष 2023 से तैनात रहे सभी पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ दो सप्ताह के भीतर विभागीय जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इसके दायरे में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, इलामारन जी. और कमलेश बहादुर शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को भी अगली सुनवाई से पहले व्यक्तिगत रूप से शपथपत्र दाखिल कर अब तक की गई विभागीय कार्रवाई का पूरा विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में सर्वोच्च न्यायालय में अगली सुनवाई 16 नवंबर 2026 को दोपहर दो बजे निर्धारित की गई है।

पीपा पुल न बनने से दियारा के किसान बेहाल

स्वतन्त्र भारत मोहम्मदाबाद भांवरकोल,गाजीपुर। बारा और फिरोजपुर घाटों पर पीपा पुल न बनने से गंगा पार के लोगों और दियारा के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शासन के आदेश के अनुसार 15 अक्टूबर से पुल चालू हो जाना चाहिए था, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। वैकल्पिक नाव की भी व्यवस्था नहीं है, बीरपुर बारा घाट पर जो नाव चलती है वह मनमाना किराया वसूलती है। नतीजा - लोगों को गाजीपुर हमीद सेतु या बक्सर होकर 40 किमी अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। अभी बुआई-खेती का पीक सीजन है, रामपुर, नाथूपुर, रेवतीपुर, बारा, फिरोजपुर, जमानियां, भदौरा के किसान रोज परेशान हो रहे हैं। विभाग कह रहा है पुल बनने में अभी एक महीना और लगेगा।

गाजीपुर में ज्वेलरी शॉप में लूट का दो घंटे के भीतर खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

स्वतन्त्र भारत जमानिया। जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के बंशी बाजार में स्थित संगिनी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। स्वाट टीम और थाना कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मीरनपुर शक्का मोड़ के पास पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल गाजीपुर भेजा गया। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 6:40 बजे सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्र के बंशी बाजार स्थित संजय कुमार वर्मा की ज्वेलरी शॉप संगिनी ज्वेलर्स में तीन बदमाशों ने फायरिंग करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक गाजीपुर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और घटना के अनावरण के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वादी शिवम कुमार वर्मा पुत्र संजय कुमार वर्मा की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 803/26, धारा 309(4) बीएनएस के तहत तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में स्वाट टीम और थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मीरनपुर शक्का मोड़ के पास भागने की फिराक में लगे दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई पीली धातु की पांच चेन, दो पिस्टल, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन संख्या क्क61ड्ड4660 बरामद किया। संजय दुबे उर्फ पप्पू (42 वर्ष) पुत्र बालकृष्ण दुबे, निवासी खतीरपुर, थाना नोनहरा, जनपद गाजीपुर। पुष्कर दुबे (21 वर्ष) पुत्र संतोष, निवासी खतीरपुर, थाना नोनहरा, जनपद गाजीपुर। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त संजय दुबे उर्फ पप्पू के विरुद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में नकली भारतीय मुद्रा से संबंधित धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 19/23 तथा उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा अपराध संख्या 78/23 दर्ज है। इसके अलावा वर्तमान लूट की घटना में मुकदमा अपराध संख्या 803/26 दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे अभियुक्त पुष्कर दुबे के विरुद्ध भी वर्तमान लूट की घटना में मुकदमा दर्ज है।

खबर एक नज़र

960 किसानों के खातों में पहुंचे 42.26 लाख रुपये, 48 का भुगतान अटका

स्वतंत्र भारत मधुबन। बाढ़ से प्रभावित मधुबन तहसील के 960 किसानों के खातों में आपदा राहत के तहत 42 लाख 26 हजार 840 रुपये भेजे गए हैं। वहीं, बैंक खाते में गड़बड़ी के कारण 48 किसानों का भुगतान अटक गया है। तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा ने बताया कि संबंधित किसानों के बैंक विवरण में सुधार कराया जा रहा है। त्रुटियां दूर होते ही शेष किसानों को भी राहत राशि भेज दी जाएगी।

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी का आरोप, प्रधान पति ने दी तहरीर

स्वतंत्र भारत मधुबन। ग्राम सभा दरगाह के प्रधान पति लक्ष्मण वर्मा ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए मधुबन थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि दरोगा के विदाई समारोह की तस्वीर पर विष्णु जायसवाल नाम की आईडी से गाली-गलौज और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

21 शिक्षक प्रशस्त ऐप से जुड़े, एसआरजी ने किया विद्यालयों का भ्रमण

स्वतंत्र भारत मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना में बीएसए संतोष कुमार उपाध्याय एवं खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी के निर्देश पर एसआरजी सदस्य संजय कुमार तिवारी ने रविवार को विभिन्न मदरसों एवं मोमिन अंसार गर्ल्स इंटर कॉलेज, अतरारी का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षकों को प्रशस्त ऐप, निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और समावेशी शिक्षा की जानकारी दी गई। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान के लिए 21 शिक्षकों को प्रशस्त ऐप पर ऑनबोर्ड किया गया। भ्रमण में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, बालिका शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर भी चर्चा हुई।

300 नर्सिंग विद्यार्थियों ने मरीजों की सेवा का लिया संकल्प

स्वतंत्र भारत मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना में सदरपुर गालिबपुर स्थित किंग्स ईडेन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रविवार को 'संकल्पित समर्पण' विषय पर सेमिनार एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और ओटी टेक्नीशियन के करीब 300 विद्यार्थियों को मरीजों की सेवा, देखभाल और उपचार के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि सीओ जितेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डायरेक्टर डॉ. मोनिका गुप्ता ने कहा कि नर्सिंग केवल रोजगार नहीं, बल्कि मानव सेवा और समर्पण का दायित्व है।

फिटनेस एवं न्यूट्रिशन सेंटर का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत मऊ। मुहम्मदाबाद मऊ मार्ग स्थित बाईपास के निकट रविवार को फिटनेस न्यूट्रिशन सेंटर का शुभारंभ शिवजी यादव, मिथिलेश सिंह एवं उनके सहयोगियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग, नियमित व्यायाम और संतुलित खान-पान अपनाने की जानकारी दी गई। संचालकों ने बताया कि सेंटर पर लोगों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान अप्पू सिंह, विवेक सिंह, रवि कुमार, मनोज श्रीवास्तव, भानु यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

दूर-दराज परीक्षा केंद्रों से परीक्षार्थी और अभिभावक परेशान

स्वतंत्र भारत मऊ।मुहम्मदाबाद गोहना में पीईटी परीक्षा के अंतिम दिन रविवार को दूर-दराज परीक्षा केंद्र मिलने से परीक्षार्थियों और अभिभावकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों के परिजन रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर समय बिताते नजर आए। अभिभावकों ने बताया कि 300 से 400 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र आवंटित होने से उन्हें आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने सरकार से परीक्षा केंद्रों के आवंटन में दूरी का ध्यान रखने की मांग की।

विधिक सहायता शिविर में 44 विभागों ने लगाए स्टॉल

स्वतंत्र भारत मऊ। नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में रविवार को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश संजय कुमार यादव ने शिविर का उद्घाटन किया। इसमें 44 सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, ट्राइसाइकिल और लैपटॉप वितरित किए गए। इस दौरान जिलाधिकारी आनंद वर्धन, एसपी सर्वेश मिश्रा और सीडीओ ध्रुव खड़िया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश ने लोगों से निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाने की अपील की।

पीईटी-2026 सकुशल संपन्न, दूसरी पाली में 1,313 अभ्यर्थी अनुपस्थित

स्वतंत्र भारत मऊ। जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दूसरी पाली में 6,240 अभ्यर्थियों में से 4,927 उपस्थित हुए, जबकि 1,313 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए थे।

पाइप चोरी करते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

स्वतंत्र भारत मुहम्मदाबाद गोहना। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चलीसव गांव में रविवार को लोहे की दुकान से पाइप चोरी करते समय ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद युवक किशोरी निवासी सरायलखंसी को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में न्यायालय चालान कर दिया। युवक ने पूछताछ में शराब पीने के लिए पाइप बेचने की बात स्वीकार की।

एडमिशन के नाम पर ठगी के 54 हजार रुपये वापस

स्वतंत्र भारत मऊ। अकादमी में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी के शिकार कटिहारी निवासी अंगेश शर्मा को घोसी पुलिस की साइबर टीम ने 54 हजार रुपये वापस करा दिए। पीड़ित ने पांच अक्टूबर को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर ठगी की रकम होल्ड कराई और रविवार को पूरी धनराशि वापस करा दी।

डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य मनोनीत



स्वतंत्र भारत जौनपुर। बीआरपी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही शिक्षा जगत, शुभचिंतकों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल जी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि एक छोटे और साधारण कार्यकर्ता पर नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना तथा शिक्षक समाज की आवाज को मजबूती प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी। शिक्षक समुदाय की समस्याओं, अपेक्षाओं और हितों को संगठन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का प्रयास करेंगे। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि इस जिम्मेदारी को वह केवल पद नहीं, बल्कि संगठन और शिक्षक समाज की सेवा का अवसर मानते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

पुलिस को मिली सफलता, नाजायज गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत शाहगंज जौनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली शाहगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को नाजायज गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी शाहगंज प्रतीमा बर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शाहगंज दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बहादुर पुत्र स्व0 धर्मराज उर्फ धर्मु निवासी ताखा पश्चिम थाना कोतवाली शाहगंज ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी बताया जा रहा है, जिसके विरुद्ध पहले से भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल आनन्द कुमार और कांस्टेबल सूर्य कुमार यादव शामिल रहे।

मनीष यादव बने राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष, देव नारायण पाल को जिला मंत्री की जिम्मेदारी

स्वतंत्र भारत जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की जिला इकाई का गठन करते हुए मनीष यादव को जिलाध्यक्ष और देव नारायण पाल को जिला मंत्री चुना गया। पूजा पैलेस में आयोजित जिला सम्मेलन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें लोक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन विभाग सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। नई कार्यकारिणी में रमाशंकर बिंद को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमानाथ यादव को उपाध्यक्ष तथा प्रेम धर उपाध्याय को संरक्षक चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसपी सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सम्मेलन में 12 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित कर्मचारी आक्रोश रैली में जौनपुर से बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, संविदा एवं ठेका कर्मचारियों का नियमितीकरण, आठवें वेतन आयोग में 3.8 फिटमेंट फैक्टर, पांच प्रतिशत इंक्रीमेंट, निजीकरण पर रोक तथा 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ते का भुगतान शामिल है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनीष यादव और जिला मंत्री देव नारायण पाल ने कहा कि कर्मचारी हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। रैली की तैयारी के लिए विभिन्न विभागों में बैठकें कर कर्मचारियों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, राज्य अध्यक्ष कमल अग्रवाल सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

लखापुर की 80 वर्ष पुरानी रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर का मंचन

स्वतंत्र भारत कचगांव जौनपुर। क्षेत्र के सलखापुर गांव में 80 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक मौनी बाबा रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार की रात सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अमरेश रतन सिंह रंगीले ने फीता काटकर किया। इसके बाद सुरेंद्र प्रताप सिंह सेठ और समिति के प्रबंधक संत प्रसाद सिंह धुरंधर ने भगवान श्रीराम और माता सीता की आरती उतारी। मंचन के दौरान सीता स्वयंवर में देश-विदेश से आए राजा शिव धनुष को उठाने में असफल रहे। इससे राजा जनक चिंतित हो गए और उन्होंने निराशा व्यक्त की। जनक के वचन सुनकर लक्ष्मण का क्षत्रिय स्वाभिमान जाग उठा। इस बीच महर्षि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को धनुष उठाने का संकेत दिया। श्रीराम ने जैसे ही शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए डोरी खींची, धनुष टूट गया।

109 विद्यालयों के विद्यार्थियों को संविधान और कानूनी अधिकारों की मिलेगी जानकारी

स्वतंत्र भारत जौनपुर। विद्यार्थियों को संविधान, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में विशेष विधिक साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डॉ. दिलीप सिंह को विधिक साक्षरता क्लब में प्रशिक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह जनपद के 109 विद्यालयों के विद्यार्थियों को संवैधानिक एवं विधिक विषयों पर जानकारी देंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील शशि तथा पूर्णकालिक सचिव सुशील सिंह की देखरेख में अभियान संचालित किया जा रहा है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने डॉ. दिलीप सिंह को शिक्षक के रूप में नियुक्त किया है। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल शिक्षक नामित किया गया है।

भोजपुरी स्टार जितेन्द्र झा को मिला 'बेस्ट परफॉर्मेंस कला श्री' अवार्ड



स्वतंत्र भारत जौनपुर। यमदग्नि ऋषि की धरती में पले बढ़े मां शीतला चौकिया के आशीर्वाद से भोजपुरी फिल्म जगत के चर्चित स्टार सिंगर एवं अभिनेता जितेन्द्र झा को सबरंग फिल्म अवार्ड 2026 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट परफॉर्मेंस कला श्री' अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुंबई के मलाड में 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस भव्य समारोह में भोजपुरी सिनेमा और मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी, प्रदीप पांडेय चिंटू, यश मिश्रा, रितेश पांडेय सहित अनेक फिल्मी सितारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर जितेन्द्र झा ने अपनी शानदार प्रस्तुति, दमदार अभिनय और कला प्रतिभा से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्हें मिले इस सम्मान से भोजपुरी कला जगत में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पण का प्रतीक मानी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में कुलदीप श्रीवास्तव एवं सबरंग अवार्ड की पूरी टीम ने समारोह में उपस्थित अतिथियों, कलाकारों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने जीती पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता

स्वतंत्र भारत जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को टीम के कप्तान बृजेश यादव ने विजेता ट्रॉफी विश्वविद्यालय के भेंट की।इस अवसर पर कुलपति ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह एवं टीम के अन्य सदस्यों का कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। । इस अवसर पर सचिव, खेलकूद परिषद प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को थाना भुड़कुड़ा पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार



स्वतन्त्र भारत भुड़कुड़ा। अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना भुड़कुड़ा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 263/26 धारा 69,352 बीएनएस से सम्बन्धित पीड़िता उम्र करीब 21 वर्ष के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र मबली राम निवासी ग्राम घटारो थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 26 वर्ष को बुढानपुर बाजार से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। आशीष कुमार पुत्र मबली राम निवासी ग्राम घटारो थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 26 वर्ष मु0अ0सं0 263/26 धारा 69,352 बी.एन.एस. थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर । उ0नि0 रणजीत कुमार सिंह मय हमराह थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर

आपसी मतभेद भुलाकर फिर एक हुए चार दंपति, परिवार परामर्श केंद्र ने कराई सकुशल विदाई

स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को पति-पत्नी के विवाद से संबंधित कुल 23 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस दौरान काफी समय से आपसी मतभेद के कारण अलग रह रहे चार दंपतियों को काउंसलिंग एवं मध्यस्थता के माध्यम से समझाया-बुझाया गया। दोनों पक्षों ने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक साथ रहने पर सहमति जताई। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने चारों दंपतियों की सकुशल विदाई कराई। इस पहल से चार परिवारों में एक बार फिर खुशियां लौट आईं। सुनवाई के दौरान पांच प्रकरणों में आपसी सहमति एवं सुलह होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। वहीं नौ प्रकरणों में विधिक सुझाव देते हुए निस्तारण किया गया। तीन प्रकरणों में दोनों पक्षों के उपस्थित नहीं होने के कारण पत्रावली बंद कर दी गई, जबकि शेष प्रकरणों में मध्यस्थता की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। इस पूरी प्रक्रिया में काउंसलर विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथ राम, कमरुद्दीन, पूजा श्रीवास्तव, अनीता यादव, मनोरमा राय, महिला आरक्षी सोनाली, संध्या, सविता, रागिनी चौबे तथा आरक्षी शिवशंकर यादव सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को आपसी बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के जरिए सुलझाकर परिवारों को टूटने से बचाना है।

यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ, एसपी विनय कुमार सिंह ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी


स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर विनय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. राकेश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद मोटरसाइकिल एवं ई-रिक्शा रैली निकाली गई। रैली पुलिस कार्यालय से प्रारंभ होकर सांसद तिराहा, लंका, विशेश्वरगंज और रौजा होते हुए यातायात कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना पुलिस और प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन केवल चालान और दंड से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों को अपनी दैनिक आदत में शामिल करना चाहिए। यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख चौराहों, तिराहों, बाजारों, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने तथा गलत दिशा में वाहन संचालन से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट का चिह्नांकन कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने और नशे में वाहन संचालन करने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। व्यावसायिक एवं सार्वजनिक परिवहन के चालकों को भी सुरक्षित वाहन संचालन और निर्धारित क्षमता के अनुसार सवारी बैठाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, गोल्डन ऑवर के महत्व और गुड सेमेरिटन (नेक मददगार) की भूमिका के संबंध में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। गाजीपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक के साथ पीछे बैठा व्यक्ति भी हेलमेट अवश्य लगाए। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें और नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। यातायात संकेतों एवं नियमों का पूरी तरह पालन करें। पुलिस ने कहा कि आपकी थोड़ी सी सावधानी किसी का पूरा जीवन बचा सकती है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार, 02 नवम्बर, 2026

अयोध्या
अम्बेडकर नगर

मुख्यमंत्री योगी दीपोत्सव की तैयारियों का आज लेने आयेंगे जायजा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 2 नवंबर को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। वह दीपोत्सव की तैयारियों का ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जायजा लेंगे। सीएम योगी राम की पैड़ी, रामकथा पार्क और साकेत महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। 7 नवंबर को अयोध्या में दीपोत्सव का मुख्य आयोजन होना है। दीपोत्सव के मुख्य अतिथियों और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है। सीएम के प्रस्तावित दौरे को देखते



हुए आज डीएम शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कार्यक्रम स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों में हुई बारिश से तैयारियों पर थोड़ा प्रभाव पड़ा था, लेकिन पहले से तैयारी होने के कारण कोई बड़ी समस्या नहीं है। डीएम के मुताबिक सभी तैयारियां समय से चल रही हैं। कल के निरीक्षण में यदि कोई कमी सामने आती है तो उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाएगा। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि दीपोत्सव क्षेत्र को जोन और सेक्टर में बांटकर तैयारियों की निगरानी की जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए इंटर-डिस्ट्रिक्ट और इंट्रा-डिस्ट्रिक्ट डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। पूरे आयोजन क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। येलो जोन कंट्रोल रूम के साथ इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी बनाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपदीय पुलिस के अलावा रेंज, जोन और पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स मिली है। स्पेशल सिक्योरिटी एजेंसियों की भी तैनाती की गई है, ताकि दीपोत्सव और वीआईपी दौरे को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

आजम खान की गिरफ्तारी, लोकतंत्र में तानाशाही : सांसद संजय सिंह

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी आज सुबह 11.00 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। उनके अयोध्या आगमन पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे, संत श्री आलोक द्विवेदी, राजीव पाठक, यूके द्विवेदी, अखिलेश गौतम सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने सांसद संजय सिंह



का स्वागत किया। मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी ने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को पकड़ने के नाम पर लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के वोट काट दिए गए हैं। यह लोकतंत्र और मताधिकार के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से नहीं काटा जाना चाहिए। सांसद संजय सिंह जी ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित रैली का उद्देश्य भी वोट चोरी के मुद्दे को उठाना और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है, लेकिन लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय सिंह जी ने कहा कि जिस तरह लंबी कानूनी प्रक्रिया और जमानत मिलने के बाद, उनकी उम्र लगभग 80 वर्ष होने के बावजूद, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के साथ इस तरह की कार्रवाई लोकतंत्र में भय और दबाव का माहौल पैदा करती है। उन्होंने एयरपोर्ट पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं साथियों का स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

जलभराव से राहगीर परेशान, सड़क निर्माण की मांग

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) कोतवाली नगर के जनौरा जाने वाले मार्ग पर प्रभात डांस क्लास के सामने मार्ग पर जलभराव की समस्या से स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पानी भरा होने के कारण आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने ठेकेदारों पर आरोप लगाया है कि महीने भर से मार्ग खराब है लेकिन अभी तक बन नहीं रही है। वार्ड के लोगों ने नगर निगम अयोध्या से मांग की है कि जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द उक्त मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को जलभराव और आवागमन की समस्या से निजात मिल सके। शिकायत करने वालों में झिन्नन यादव, राजू कोरी, अखिलेश कुमार, नग्गू, रिकू, पिंकी, नौरंग, सूरज, रवि, नन्हे, अजय कुमार,



विजय पासी, करिया, विकास यादव, संदीप, जन्नू, कृष्णा एवं विक्रम सहित अन्य स्थानीय लोग शामिल हैं।

पुलिस ने चोरी का किया पर्दाफाश मामले में आरोपी मां-बेटे हुए गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण किया। पुलिस ने चोरी के मामले में बरेली निवासी मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय प्रभात दुआ और उसकी 42 वर्षीय मां मीना दुआ के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बरेली के इज्जत नगर थाना क्षेत्र की वीर सावरकर कॉलोनी के निवासी हैं। 21 सितंबर को महाजनी टोला निवासी व्यक्ति की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 1 नवंबर को मर्चरी हाउस के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-



चांदी के आभूषण बरामद किए गए। बरामदगी में एक सोने का हार, सात जोड़ी कान के टॉप्स और दो जोड़ी कान की बालियां शामिल हैं। इसके अलावा चार सोने के कंगन, दो सोने की चेन, 30 चांदी के सिक्के और एक चांदी की नाक की कील बरामद हुई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पथ संचलन में दिया राष्ट्रसेवा का संदेश

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रुदौली एवं खंड के तत्वावधान में आज नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। नयागंज मोहल्ला स्थित ओम हरि आर्य लॉन से प्रारंभ हुए पथ संचलन में पूर्ण गणवेश एवं दंड के साथ कदमताल करते स्वयंसेवकों का अनुशासित स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। नगर के विभिन्न मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अविनाश पांडेय, अधिवक्ता एवं सदस्य, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन तथा दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन, समरसता और राष्ट्रभाव को मजबूत करना है। संघ की शाखा व्यक्ति के भीतर सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि संगठित एवं जागरूक समाज ही राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने आचरण,



व्यवहार और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री चंद्र ने की। उनके मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की एकजुटता, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता देखने को मिली। पथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गों एवं प्रमुख चौराहों से होकर गुजरा। जगह-जगह नागरिकों द्वारा की गई पुष्पवर्षा एवं स्वागत से पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। नगरवासियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर नगर संघचालक भीष्म नारायण, नगर कार्यवाह अंगद कुमार, खंड संचालक राजेश कुमार, खंड कार्यवाह संतोष कुमार, विभाग शारीरिक प्रमुख महेंद्र सिंह, सह जिला कार्यवाह संजय, विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, जिला प्रचारक अजय एवं नगर प्रचारक अभिषेक सहित विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारी, प्रतिनिधिगण एवं विधायक राम चन्द्र यादव उपस्थित रहे। पथ संचलन अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंच कर ओम हरि आर्य लॉन में समाप्त हुआ।

आजम खान पर कार्यवाही कानून के खिलाफ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जनाब आजम खान के खिलाफ लगातार हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुकदमों और कानूनी कार्रवाई के नाम पर जिस तरह आजम खान को लगातार कानूनी उलझनों में घेरा जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता को इस तरह लगातार परेशान किए जाने जैसी परिस्थितियां लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। जय सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन इंसाफ, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की



अहमियत हमेशा बनी रहती है। सत्ता का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के बजाय जनता की सेवा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्ता का अहंकार कभी स्थायी नहीं रहता। हुक्मरानों को यह समझना चाहिए कि कुर्सियां बदलती रहती हैं, लेकिन उनके फैसले इतिहास में दर्ज होते हैं और वक्त उनका हिसाब करता है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इंसाफ की आवाज को कुछ समय के लिए दबाया जरूर जा सकता है, लेकिन उसे मिटाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय और संवैधानिक अधिकारों की गारंटी मिलनी चाहिए।

अवधी अवार्ड शो में सम्मानित होंगी डिजिटल दुनिया की प्रतिभाएं



स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) अवध की भाषा, लोकसंस्कृति और कला को डिजिटल दुनिया में नई पहचान दिलाने वाले कलाकारों को सम्मानित करने के लिए 2 नवंबर को अयोध्या में अवधी अवार्ड शो का आयोजन होगा। अयोध्या-रायबरेली रोड स्थित 3 एजी होटल एंड रिसोर्ट में दोपहर दो बजे से आयोजित कार्यक्रम में सोशल मीडिया के चर्चित

बृजभूषण शरण सिंह होंगे मुख्य अतिथि, अवधी गायक दिवाकर द्विवेदी और उद्योगपति आनंद पाण्डेय की रहेगी विशेष मौजूदगी

कॉमेडियन, रील क्रिएटर, इन्फ्लुएंसर और गायक शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध अवधी गायक दिवाकर द्विवेदी और प्रतापगढ़ के उद्योगपति आनंद पाण्डेय मौजूद रहेंगे। आयोजन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा के नेतृत्व में होगा। गायक एवं अभिनेता विवेक पाण्डेय कार्यक्रम के संयोजक तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी संरक्षक हैं। मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में बिट्टी के पापा शरद यादव, आर्यन बाबू, मानवेंद्र सिंह, रोली जौनपुरिया, जितिन शुक्ला, रिंकू विश्वकर्मा, पवन तिवारी, ढेला बाबा, कुलदीप कुमार, चंदा भौजी, पवन पंडित और रमेश दुबे समेत कई चर्चित कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजक सुशील मिश्रा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य अवधी भाषा, कला और संस्कृति को व्यापक पहचान दिलाने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम डेरामूसी में देखने को मिल रहा है। श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप' एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्रीय जनता की ऐतिहासिक भागीदारी ने इस धार्मिक आयोजन को भव्यता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। वृन्दावन धाम से पधारीं सुप्रसिद्ध कथा व्यास पूज्य साध्वी शिवा किशोरी जी ने चौथे दिन भरत चरित्र, वामन अवतार चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र एवं भगवान श्रीराम की पावन कथा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उनकी ओजस्वी एवं मधुर अमृतवाणी से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान भक्ति, त्याग, समर्पण और धर्म के संदेशों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। चौथे दिन का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण का भव्य जन्मोत्सव रहा।



जैसे ही कथा पंडाल में नंदलाल के जन्म का प्रसंग आया, पूरा वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमने लगे। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों के उत्साह ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया। क्षेत्रीय जनता की ऐतिहासिक सहभागिता से राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप' एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित करती नजर आ रही है। कथा के चौथे दिन उमड़ी भारी भीड़ ने आयोजन के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी श्रद्धा एवं आस्था को प्रदर्शित किया। आयोजक श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप' एवं समस्त परिवार ने कथा में पधारे श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन प्रभु की कृपा, पूज्य संतों के आशीर्वाद और क्षेत्रीय जनता के अपार स्नेह एवं सहयोग से निरंतर भव्यता प्राप्त कर रहा है। डेरामूसी की पावन धरती पर आयोजित यह श्रीमद्भागवत कथा अब केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सामूहिक आस्था, एकता और सनातन संस्कृति का भव्य उत्सव बनती जा रही है। जय श्री राधे-कृष्ण। जय कन्हैया लाल की।

दीपोत्सव में 14 झांकियों से जीवंत होगी रामकथा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) दीपोत्सव-2026 में रामनगरी की सड़कों पर भगवान श्रीराम की जीवन यात्रा और रामायण के प्रमुख प्रसंगों का भव्य दृश्य देखने को मिलेगा। संस्कृति विभाग की ओर से इस बार रामकथा के सातों कांडों पर आधारित 14 झांकियां तैयार की जा रही हैं। इनमें बालकांड से लेकर उत्तरकांड तक की प्रमुख घटनाओं को 3डी मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इन झांकियों की खासियत यह होगी कि रामायण के प्रसंगों के साथ उत्तर प्रदेश के 7 अलग-अलग अंचलों के लोकनृत्यों को देश के अन्य राज्यों की लोककलाओं से जोड़ा जाएगा। इस तरह दीपोत्सव की झांकी यात्रा में रामकथा के साथ देश की सांस्कृतिक विविधता और लोक परंपराओं का भी अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यह यात्रा साकेत महाविद्यालय से शुरू होकर रामकथा पार्क तक पहुंचेगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, इन झांकियों की शुरुआत बालकांड के प्रसंगों से होगी, जिसमें पुत्रेष्टि यज्ञ, गुरु विश्वामित्र द्वारा श्रीराम और लक्ष्मण को शस्त्र विद्या का ज्ञान देना, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर और श्रीराम विवाह के दृश्य प्रदर्शित किए जाएंगे। पंचवटी से जुड़े प्रसंगों को भी इसमें स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया इन दृश्यों को 3डी मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ अयोध्या धाम का प्रमुख लोकनृत्य फरुवाही और उत्तराखंड का छोलिया नृत्य कलाकारों की सांकेतिक प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। अयोध्याकांड पर आधारित झांकी में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन से जुड़े प्रसंगों को दिखाया जाएगा। इसमें केवट द्वारा तीनों को गंगा पार कराना, चित्रकूट के घाट पर श्रीराम-लक्ष्मण और तुलसीदास का प्रसंग, श्रीराम द्वारा भरत को चरण पादुका प्रदान करना और राजसिंहासन पर चरण पादुका स्थापित किए जाने के दृश्य शामिल होंगे। इन प्रसंगों के जरिए त्याग, समर्पण और भाईचारे का संदेश सामने आएगा। इस झांकी के साथ अवध अंचल का ढेढिया लोकनृत्य और मध्य प्रदेश का मटकी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, अरण्यकांड की झांकी में स्वर्ण मृग प्रसंग, रावण का साधु वेश में माता सीता से भिक्षा मांगना, शबरी आश्रम में श्रीराम और लक्ष्मण का आगमन तथा रावण-जटायु युद्ध के दृश्य प्रदर्शित होंगे। इसके साथ पूर्वांचल का धोबिया नृत्य और हरियाणा का घूमर नृत्य सांकेतिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। सुंदरकांड पर आधारित झांकी में समुद्र पार करने से पहले श्रीराम का समुद्र पर बाण चलाने के लिए तैयार होना और समुद्र देव का प्रकट होना प्रमुख दृश्य होंगे। इसके अलावा माता सीता द्वारा हनुमान जी को चूड़ामणि और मुद्रिका प्रदान करना, मंदोदरी द्वारा रावण को समझाना, हनुमान जी का लंका दहन और उनके द्वारा श्रीराम का गुणगान करने के प्रसंग भी दिखाए जाएंगे। इन दृश्यों को 3डी मॉडल के माध्यम से जीवंत रूप दिया जाएगा। इसके साथ सोनांचल का प्रमुख आदिवासी लोकनृत्य करमा और छत्तीसगढ़ का छाऊ नृत्य प्रस्तुत होगा। वहीं, किष्किंधाकांड की झांकी में श्रीराम और हनुमान के प्रथम मिलन, सुग्रीव-बालि युद्ध, सुग्रीव की सहायता के लिए श्रीराम द्वारा पेड़ की ओट से बाण चलाने, जामवंत से मंत्रणा और सुग्रीव के राज्याभिषेक के दृश्य शामिल किए जाएंगे। इस झांकी में बुंदेलखंड का राई नृत्य और गुजरात का गरबा-डांडिया दर्शकों के आकर्षण का केंद्र होंगे। लंकाकांड पर आधारित झांकी में राम-रावण युद्ध के साथ युद्ध के महत्वपूर्ण प्रसंगों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, श्रीराम की गोद में मूर्छित अवस्था में लेटे लक्ष्मण जी, रामेश्वरम में श्रीराम द्वारा शिवलिंग की स्थापना और रावण की सभा में अंगद का पैर जमाने का दृश्य शामिल होगा। इसके साथ लंका विजय के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता पर देवताओं द्वारा पुष्पवर्षा तथा पुष्पक विमान से अयोध्या वापसी के प्रसंग भी दिखाए जाएंगे। उत्तरकांड पर आधारित अंतिम झांकी में श्रीराम राज्याभिषेक और रामराज्य की स्थापना के प्रसंगों को प्रमुखता दी जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्रीराम दरबार की आरती के प्रतीकात्मक दृश्य के साथ श्रीराम राज्याभिषेक और देवताओं द्वारा पुष्पवर्षा को प्रदर्शित करने की योजना है। इसके अलावा भरत मिलाप और गरुड़ जी द्वारा श्री कागभुशुंडि से रामकथा श्रवण करने के प्रसंग भी 3डी मॉडल के जरिए दिखाए जाएंगे। इस झांकी के साथ पश्चिमांचल का प्रमुख गूजरी लोकनृत्य और राजस्थान का कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इससे रामकथा के अंतिम चरण को लोक संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के साथ जोड़कर दिखाया जाएगा।

आजमगढ़/बलिया/देवरिया

डीएम ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन संपन्न कराने के दिए निर्देश



स्वतंत्रभारत देवरिया।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार को पीईटी-2026 परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तथा बाबा राघव दास इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी, सुरक्षा इंतजाम तथा परीक्षार्थियों के आवागमन की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परीक्षा संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही केंद्रों पर पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता भी देखी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रहें तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जाए। परीक्षार्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए और परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात बाधित न होने पाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

विकास कार्यों, आईजीआरएस, विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा



स्वतंत्र भारत देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, आईजीआरएस, विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा कराने तथा सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी गौरीबाजार, भलुअनी एवं सलेमपुर का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक के दौरान अंत्येष्टि स्थल, व्यक्तिगत शौचालय, भूमि की उपलब्धता, पंचायत भवन सहित अन्य निर्माण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कार्यवार प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए।आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत, देसही देवरिया एवं खंड विकास अधिकारी, देवरिया को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी विशेष ध्यान रखा जाए।इसके अतिरिक्त विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दोनों योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, जिला विकास अधिकारी, डीएफओ, सभी बीडीओ एवं एडीओ पंचायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 181 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

पथरदेवा में आयोजित समारोह में 170 हिंदू और 11 मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न



स्वतंत्र भारत देवरिया।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा के प्रांगण में सामूहिक विवाह समारोह

- कृषि मंत्री ने दिया नवदंपतियों को आशीर्वाद

का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 181 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 170 हिंदू एवं 11 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।कार्यक्रम में तरकुलवा ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, नगर पंचायत तरकुलवा के अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, भाजपा नेता प्रभात सिंह, रणधीर सिंह गोलू, दिनेश प्रसाद, संजय सिंह, रामायन साहनी, ग्राम प्रधान रविंद्र खरवार, उषा यादव, रमाशंकर कुशवाहा, राम आशीष प्रसाद, राजू भारती, जीवन पति त्रिपाठी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कुशीनगर रमाशंकर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के ऐसे गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए सहायता प्रदान की जाती है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। इसमें विवाहित कन्या के बैंक खाते में 64 हजार रुपये की धनराशि अंतरित की जाती है, जबकि 21 हजार रुपये की गृहस्थी की सामग्री प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं।

जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

स्वतंत्र भारत देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा उपकरणों तथा साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से दुरुस्त रखी जाएं।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, सहित संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में स्वच्छता कार्यों की समीक्षा

15 नवंबर तक पंचायत भवन एवं अंत्येष्टि स्थलों के कार्य पूर्ण करने के निर्देश



स्वतंत्र भारत देवरिया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित स्वच्छता संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को निर्देशित किया कि 15 नवंबर तक निर्माणाधीन पंचायत भवनों का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थलों के कार्यों को भी निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए नियमित अनुश्रवण किया जाए। ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पिंक प्रेरणा स्वरोजगार से महिलाओं को मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया अवसरः जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने स्वरोजगारियों के स्टॉलों का किया उद्घाटन



आजमगढ़ । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पिंक प्रेरणा स्वरोजगार पहल के तहत आज विकास खण्ड परिसर तहबरपुर में महिला स्वरोजगारियों द्वारा लगाए गए स्टालों का उद्घाटन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस पहल के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि करने तथा उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत पिंक ठेला स्वरोजगार योजना के तहत कुल 10 महिला स्वरोजगारियों का चयन कर उन्हें व्यवसाय संचालन के लिए ठेले उपलब्ध कराए गए हैं। विकास खण्ड परिसर के सामने इन महिलाओं द्वारा अपनी दुकानें स्थापित की गई हैं, जहां वे विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित कर सकेंगी। इससे महिलाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने का अवसर मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने महिला स्वरोजगारियों के स्टालों का उद्घाटन कर उनके द्वारा संचालित की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस प्रकार की पहल से महिलाएं अपनी आजीविका के लिए स्वयं सक्षम बनेंगी तथा परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला स्वरोजगारियों को व्यवसाय संचालन में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके व्यवसाय सुचारु रूप से संचालित हों और उन्हें निरंतर आय अर्जित करने के अवसर प्राप्त हों। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी निजामाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त स्वतः रोजगार आराधना त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी तहबरपुर सिद्धार्थ सिंह (आईएएस), प्रमुख क्षेत्र पंचायत तहबरपुर प्रतिनिधि अजीत यादव सहित ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला स्वरोजगारियां उपस्थित रहीं।

प्रदेश अध्यक्ष हरिशंद्र सिंह के बहराइच आगमन पर एनसीपी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



आजमगढ़ । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ह्यष्टक्क) के प्रदेश अध्यक्ष श्री हरिशंद्र सिंह के जनपद बहराइच आगमन पर जिला संगठन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित ह्यष्टक्क के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ह्यष्टक्कके प्रदेश मंत्री श्री मनोज पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जनसेवा के संकल्प को भी और मजबूती प्रदान की जाएगी। मनोज पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का बहराइच आगमन संगठन के लिए गौरव और उत्साह का विषय है। उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी।उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि संगठन की नीतियों और जनसेवा के संकल्प को आम जनता तक पहुंचाने का काम लगातार जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में ह्यष्टक्क को जनपद में और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जाएगा।पार्टी नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के सफल नेतृत्व और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

देवरिया सरस मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शित किए अपने हुनर और स्वनिर्मित उत्पाद

स्वतंत्र भारत देवरिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास भवन परिसर में 27 से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय देवरिया सरस मेला-2026 का आयोजन किया गया। 'सशक्त महिला, समृद्ध देवरिया' थीम पर आयोजित मेले का शुभारंभ सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों और उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मेले में उपायुक्त (स्वतः रोजगार)/जिला मिशन प्रबंधक, विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक मिशन प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, लखपति दीदियों सहित जनपद के सभी विकास खंडों से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पादों के साथ प्रतिभाग किया। महिलाओं ने स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पादों, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, अचार, मसाले, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, झाड़ू, परिधान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के स्टॉल लगाए। इन उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के माध्यम से महिलाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने तथा व्यापक बाजार से जुड़ने का अवसर मिला।विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने तथा परिवार एवं समाज के विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय देवरिया सरस मेला ग्रामीण महिलाओं के हुनर, उद्यमशीलता और सामूहिक प्रयासों को मंच देने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

डीएम ने जनपद में चल रहे पीईटी परीक्षा-2026 के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



आजमगढ़ । जनपद आजमगढ़ में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (क्ष्श्रज्ञ)-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गांधी गुरुकुल इंटर कॉलेज,सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे आदि का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन की तैयारियों तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मुस्तैदी की जांच की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों की ड्यूटी चेक करते हुए उन्हें निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मी एवं अन्य कर्मचारी पूरी सतर्कता बरतें तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए तथा किसी भी समस्या की जानकारी मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

मिशन शक्ति 6.0 के तहत नवंबर में चलेगा विशेष जागरूकता अभियान

स्वतंत्र भारत देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को आयोजित समीक्षा बैठक में मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत नवंबर माह में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पात्र महिलाओं और बालिकाओं को योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक जनपद के चिह्नित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी/अपर उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह ने बताया कि अभियान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन, देवरिया एवं वन स्टॉप सेंटर से प्राप्त प्रकरणों वाले क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कोतवाली, तरकुलवा, गौरीबाजार, भटनी, सलेमपुर, रामपुर कारखाना, महुआडीह, भाटपाररानी एवं अन्य चिह्नित थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों और गांवों को शामिल किया गया है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं, उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अभियान में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, वन स्टॉप सेंटर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्मिकों की सहभागिता रहेगी।

सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। सीएमओ कीर्ति कुमार मिश्रा ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चिकित्सक विवेक खरे द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीजों का उपचार करते हुए मिले सीएमओ द्वारा गलरा गांव में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन शुरू कराने के लिए भवन के व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कराया जा सके जिससे मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ मिल सके इस संबंध में सीएमओ कीर्ति कुमार मिश्रा ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया जंहा पर चिकित्सक द्वारा मेला में उपचार करते हुए मिले गलरा गांव में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन शुरू कराने के लिए व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कराया जा सके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्थाओ के लिए जो कमिया है उसके मांग के लिए डिमांड भेजे व्यवस्थाओ को पूरा कराया जा सके इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे, डॉक्टर रीना पटेल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



सहायता शिविर में उमड़ा जनसैलाब, जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को बांटी ट्राईसाइकिल



स्वतंत्र भारत, बलिया। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलित करने तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, असहाय एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। जिसमें जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु 30 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी ली। शिविर परिसर में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।इस दौरान जनपद न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा ने उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया गया। वहीं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना, किसान कल्याण योजनाएं तथा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाएं प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को न्याय के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुलभ, निःशुल्क एवं त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जरूरतमंद लोगों तक न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी विभागों के अधिकारियों ने जनहित में आपसी सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने का संकल्प लिया।

जन कल्याणकारी योजनाओं द्वारा इन विभागों के लगाए गए स्टॉल

जिसमें राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पंचायती विभाग, जिला विकासखंड/विकास, आवास एवं नगर विकास विभाग, डूडा विभाग, सूचना विभाग, आपदा विभाग, आईटीआई विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, बैंक सहायता ऋण योजनाएं, युवा कल्याण विभाग, वन विभाग, विद्युत वितरण विभाग, खनन विभाग, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, जल शक्ति विभाग, परिवहन विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री पुनीत कुमार गुप्ता, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री प्रथमकान्त, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अपर प्रधान न्यायाधीश श्री कमलापति, अपर जनपद न्यायाधीश श्री प्रमोद कुमार गंगवार, श्री सैफ अहमद, श्री रामकृपाल, श्री हरीश कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शैलेश पाण्डेय, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सुश्री गार्गी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, मीडियाकर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

शराब के नशे में धुत दो महिलाओं और युवक ने बीच सड़क पर मचाया उत्पात, वीडियो हो रहा प्रसारित

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर शराब के नशे में चूर होकर दो महिलाएं और एक युवक आपस में उलझ गए।आपस में कहासुनी के बाद दोनों महिलाएं और युवक एक दूसरे पर चप्पलों बौछार कर मारपीट करने लगे। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। शराब के नशे में धुत दोनों महिलाओं और युवक के इस कारनामे को देख तमाशबीन बने स्थानीय लोग और राहगीर दंग रह गए। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते शनिवार शाम को भैंसोड़ जेर गांव से आए एक युवक और दो महिलाओं ने रतेह चौराहा स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर जाकर शराब खरीदी और तीनों ने आपस में एक साथ बैठकर शराब पी। कुछ देर बाद शराब के नशे में होने पर दोनों महिलाएं और युवक बीच सड़क आपस में कहासुनी कर चप्पल से मारपीट करने लगे।बीच सड़क पर महिलाओं और युवक का उत्पात देख राहगीरों ने डांट फटकार लगाई तो दोनों महिलाएं और युवक कुछ देर बाद वहां से खिसक लिए। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो को देखने के बाद स्थानीय लोगों में महिलाओं के शराब पीकर खुलेआम बीच सड़क पर हंगामा व मारपीट करने को लेकर को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव, गांव में मचा हड़कंप

स्वतंत्र भारत, बाबागंज बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के उत्तर दिशा में स्थित तालाब में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता मिला। शव दिखाई देने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी अधेड़ व्यक्ति को ग्रामीण 'दिलजले' के नाम से जानते थे। वह पिछले दो-तीन वर्षों से गांव में अलग-अलग लोगों के यहां रह रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, गुरुवार को उसे गांव में मिट्टी लाते हुए देखा गया था। इसके बाद से वह लापता था। शनिवार को कुछ ग्रामीण धान की कटाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर तालाब में उतराते शव पर पड़ी। सूचना पर पहुंची रुपईडीहा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक का पूरा नाम और स्थायी पता अभी अज्ञात है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

डबल डेकर बस की टक्कर से युवक की मौत

स्वतंत्र भारत, नानपारा बहराइच। दिल्ली मजदूरी करने जा रहे 20 वर्षीय अशोक की डबल डेकर बस की चपेट में आने से मौत हो गई। सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव गुरघुट्टा पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गया प्रसाद का पुत्र अशोक दोस्तों के साथ दिल्ली जा रहा था। बस के इंतजार में खड़े होने के दौरान सवारियां भरने की होड़ में आई डबल डेकर बस संख्या एआर 06 की 5051 की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया, जिसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। सोमवार को गांव में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर। जनगणना-2027 के दूसरे चक्र के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण रविवार को एचआरए इण्टर कॉलेज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसमें 24 प्रशिक्षकों ने 550 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों और जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया। शनि वार को अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व संदीप केला ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में शुद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना पूरी हो चुकी है, जबकि दूसरे चरण में व्यक्तियों की गणना की जाएगी। इसके तहत 16 नवम्बर से लेकर 30 नवम्बर 2026 तक स्वगणना होगी। एक दिसम्बर 2026 से लेकर चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर लोगों की गणना करेंगे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से स्वगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की। उपजिलाधिकारी योगेन्द्र शरण शाह ने कहा कि पहले चरण में कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया है। दूसरे चरण में भी बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा है। तहसीलदार वीरेन्द्र प्रताप ने प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, दायित्वों और सावधानियों की जानकारी देते हुए पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से लेकर 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण गणन(रिवीजन काउंट) होगी। इस दौरान गणना अवधि में जन्म और मृत्यु जैसी परिस्थितियों में विवरण संशोधित किया जाएगा।

व्यक्ति की संदिग्ध मौत

स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना के बड़गों निवासी छोटे लाल साहू 50 पुत्र स्व जवाहर लाल शनिवार को मानिकपुर नगर मे आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह मे शामिल होने आया।शाम को अचानक वह सड़क किनारे गिरकर अचेत हो गया,जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस ने सीएचसी कालाकांकर भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है।परिजनों मे कोहराम मच गया।रविवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

दुर्घटना में लाईन मैन गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़। बाघराय थाना अंतर्गत विद्युत उपकेन्द्र बिहार मे कार्यरत रमेश कुमार गौतम विभागीय कार्य उपरांत घर जाते समय शकरदहा मोड़ पर शुक्रवार की धन दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिससे उसकी खोपड़ी मे गंभीर चोट आ गई।स्थानीय अस्पताल से एसआरएन प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन हुआ और वह आईसीयू मे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

गंगा बहुद्देशीय सभागार में कृषि विभाग के मिलेट्स स्टॉल का परिवहन मंत्री व अधिकारियों ने किया अवलोकन

स्वतंत्र भारत, बलिया। बताया जाता है कि गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं शिविर कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) का आकर्षक स्टॉल लगाया गया। स्टॉल का अवलोकन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा, जिलाधिकारी बलिया श्री ज्ञानेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री आलोक कुमार ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग की ओर से उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह, प्रधान सहायक उमेश कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी कृषि रामजीत यादव एवं वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

मिलेट्स स्टॉल पर मोटे अनाज से तैयार विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इसमें बाजरे के लड्डू, ज्वार की नमकीन बिस्कुट, सांवा की खीर, सांवा का पोहा सहित अन्य व्यंजन शामिल रहे। अतिथियों को इन व्यंजनों की विशेषताओं एवं उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। जिला न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा एवं जिलाधिकारी श्री ज्ञानेंद्र सिंह ने स्टॉल पर प्रदर्शित सभी व्यंजनों का स्वाद चखा तथा उनकी सराहना की। उन्होंने मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वाद एवं पौष्टिकता की प्रशंसा की। कृषि विभाग द्वारा लगाए गए इस स्टॉल के माध्यम से आमजन को श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व, पौष्टिक गुणों तथा दैनिक खानपान में इनके उपयोग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मिलेट्स आधारित पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।



जन आरोग्य मेले में 229 मरीजों का उपचार, मुफ्त दवा वितरित



स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 229 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43, मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 41, बरौंधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल ने 45, ड्रमंडगंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्रा ने 49 और हलिया में 51 मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उनके स्वास्थ्य के अनुसार दवाएं दीं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मच्छरों से बचाव के साथ खानपान में संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। इस मौसम में सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराना चाहिए।

मीटर के लोड सर्वे डाटा से पकड़ी गई बिजली चोरी अहरौरा में दो आटा चक्की संचालकों पर मुकदमा दर्ज



स्वतंत्र भारत, चुनार (मिर्जापुर)। विद्युत वितरण खण्ड चुनार ने मीटर के लोड सर्वे डाटा के विश्लेषण से बड़ी बिजली चोरी पकड़ी है। अधिशासी अभियन्ता शुभम मिश्रा के नेतृत्व में चले अभियान के तहत अहरौरा क्षेत्र में दो औद्योगिक परिसरों में बिजली चोरी के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में विद्युत चोरी निरोधक थाना, मीरजापुर में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा अधिक भार वाले उपभोक्ताओं के मीटरों से एम.आर.आई. द्वारा प्राप्त लोड सर्वे डाटा का विश्लेषण किया गया। इसमें ऐसे संयोजन चिन्हित किए गए जिनके मीटर प्रतिदिन एक ही समय पर बंद हो जाते थे, जबकि क्षेत्र में आपूर्ति सामान्य थी। इसी आधार पर की गई स्थलीय जांच में चोरी पकड़ी गई। पहला मामला 28 अक्टूबर की रात्रि का है। चौक बाजार, अहरौरा स्थित श्री हिमांशु गुप्ता के औद्योगिक परिसर में स्वीकृत भार 26 किलोवाट के सापेक्ष आटा चक्की चलती मिली, जबकि मीटर में वोल्टेज एवं करंट शून्य था। क्लैम्प मीटर से जांच पर लाइन में 36-38 एम्पियर करंट पाया गया, जो मीटर में दर्ज नहीं हो रहा था। प्रयोगशाला परीक्षण में मीटर के अंदर रिमोट कंट्रोल्ड उपकरण लगा पाया गया, जिससे प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 7 बजे तक मीटर बंद कर चक्की चलाई जा रही थी। मौके पर संयोजित भार 44-24 किलोवाट पाया गया। दूसरा मामला दिनांक 31 अक्टूबर को ग्राम पट्टीकला, अहरौरा स्थित श्री प्रहलाद प्रसाद के औद्योगिक परिसर में मिला। यहां स्वीकृत भार 50 के.वी.ए. के परिसर में परिवर्तक से आने वाली न्यूट्रल केबल काटकर घरेलू संयोजन के न्यूट्रल को एम.सी.बी. के माध्यम से जोड़ा गया था। एम.सी.बी. बंद करते ही मीटर रुक जाता था और चक्की चलती रहती थी। लोड सर्वे के अनुसार मीटर प्रतिदिन रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहता था। संयोजित भार 54-13 किलोवाट पाया गया। दोनों प्रकरणों में आपूर्ति विच्छेदित कर मीटर सील किए गए। जांच दल में उपखण्ड अधिकारी संजय यादव, सहायक अभियन्ता विनय सिंह, अवर अभियन्ता पंचधारी सिंह एवं प्रवर्तन दल के अधिकारी शामिल रहे।

अधिशासी अभियन्ता शुभम मिश्रा ने बताया कि चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और उपभोक्ताओं से मीटर से छेड़छाड़ न करने के लिए अपील किया गया।

मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन



स्वतंत्र भारत बलरामपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के सहयोग से रविवार, 01 नवंबर 2026 को जिला पंचायत भवन के सभागार में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता एवं उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाना तथा विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अवधेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गलरा गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा संचालन



स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के गलरा गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन को लेकर भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा व डिप्टी सीएमओ मुकेश कुमार ने भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।भवन की व्यवस्थाओ को बारीकी से सीएमओ ने निरीक्षण किया है की कार्यदाई संस्था द्वारा भवन में सारी व्यवस्था किया गया है की नहीं इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

अधिवक्ता के हत्या मामले मे पांचवां आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के बरई लोहराबाग दर्जियाना टोला मे बीते दिनों जमीन विवाद मे पड़ोसियों ने लाठी डंडा रॉड से जानलेवा हमलाकर अधिवक्ता आशिक अली को घायल कर दिया जिससे उसकी ईलाज दौरान मौत हो गई।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे पहले ही अभियोग पंजीकृत कर चार आरोपी को जेल भेज दिया।

वर्गीकृत

सूचना

मैं सुनील कुमार S/o जगदीश निवासी मलिहागाढ़ा कंचनपुर जिला उन्नाव का निवासी हूँ। मैंने भा.जी.बी. निगम में एक पॉलिसी सं. 212685684 करायी थी जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम सुरेश कुमार वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा लिख गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार S/o जगदीश है। गाँव में मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।
सी.आर.-1697/L-42

सूचना

मैं राहुल त्रिपाठी पुत्र श्री कामता प्रसाद त्रिपाठी निवासी-22, हौदा तालाब, काकोरी, लखनऊ उ.प्र.-226101, मैं और दर्ज खातेदार श्रीपाल के मध्य दिनांक 07/10/2026 को खसरा सं.-421, रकबा 0.11375 हे., स्थित ग्राम व परगना काकोरी, तहसील व जनपद लखनऊ के विक्रय के संबंध में पंजीकृत अनुबन्ध पत्र निष्पादित हुआ था जो उप निबन्धक सदर, चतुर्थ के समक्ष बही सं.-1, जिल्द सं.-22741 के पृष्ठ 165 से 182 तक क्रमांक 10870 पर पंजीकृत है। जिसका ई-स्टाम्प सं.-IN-UP22746765475125Y है। वास्तव में कहीं खो गयी है। जिसके सम्बन्ध में मैंने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।
सी.आर.-1697/L

कार्यालय ग्राम पंचायत अतिवरा विकास खंड मदनापुर जिला शाहजहांपुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

अन्त्येष्टि स्थलों का विकास योजना के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अतिवरा में वर्ष 2026-27 की अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर समय दिन के 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदाएं खोली जायेंगी।

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1	अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य	24.120 लाख

सामग्री आपूर्ति का विवरण- उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरिंग, बजरी, रेता, सरिया, ईंट रोड़ी, मिट्टी, गिट्टी, टायल्स, लोहे का पाइप, टीन शेड, सफाई किट, प्लास्टिक कूड़ादन, पीवीसी पाइप, सीआईबी बोर्ड, लोहे का गेट, विन्डो, लोहे का तार, हैन्ड पम्प स्थापना, बिजली फिटिंग, रंगाई-पुताई आदि की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जाएगा, अग्रिम नहीं। नोट- यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

केतुकी सिंह प्रधान **दीपेन्द्र कुमार सचिव**

राजकीय महाविद्यालय नाधाभूड़, सहसवान (बदायूँ) उ0प्र0
Government Degree College, Nadhabhood Sahaswan Budaun (U.P.)
Affiliated to M.J.P Rohilkhand University, Bareilly
Website- https://gddnadhabudaun.co.in/.org Email-gdcnadhabudaun@gmail.com
पत्रांक- 182-187/निविदा/2026-27 दिनांक: 30-10-2026

निविदा सूचना

इस महाविद्यालय को वित्त नियंत्रक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्रांक: हिशि बजट / 1716/ 2026-27 दिनांक 22.10.2026 के द्वारा 29-अनुरक्षण मद में 5,00,000/- (पांच लाख रुपये मात्र) प्राप्त हुए हैं। प्राप्त धनराशि के सापेक्ष महाविद्यालय में (1. प्राचार्य कक्ष में पीवीसी पैनल से सज्जा कार्य, 2. पृष्ठभाग बाउंड्रीवॉल की रिपेयर सहित पुताई कार्य एवं 3. महाविद्यालय के मुख्य बरामदे, कार्यालय कक्ष, परीक्षा कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष में पुताई का कार्य) कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु मोहर बंद निविदायें दिनांक 14.11.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म 118 / - नकद जमा कर महाविद्यालय कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार आगणन के आधार पर किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं पर 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करने पर ही विचार किया जायेगा। निविदा खुलने के पश्चात उसी दिन निविदा स्वीकार न होने पर अर्नेस्ट मनी वापस कर दी जायेगी। निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार धरोहर राशि एफ. डी. के रूप में बंधक करा कर जमा करनी होगी, जिसे कार्य संतोषजनक होने पर वापस कर दिया जायेगा। पंजीकरण प्रमाण-पत्र के बिना निविदा निरस्त कर दी जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 16.11.2026 को प्राचार्य एवं उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख खोली जायेंगी।
नोट- बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय नाधाभूड़
सहसवान बदायूं (उ0प्र0)

सी.आर.-1698/D

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

12

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, सोमवार, 2 नवंबर, 2026

इजराइली विपक्षी नेता आइजनकोट ने गठबंधन की शर्तें रखीं

नेतन्याहू को सत्ता से हटाने की तैयारी



तेल अवीव। इजराइल में 27 अक्टूबर को हुए चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन को सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिला है। देश की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। वहीं, अरब पार्टियों के खाते में 19 सीटें आई हैं। गादी आइजनकोट की पार्टी याशार ने 21 सीटें जीतकर विपक्ष में सबसे ज्यादा सीटें हासिल की हैं। ऐसे में आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए चार शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वाय-नेट को मुताबिक, उन्होंने कहा कि जो भी सांसद और राजनीतिक दल इन शर्तों को मानने के लिए तैयार होंगे, उनके लिए गठबंधन सरकार में शामिल होने का रास्ता खुला रहेगा। आइजनकोट की पहली शर्त है कि इजराइल की पहचान एक यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और सभी को बराबर अधिकार देने वाले देश के रूप में बनी रहे। इसका मतलब है कि देश की सरकार यहूदी पहचान को बनाए रखने के साथ लोकतंत्र और नागरिकों की आजादी का भी सम्मान करे। दूसरी शर्त है कि नई सरकार 1948 में इजराइल की आजादी के समय तय किए गए सिद्धांतों का पालन करे। इनमें देश को यहूदी राज्य बनाने के साथ लोकतंत्र, आजादी, न्याय और सभी नागरिकों को बराबर अधिकार देने की बात शामिल है। तीसरी शर्त के तहत आइजनकोट चाहते हैं कि इजराइल के सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय या नागरिक सेवा करना जरूरी हो। यानी देश का हर नागरिक किसी न किसी रूप में देश की सेवा करे। यह मुद्दा इजराइल की राजनीति में लंबे समय से विवाद की वजह बना हुआ है।

ईरान ने किया दावा : वेंस के पत्र में बदला अमेरिका का रुख



तेहरान। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मोहसेन रेजाई ने कहा है कि उपराष्ट्रपति जेडी. वेंस के एक पत्र में अमेरिका का रुख पूरी तरह से बदल गया है। यह जानकारी अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार है। यह बयान इस राजनयिक पहल पर ईरान की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार यह कहते आ रहे हैं कि तेहरान बातचीत करना चाहता है। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी से बात करते हुए रेजाई ने कहा, 'उनका रुख पूरी तरह से बदल गया है, जो एक अच्छा संकेत है और दिखाता है कि हमारे लोगों ने जीत हासिल कर ली है।' रविवार को कतरी मध्यस्थों के जरिए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव रेजाई को वेंस का पत्र सौंपा गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस प्रस्ताव में वेंस के नेतृत्व में सीधी बातचीत की परिकल्पना की गई है, जिसमें शुरुआत से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम को चर्चा का हिस्सा बनाया जाएगा। इस बीच, 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि इस संदेश में शांति की कोई ठोस शर्तें नहीं, बल्कि बातचीत के लिए एक रूपरेखा' (फ्रेमवर्क) बताई गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह पत्र ट्रंप के निर्देश पर भेजा गया था। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'अल जजीरा' को बताया कि तेहरान ने पत्र का अध्ययन कर लिया है। बातचीत शुरू करने की वाशिंगटन की कोशिश को एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने आगे बताया कि मध्यस्थों के साथ चर्चा करने के लिए उनका एक सहयोगी दोहा गया था।

एच-1बी वीजाधारकों पर पाबंदियों से अमेरिकी को होगा भारी नुकसान

ह्यूस्टन। अमेरिका में चुनाव से पहले भारतीयों के खिलाफ बढ़ती बयानबाजी और आव्रजन संबंधी प्रस्तावित पाबंदियों पर चिंता जताते हुए गैर-लाभकारी संगठन



■ इंडियास्पोरा की चेतावनी

इंडियास्पोरा ने आगाह किया है कि एच-1बी वीजा धारकों को निशाना बनाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। संगठन ने भारतीय मूल के पेशेवरों को निशाना बनाने के राजनीतिक प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने कहा कि भारतीय मूल के पेशेवर स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इंडियास्पोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा, भारत के एच-1बी कर्मचारी अमेरिका को दुनिया में नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मददगार रहे हैं और उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अरबों डॉलर का योगदान दिया है। उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका असर बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक के समुदायों पर पड़ेगा। प्रवासी भारतीयों के इस संगठन ने प्रस्तावित नियामकीय उपायों पर भी चिंता जताई। इंडियास्पोरा ने कहा कि विदेशी पेशेवर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सक और शिक्षक, अमेरिका के उन इलाकों में कार्यबल की कमी दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जहां घरेलू स्तर पर तत्काल पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। इनमें मिसिसिपी डेल्टा जैसे संसाधनों की कमी वाले क्षेत्र भी शामिल हैं।

ट्रंप ने ईरान पर नेतन्याहू से की बात

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब वाशिंगटन ईरान के खिलाफ नए सिरे से सैन्य कार्रवाई की संभावनाओं का आकलन कर रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस बातचीत से परिचित सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह की शुरुआत में व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत हुई। इस बैठक में ट्रंप ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर विभिन्न रणनीतिक विकल्पों पर विचार कर रहा है।

मोजतबा के तेवर पर ट्रंप की चेतावनी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान में अमेरिका के पास अभी भी एक या दो ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना

■ कहा ईरान के एक-दो ठिकाने अभी बाकी हैं

बाकी है। इनमें एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर भी शामिल है। उनके इस बयान से संकेत मिले हैं कि ईरान में अमेरिका के सैन्य लक्ष्य अभी पूरी तरह पूरे नहीं हुए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल को नई चेतावनी दी है। उन्होंने ईरान की सेना को किसी भी दुश्मन के हमले का तुरंत और जोरदार जवाब देने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। शनिवार को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य ताकत और परमाणु कार्यक्रम को काफी कमजोर कर दिया है। हालांकि, अभी भी कुछ ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना बाकी है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, 'हमने उनके परमाणु सिस्टम को नष्ट कर दिया है। अभी भी एक या दो ऐसी जगहें हैं, जिन्हें हमें 'संभालना' है, लेकिन हम ऐसा 10 मिनट के भीतर कर सकते हैं।' उन्होंने खास तौर पर 'पिकएक्स माउंटेन' का जिक्र किया। यह ईरान की नतान्ज परमाणु सुविधा के पास स्थित एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को इसे भी निशाना बनाना होगा।

57,000 करोड़ कीक्रिप्टो चोरी में उत्तर कोरियाई हैकर्स का हाथ

एफबीआई की जांच में बड़ा दावा

न्यूयॉर्क। दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से कुछ ही मिनटों में अरबों डॉलर की डिजिटल करेंसी चोरी होने के मामले में अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। एफबीआई के मुताबिक, इस ऐतिहासिक साइबर चोरी के पीछे उत्तर कोरिया के हैकरों का हाथ है। एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नाम के एक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। यही समूह पिछले साल बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टोकरेंसी चोरी करने के मामले में भी शामिल था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंजों, ब्लॉकचेन एनालिटिक्स कंपनियों और अन्य संबंधित संस्थाओं से अपील की है कि वे चोरी की गई रकम से जुड़े विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों के लेनदेन को रोकें। इसका मकसद चोरी की रकम को दूसरी जगह भेजकर उसके मूल स्रोत को छिपाने और मनी लॉन्ड्रिंग करने से रोकना है। जांच एजेंसी के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से एथेरियम क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्तीय प्लेटफॉर्म और इंस्टेंट स्वैप सेवाओं के जरिए इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने की कोशिश कर सकते हैं।

जी-20: विदेश मंत्रियों की बैठक में नहीं बनी सहमति

अटलांटा। दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक वैश्विक सुरक्षा से जुड़े कई



■ रूस-यूक्रेन समेत कई मुद्दों पर मतभेद से संयुक्त बयान टला

अहम मुद्दों पर बिना किसी साझा सहमति के खत्म हो गई। रूस-यूक्रेन युद्ध समेत कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर देशों के बीच मतभेद बैठक के दौरान साफ नजर आए। इन मतभेदों का असर बैठक के नतीजों पर भी पड़ा। इसके चलते सदस्य देशों की ओर से कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया। इसके बजाय अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के अध्यक्ष की ओर से एक बयान जारी किया, जिसमें चर्चा के दौरान सामने आई प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया। इस बयान में किसी मुद्दे पर बनी सहमति या समझौते का जिक्र नहीं था। इसमें ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा से लेकर समुद्री रास्तों पर आवाजाही की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता बताया गया। बैठक के समापन पर पत्रकारों से बातचीत में रुबियो ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान को लेकर सभी देशों के बीच आम सहमति बनने की स्थिति नहीं है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि जी-20 के कुछ देश सप्लाई चेन और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। रुबियो ने शनिवार को भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ अलग से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने जी-20 के अंतिम सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य, लाल सागर, काला सागर और दक्षिण चीन सागर में समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता पर चर्चा हुई।

ट्रंप को झटका, वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि मुकदमा खारिज

मियामी। एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ अरबों डॉलर का मानहानि मुकदमा खारिज कर दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश डैरिन गेल्स ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने कहा कि ट्रंप यह साबित नहीं कर पाए कि प्रतिवादियों ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से मानहानिकारक बयान दिए थे। यह मुकदमा फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से ट्रंप के संबंधों पर एक खबर से जुड़ा था। जर्नल ने पिछले साल एक यौन रूप से उत्तेजक पत्र के बारे में खबर प्रकाशित की थी, जिस पर ट्रंप का नाम था। ट्रंप ने इसे 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक' बताया था। अदालत ने मुकदमे को 'बेबुनियाद' करार दिया, जो जर्नल की खोजी रिपोर्टिंग में खामियां 'गढ़ने' की कोशिश कर रहा था।

एक नज़र

नेपाल में ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता

भारी बर्फबारी के बीच सेना ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

काठमांडू। नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआई को इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था। स्थानीय गाइडों को आशंका है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी के कारण पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें खराब मौसम और पहाड़ी दर्रों में खतरनाक परिस्थितियों को देखते हुए आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने अपनी यात्रा जारी रखी। माना जा रहा है कि ऊंचाई वाले इलाके से लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

टैक्स देने में गड़बड़ी तो अमेरिका में रहना मुश्किल

ग्रीन कार्ड के लिए सख्त हुए नियम

वाशिंगटन। अमेरिका में बसने की चाहत रखने वालों को टैक्स नियमों का पालन करना होगा। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर नागरिकता आवेदन पर दिख सकता है। इसको लेकर इमिग्रेशन वकीलों ने चेतावनी जारी की है। यूएससीआईएस का 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (ग्रीन कार्ड पाने की प्रक्रिया) को लेकर अपनाया गया सख्त और विवेकाधीन रवैया, आवेदकों और कुछ मामलों में उनके वित्तीय प्रायोजकों को और अधिक गहन जांच के दायरे में लाता है। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर भविष्य में नागरिकता के आवेदनों पर भी पड़ सकता है। मई में अमेरिका के सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (एससीआईएस) की ओर से जारी एक नीतिगत ज्ञापन में 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (एओएस) की प्रक्रिया को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। यह वह प्रक्रिया है जिसके तहत अमेरिका में पहले से मौजूद पात्र विदेशी नागरिक स्थायी निवास के लिए अप्लाई करते हैं। अब इसमें बदलाव करते हुए इसे एक 'विवेकाधीन लाभ' माना जाएगा। इस नीति के तहत यूएससीआईएस अधिकारियों को यह तय करने के लिए सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर विचार करना होगा कि क्या आवेदक को मंजूरी दी जानी चाहिए या नहीं।

नवंबर में भारत आ सकते हैं नेपाल के पीएम बालेन शाह

नई दिल्ली। भारत-नेपाल के तनाव के बीच अच्छी खबर आ रही है। जल्द ही दोनों देशों के रिश्ते एक बार फिर पटरी पर आने वाले हैं। नवंबर के आखिरी में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की भारत यात्रा प्रस्तावित है। इससे पहले बालेन शाह की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा का एजेंडा तैयार करने के लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी के चार नवंबर को काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है। यह यात्रा कई महीनों के राजनयिक तनाव के बाद हो रही है। इसमें मिसरी की एक प्रस्तावित यात्रा का टल जाना और लिपुलेख को लेकर मतभेद जैसी घटनाएं शामिल हैं।

जापान के तट के पास 6.0 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो। जापान के मी प्रांत के तट के पास रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र भूकंप का केंद्र मी प्रांत की राजधानी त्सु से करीब 110 किलोमीटर दक्षिण में था। त्सु की आबादी 2.5 लाख से ज्यादा है। भूकंप समुद्र में जमीन से 352 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

'बोल्सोनारो की अमेरिका यात्रा में ट्रंप ने नहीं की कोई मदद'

अटलांटा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद देश छोड़कर अमेरिका पहुंचे फ्लावियो बोल्सोनारो की यात्रा में कोई मदद नहीं की थी। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के खिलाफ चुनाव हारने के बाद फ्लावियो बोल्सोनारो बुधवार को मियामी पहुंचे थे। इससे एक दिन पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि चुनाव में हार के बाद बोल्सोनारो और उनके परिवार को अमेरिकी वीजा दिया जाएगा। यह चुनाव कड़ा मुकाबला था और लैटिन अमेरिका में रूढ़िवादी दलों की चुनावी सफलता के रुझान से अलग रहा। जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अटलांटा पहुंचे रूबियो ने पत्रकारों से कहा, 'हमने किसी भी तरह की मदद नहीं की।' उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली थी कि वह अमेरिका पहुंच गए हैं। उनके पास पहले से वीजा था और राष्ट्रपति ने उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया।' रूबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सरकार उनकी यात्रा से जुड़े किसी भी कदम में सीधे तौर पर शामिल नहीं थी।

महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर मरियम नवाज के पति की आलोचना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के पति और पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद सफदर महिलाओं पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने एक रैली में 'मेरा शरीर, मेरी मर्जी' नारे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि कैंसर जैसी बीमारी होने पर महिलाएं इलाज के लिए धार्मिक विद्वानों से दुआ और पानी मांगती हैं। उनका वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर आलोचना हुई। मरियम नवाज ने भी उनकी टिप्पणी को 'दिल तोड़ने वाला' बताया। उनकी पोस्ट को पति के बयान पर अप्रत्यक्ष नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है।

नीदरलैंड के तट पर रबर की नाव में फंसे 38 लोगों को बचाया

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड के दक्षिणी तट पर शनिवार सुबह रबर की नाव में समुद्र के बीच फंसे 38 लोगों को तटरक्षक बल ने बचाया। नाव में इंजन नहीं था और कोई भी व्यक्ति लाइफ जैकेट नहीं पहने था। सैन्य पुलिस और तटरक्षक बल ने नाव को खींचकर किनारे पहुंचाया। अधिकारियों ने मानव तस्करी के संदेह में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। फिलहाल उनकी राष्ट्रीयता और प्रवास की स्थिति की जांच की जा रही है। अधिकारियों को यह भी पता नहीं है कि नाव कहां से आई थी और कहां जा रही थी।

लंदन में 'फलस्तीन एक्शन' का समर्थन 139 गिरफ्तार

लंदन। लंदन में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रतिबंधित 'फलस्तीन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे 139 लोगों को लंदन पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिरासत में लिए गए अधिकांश लोगों ने एक प्रतिबंधित संगठन का समर्थन किया था। 'डिफेंड आवर जूरीज' के अनुसार, जुलाई 2025 से प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर 4,000 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। ब्रिटेन सरकार ने पिछले साल 'फलस्तीन एक्शन' को आतंकवादी संगठन घोषित किया था, जिसके समर्थन पर 14 साल तक की जेल हो सकती है। शनिवार को लंदन में यह प्रदर्शन 4 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में समूह के आतंकवादी पदनाम के खिलाफ अपील से पहले हुआ। अगस्त में, अमेरिकी सरकार ने भी इस समूह पर प्रतिबंध लगाए थे।

तकनीक | पेंसिल जितना पतला है एक्स-59 प्रायोगिक सुपरसोनिक जेट

अमेरिका के आसमान में नासा का अद्भुत खासियतों का विमान



वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बेहद पतले और नुकीले 'एक्स-59' सुपरसोनिक प्रायोगिक विमान ने अपनी पहली उड़ान की पहली वर्षगांठ पर पूरे अमेरिका के ऊपर से उड़ान भरी। यह विमान कैलिफोर्निया से फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा पर निकला था। उड़ान के दौरान इसे देखने वाले लोगों ने इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो तेजी से वायरल हो गए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने भी एक्स पर वीडियो की सराहना करते हुए विमान के कैनेडी सेंटर पहुंचने की पुष्टि की। इस यात्रा के दौरान विमान के साथ एक एफ-15, एक एफ/ए-18 और एक गल्फस्ट्रीम सी-20 विमान एस्कॉर्ट के रूप में चल रहे थे।

एक साल में 12000 फीट से 56000 फीट तक का सफर- नासा एरोनॉटिक्स ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को अपनी पहली उड़ान भरने के बाद से एक्स-59 ने विमानन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। पहली उड़ान में यह विमान केवल 12,000 फीट की ऊंचाई और 230 मील प्रति घंटे की गति तक पहुंचा था तथा 67 मिनट हवा में रहा था। वहीं, ठीक एक साल बाद 28 अक्टूबर 2026 तक यह विमान 56,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई और मैक 1.53 यानी ध्वनि की गति से डेढ़ गुना अधिक की रफ्तार हासिल कर चुका है। अब तक यह कुल 41 परीक्षण उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें इसकी सबसे लंबी उड़ान 102 मिनट की रही है। नासा का एक्स-59 विमान 99.7 फीट लंबा और 29.5 फीट चौड़ा है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी पेंसिल जैसी लंबी और संकरी नोज है, जो विमान की कुल लंबाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा घेरती है। इस डिजाइन का मुख्य उद्देश्य ध्वनि की गति से तेज उड़ते समय पैदा होने वाली शॉक वेव्स को बिखरने से रोकना है, ताकि जमीन पर तेज सोनिक बूम सुनाई न दे। इसके अलावा, इसका इंजन ऊपर की तरफ लगाया गया है ताकि आवाज ऊपर की ओर जाए और निचला हिस्सा पूरी तरह चिकना रखा गया है।

बिना सामने वाली खिड़की के उड़ता है यह विमान- इस विमान का कॉकपिट बीच में स्थित है और इसमें सामने देखने के लिए कोई पारंपरिक शीशा या खिड़की नहीं है। पायलट आगे का दृश्य देखने के लिए नासा के खास एक्सटर्नल विजन सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और स्क्रीन लगे हैं।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089